

माँ कूष्मांडा

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

7



फिल्म थामा में कैमियो ...

■ वर्ष 29 अंक 273 डाक/नगर संस्करण ■ जबलपुर बुधवार 02 अप्रैल 2025 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00


# पटाखा फैक्ट्री में धमाका, मप्र के 18 मजदूरों की मौत

अहमदाबाद

गुजरात की एक पटाखा फैक्ट्री का बॉयलर फटने से मप्र के 18 मजदूरों की मौत हो गई। हादसा मंगलवार सुबह 8 बजे बनासकांठा के नजदीक डीसा में हुआ। 3 की हालत गंभीर है। वहीं, 5 मजदूर मामूली रूप से घायल हैं। कई मजदूर मलबे में दबे हैं। ऐसे में मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। सभी मजदूर हरदा जिले के हंडिया और देवास जिले के संदलपुर गांव के रहने वाले थे। मजदूरों की मौत की खबर से परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। सभी 2 दिन पहले ही मजदूरी के लिए गुजरात आए थे। विस्फोट के दौरान मजदूर पटाखा बनाने का काम कर रहे थे। धमाका इतना भीषण था कि कई मजदूरों के अंग 50 मीटर दूर तक बिखर गए। फैक्ट्री के पीछे खेत में भी कुछ मानव अंग मिले हैं। फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में 5 से 6 घंटे लगे। दीपक ट्रेडर्स नाम की यह पटाखा फैक्ट्री खूबचंद सिंधी की है। वह इस फैक्ट्री में विस्फोटक लाकर पटाखा बनवाते थे। हालांकि अब तक की जांच में पता चला है कि कंपनी मालिक के पास केवल पटाखे बेचने का लाइसेंस है, बनाने का नहीं। स्थानीय पुलिस आगे की जांच में जुटी है। इस हादसे में घायल विजय ने कहा, हम फैक्ट्री के अंदर काम कर रहे थे, तभी अचानक ब्लास्ट हुआ। हमें पता ही नहीं चला कि आखिर क्या हुआ था, बहुत तेज धमाका हुआ और हम बेहोश हो गए। जब मैंने अपनी आंखें खोलीं तो मेरे चारों ओर आग थी। हम झुलसी हालत में ही किसी तरह फैक्ट्री से बाहर भागे।



### सीएम ने दिया मदद का आश्वासन

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस घटना पर दुख जताया है। सीएम पटेल ने सोशल मीडिया पर लिखा, डिसा में पटाखा गोदाम में विस्फोट के कारण आग लगने और स्लैब गिरने से मजदूरों की मौत की घटना हृदय विदारक है। उन्होंने मृतकों के परिजन को 4-4 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की है। वहीं, एमपी के सीएम डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, श्रमिकों की असामयिक मृत्यु तथा गंभीर घायल होने का दुखद समाचार अत्यंत हृदयविदारक है।

### रोजगार देने में सरकार अक्षमः सिंघार

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा, सवाल सरकार से है कि हर दिन रोजगार का गाना गाने वाली सरकार इतनी अक्षम हो चुकी है कि मजदूरों को पलायन की आवश्यकता पड़ रही है, जिसमें उन्हें अपनी जान तक गंवानी पड़ रही है। इस मामले की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए और लापरवाही के दोषियों को चिह्नित करके उन्हें सजा मिले।

### जिले के अंदर एसपी कर सकेंगे डीएसपी का तबादला

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में जिले के अंदर बदलाव करने के लिए पुलिस विभाग में जिला अधिकारी को अधिकार दे दिए गए हैं। नई व्यवस्था में जिले के पुलिस अधीक्षक, जिलों के अंदर डीएसपी को भी इधर से उधर कर सकेंगे। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने प्रस्ताव तैयार कर गृह विभाग को मंजूरी के लिए भेज दिया है। अभी डीएसपी और एसडीओपी के स्थानांतरण के लिए पुलिस मुख्यालय मंजूरी अनिवार्य है। बता दें कि डीएसपी की नियुक्ति और स्थानांतरण अभी गृह विभाग ही करता है।

### दो मालगाड़ियों की आमने-सामने टक्कर, दो की मौत

**बोकारो।** झारखंड के साहिबगंज जिले में बरहेट एमजीआर लाइन पर रात लगभग 3 बजे दो मालगाड़ियां आपस में टकरा गईं। इस टक्कर में दो लोको पायलटों की जान चली गई और चार सीआईएसएफ जवान घायल हो गए। रेलवे लाइन पर ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया है। रेलवे विभाग ने हादसे की जांच शुरू कर दी है और यह जानने का प्रयास कर रहा है कि दोनों मालगाड़ियां एक ही ट्रैक पर कैसे पहुंच गईं।

### सिलेंडर ब्लास्ट, 8 लोगों की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले के पाथर प्रतिमा इलाके में सोमवार देर रात सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ था। हादसे में मरने वालों की संख्या मंगलवार को 8 हो गई। पहले यह आंकड़ा 7 था। अधिकारियों के मुताबिक मरने वालों में 4 बच्चे और 4 महिलाएं शामिल हैं। वहीं भाजपा विधायक और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यहां क्रूड बम बनाने की अवैध फैक्ट्री चल रही थी।

### 2000 के 98.21 प्रतिशत नोट ही वापस आए

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को कहा कि 2000 रुपये के 98.21 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं और केवल 6,366 करोड़ रुपये मूल्य के ऐसे नोट अब भी जनता के पास हैं। 19 मई, 2023 को भारतीय रिजर्व बैंक ने 2000 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी।

# वक्फ बिल की अग्निपरीक्षा आज

## आज दोपहर 12 बजे पेश होगा बिल, 8 घंटे होगी चर्चा

नई दिल्ली

कल लोकसभा में वक्फ (संशोधन) बिल पेश किया जाएगा। इस बिल की चर्चा लंबे समय से है और जैसे ही इसके लोकसभा में पेश करने की तारीख सामने आई देश के राजनीतिक गलियारों में गर्माहट आ गई। सरकार का कहना है कि यह बिल वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन और प्रशासन में सुधार लाने के उद्देश्य से लाया जा रहा है। वहीं तमाम विपक्षी दल इस बिल के विरोध में खड़े हो गए हैं। सरकार इस बिल को पारित कराने के लिए पूरी तरह से तैयार दिख रही है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सभी सहयोगी दलों से इस पर समर्थन मांगा है। इन सबके बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की नजर नीतीश और नायडू की पार्टी पर है। साथ ही साथ अब इस पूरे मसले में संसद के भीतर का नंबर गेम भी काफी महत्वपूर्ण हो गया है। वक्फ संशोधन बिल 2 अप्रैल को प्रश्नकाल के बाद दोपहर 12 बजे लोकसभा में पेश होगा। स्पीकर ओम बिरला ने इस पर 8 घंटे चर्चा का समय निर्धारित किया है। एनडीए को बहस में बोलने के लिए 4 घंटे 40 मिनट का समय मिला है।




बाकी के वक्त विपक्ष के नेता बोलेंगे। बिजनेस एडवाइजरी कमेटी ने इस बात की जानकारी दी। विपक्ष ने कहा कि चर्चा 12 घंटे होनी चाहिए। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बिल पर चर्चा का समय बढ़ाया जा सकता है। इसके बाद बिल लोकसभा में पास किया जाएगा। हालांकि, विपक्ष ने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक से वॉकआउट कर दिया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने सरकार पर अपने एजेंडे को थोपने और विपक्षी सदस्यों की बात नहीं सुनने का आरोप लगाया। लोकसभा में बहस के लिए भाजपा, कांग्रेस, जेडीयू, टीडीपी समेत पार्टियों ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी किया है। भाजपा ने व्हिप जारी कर अपने सांसदों को सदन में पूरे समय मौजूद रहने को कहा है। वहीं, कांग्रेस ने अपने सभी सांसदों को बजट सत्र के बाकी बचे तीनों दिन सदन में मौजूद रहने के लिए व्हिप जारी किया है।

### सदन में कैसा है नंबरगेम

लोकसभा में अकेले बीजेपी के पास बहुमत नहीं है लेकिन यहां एनडीए की स्थिति मजबूत है। इस बिल को पास करने के लिए साधारण बहुमत यानी 272 वोटों की जरूरत होगी। एनडीए के 293 सांसदों में से 240 बीजेपी के सांसद हैं। बीजेपी के अलावा तेलुगु देशम पार्टी के 16 सांसद, जनता दल (यूनाइटेड) यानी नीतीश कुमार की पार्टी के 16 सांसद, लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के 5 सांसद, दो राष्ट्रीय लोक दल के और सात शिवसेना के हैं। साथ ही कुछ और सांसदों का भी समर्थन है। बीजेपी को अपने सहयोगियों से पूरा समर्थन मिलने का भरोसा है। वहीं राज्यसभा में एनडीए के 115 सांसद हैं। इनमें बीजेपी के 98, जेडीयू के 4, टीडीपी के 2, एनसीपी के 3 और आरएलडी के एक सांसद शामिल हैं। मनोनीत सांसदों की संख्या 6 है और उसे जोड़ देने के बाद यह संख्या बढ़कर 121 हो जाती है। राज्यसभा की कुल संख्या 236 है और यहां बहुमत के लिए 119 सांसदों के समर्थन की जरूरत होगी। इस लिहाज से एनडीए की स्थिति मजबूत है। दोनों ही जगहों पर मोदी सरकार को दिक्कत नहीं आएगी लेकिन ऐसा तब होगा जब नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू की पार्टी मजबूती के साथ इस बिल पर सरकार के साथ डटी रहे।

### नेताओं के बयान




सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि समाजवादी पार्टी संशोधन के खिलाफ है। प्रशासन के गलत फैसले के कारण भारत की संस्कृति और भाईचारे के खिलाफ खाई पैदा की गई है। वह कहते थे कि हम तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे हैं, क्या भाजपा ईद पर किट बांटकर तुष्टीकरण नहीं कर रही है?



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हर अच्छे काम का विरोध होता है, इसी तरह वक्फ संशोधन विधेयक पर भी हंगामा हो रहा है, जो लोग इस मुद्दे पर हंगामा कर रहे हैं, मैं उनसे पूछना चाहता हूं क्या वक्फ बोर्ड ने मुसलमानों का कोई कल्याण किया है?



शिवसेना के राज्यसभा सांसद मिलिंद देवड़ा ने कहा है कि पिछले 75 साल से मुसलमानों को गुमराह करने के लिए फर्जी कहानियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। मुसलमान तुष्टिकरण नहीं, सशक्तीकरण चाहते हैं। इससे सबसे ज्यादा फायदा मुसलमानों को होगा।



एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने वक्फ संशोधन बिल को वक्फ बर्बाद बिल कहा है। सरकार का मकसद मुसलमानों से नफरत फैलाना और हिंदुत्व की विचारधारा लागू करना है। ओवैसी ने चंद्रबाबू नायडू से अपील की कि उन्हें सोच-समझकर फैसला लेना चाहिए।

# कंपनी बनाकर बसें चलवाएगी सरकार

## 7.5 लाख कर्मचारियों के भत्ते बढ़े

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के साढ़े सात लाख कर्मचारियों का परिवहन और गृह भाड़ा भत्ता 15 साल बाद बढ़ाया गया है। अब कर्मचारियों को 200 रुपए की जगह 384 रुपए परिवहन भत्ता दिया जाएगा। मंगलवार को मोहन कैबिनेट ने इसे मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही दिव्यांग कर्मचारियों का भत्ता भी 350 रुपए से बढ़ाकर 675 रुपए कर दिया है। इससे सरकार पर 1500 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा। वहीं, सरकार ने मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा को भी मंजूरी दे दी है। अब एक से दूसरे शहर और दूसरे राज्य तक सरकारी बसें चलाई जाएंगी। नगरीय विकास और आवास विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि कर्मचारियों को छठे वेतन आयोग से भत्ता मिलता था, जिसे सातवें वेतन आयोग से जोड़ा गया है। मोहन यादव कैबिनेट ने आज मुख्यमंत्री सुगम बस परिवहन सेवा को भी मंजूरी दे दी है। राज्य सरकार ने तय किया है कि सुगम परिवहन सेवा के तहत बसों का संचालन शुरू किया जाएगा। बस ऑपरेटर्स को इंगेज किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी तरह के नुकसान की संभावना न हो। एक होल्डिंग कंपनी बनाई जाएगी, जो पीपी मॉडल पर बसों का संचालन करेगी और उसका नियंत्रण होगा। कंपनी गठन के लिए 101 करोड़ रुपए दिए गए हैं, इसके बाद आगे राशि का इंतजाम किया जाएगा।



### सरदार पटेल बनना चाहते हैं अमित शाहः दिग्विजय

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में लंबे समय से सहकारी समितियों के चुनाव न कराए जाने का मुद्दा राज्यसभा में उठा है। पूर्व सीएम और कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने राज्यसभा में कहा- मप्र में सहकारी समितियों के चुनाव नहीं हो रहे हैं। नियमानुसार 5 साल में चुनाव कराए जाने चाहिए, लेकिन प्रशासक बिठा दिए गए हैं। दिग्विजय सिंह ने सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल की तरफ देखते हुए कहा- कम से कम आप इस बारे में सहकारिता मंत्री को बता दीजिए कि आप सहकारिता के मंत्री हैं तो राज्यों में सहकारिता की क्या हालत है। सहकारिता मंत्री अमित शाह, जो सरदार पटेल का दूसरा रूप बनना चाहते हैं। मप्र का अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक पर गबन की 12 बार शिकायत हुई, लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं हुई।



### बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार

# जिनके घर गिराए उन्हें 10-10 लाख का हर्जाना दो

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश समेत देशभर में बुलडोजर एक्शन को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त रवैया अपनाए हुए है। प्रयागराज में एक वकील, एक प्रोफेसर और तीन महिला याचिकाकर्ताओं के घरों को 2021 में बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि घर गिराने की प्रक्रिया असंवैधानिक थी। कोर्ट ने कहा कि घर ध्वस्त करने की ये मनमानी प्रक्रिया नागरिक अधिकारों का असंवेदनशील तरीके से हनन भी है। कोर्ट ने कहा कि यह हमारी अंतरात्मा को झकझोरता है और राइट टू शेल्टर नाम की भी कोई चीज होती है। इस सिलसिले में अदालत ने कहा कि नोटिस और अन्य समुचित प्रक्रिया नाम की भी कोई चीज होती है, जिसका पालन नहीं हुआ। कोर्ट ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण को आदेश दिया है कि पांचों पीड़ितों को 10-10 लाख रुपये का हर्जाना दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जिस तरह से तोड़फोड़ की गई, उस अमानवीय और गैरकानूनी कार्रवाई की वजह से मुआवजा लगाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तोड़फोड़ की कार्रवाई पूरी तरह से अवैध थी।



### आईआईटी कानपुर के साइंटिस्ट ने दी चेतावनी

# भारत में भी म्यांमार जैसे भूकंप का खतरा



कानपुर

सागाइंग फॉल्ट म्यांमार और बैंकॉक में बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाने वाले भूकंप का मूल कारण है। इस फॉल्ट को इंटरनेट पर मैप के माध्यम से आसानी से देखा जा सकता है। आईआईटी कानपुर के अर्थ साइंसेज विभाग के प्रोफेसर जावेद मलिक ने कहा कि सागाइंग फॉल्ट बहुत खतरनाक है। सिलीगुड़ी में गंगा-बंगाल फॉल्ट है। इन दोनों फॉल्टों के बीच कई अन्य फॉल्टलाइन हैं। ऐसी स्थिति में, यह संभावना खारिज नहीं की जा सकती है कि एक फॉल्ट के सक्रिय होने से दूसरा फॉल्ट भी सक्रिय हो सकता है। प्रोफेसर जावेद मलिक ने कहा कि सागाइंग एक बहुत पुराना फॉल्ट है। उत्तर पूर्व का शियर जोन अराकान से अंडमान और सुमात्रा तक के सबडक्शन जोन का एक हिस्सा है। सागाइंग फॉल्ट जमीन के ऊपर दिखाई देता है। जापानी और यूरोपीय विशेषज्ञों ने सागाइंग पर काम किया है। अध्ययनों से पता चलता है कि यहां भूकंपों की आवृत्ति 150-200 वर्ष है। यानी इतने साल में एक बार बड़ा भूकंप आता है। चीन ने भूकंप की तीव्रता 7.9 बताई है। चीनी आंकड़े अमेरिकी आंकड़ों की तुलना में अधिक विश्वसनीय लगते हैं।

### जोन-5 पर फोकस की जरूरत

प्रो. मलिक ने कहा कि हमें बड़े भूकंपों की प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिए। हिमालय में कई सक्रिय फॉल्ट लाइनें हैं। सभी ने फ्रंटल पार्ट्स पर काम किया है, लेकिन ऊपर भी फॉल्ट लाइनें हैं। हमें केवल प्लेट सीमा के आसपास भूकंप नहीं देखने चाहिए। उत्तर-पूर्व और कश्मीर जोन-5 में हैं। इस क्षेत्र में अधिक शोध की आवश्यकता है। हमें इस क्षेत्र में अधिक सावधानी बरतनी चाहिए और भूकंपों के प्रभाव को कम करने के लिए काम करना चाहिए।

### महत्वपूर्ण फॉल्ट जोन

- गंगा-बंगाल फॉल्ट- यह बहुत महत्वपूर्ण है और इसमें सागाइंग फॉल्ट जैसी गति है। यह फॉल्ट जोन सतह पर भी दिखाई देता है।
- डावकी, कोपली, डिब्रूचौतांग फॉल्ट जोन- ये गंगा-बंगाल और सागाइंग फॉल्ट के बीच स्थित हैं।
- सागाइंग फॉल्ट- यह एक सक्रिय फॉल्ट है जो म्यांमार में भूकंप का कारण बना। यह भारत के लिए एक संकेत हो सकता है।

# वो मेरा कच्चा चिट्ठा खोल रहे और तुम लोग सुन रहे हो

**नई दिल्ली।** दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में प्रदूषण पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की छठी रिपोर्ट पेश की। इस रिपोर्ट में वायु गुणवत्ता निगरानी में कमी, बेंजीन का स्तर निर्धारित सीमा से अधिक, सार्वजनिक परिवहन की कमी और उत्सर्जन जांच की असफलता का उल्लेख किया गया है। इसके अलावा पीयूसीसी जारी करने में अनियमितताएं, पुराने वाहनों का फिटनेस परीक्षण और अनधिकृत वाहनों का पंजीकरण भी उजागर हुआ है। इससे पहले दिल्ली विधानसभा में पांच कैग रिपोर्ट्स पर चर्चा हो चुकी है। मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 31 मार्च 2021 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार से संबंधित भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के दिल्ली में वाहन वायु प्रदूषण रोकथाम और शमन पर निष्पादन लेखा परीक्षा प्रतिवेदन की प्रतियां सदन पटल पर प्रस्तुत कीं। हालांकि दिल्ली विधानसभा में कैग रिपोर्ट और उसपर चर्चा के बीच आप नेताओं के वॉकआउट कर दिया। इसके बाद सदन की कार्यवाही साढ़े तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इसके बाद रिपोर्ट पर चर्चा की शुरुआत दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने की। इस दौरान विपक्ष के अनुपस्थित रहने पर उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा विपक्ष इसलिए नहीं आया, क्योंकि अरविंद केजरीवाल जी का फोन उन्हें आता है, जिसमें वे कहते हैं कि वो मेरे कच्चे चिट्ठे खोल रहे हैं और तुम लोग आराम से सुन रहे हो। मुझे अरविंद केजरीवाल के एक साथी ने बताया कि वो तो डिप्रेशन से ही बाहर नहीं आ पा रहे। सिरसा ने कहा कि मैं तो सुनकर चकित रह गया। केजरीवाल इतने डिप्रेशन में चले गए हैं कि उन्हें कभी तो पंजाब ले जाते हैं।

### कैग रिपोर्ट पर चर्चा में केजरीवाल पर सिरसा का वार




जबलपुर-भोपाल-अनूपपुर-शहडोल-उमरिया-कटनी-पन्ना-सतना-रीवा-सिंगरौली-सीधी-दमोह-सागर-नरसिंहपुर-सिवनी-छिन्दवाड़ा-बालाघाट-मण्डला-डिण्डौरी जिलों में प्रसारित

# हिंदू नववर्ष पर नगर में निकाली गयी भव्य चुनरी यात्रा

जयसिंहनगर (स्वतंत्रमत)

चौत्र शुक्ल प्रतिपदा नव-वर्ष एवं चौत्र नवरात्रि के अवसर पर 30 मार्च को भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेविका समिति के मातृ शक्तियों की अगुवाई में नगर में भव्य चुनरी यात्रा निकाली गयी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड जयसिंहनगर के सभी स्वयं सेवकों की उपस्थिति में चुनरी यात्रा का आयोजन जनकपुर रोड वार्ड क्रमांक 01 में विराजमान माँ दुर्गा मंदिर होते हुए शहडोल रोड से रीवा रोड होते हुए वार्ड नं. 06 में स्थित प्रसिद्ध माँ दुर्गा मंदिर तक निकाली गई। चुनरी यात्रा कार्यक्रम आयोजन के पश्चात् माँ दुर्गा मंदिर में चुनरी यात्रा कार्यक्रम में सम्मिलित सभी श्रद्धालुओं के द्वारा माता की महाआरती की गई तत्पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं




को संबोधित करते हुए जयसिंहनगर मण्डल अध्यक्ष जयश्री कचेर द्वारा सभी को हिन्दू नववर्ष व चौत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए सभी क्षेत्रवासियों को सदैव संगठित रहकर भव्यता के साथ शांति, समरसता व सभी को अखण्डता के सूत्र में एक करने वाले अपने प्रमुख सांस्कृतिक त्यौहारों को मनाने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम के दौरान जयसिंहनगर युवा विकास मंच की ओर से चुनरी यात्रा में पुष्प वर्षा एवम् जल आदि की व्यवस्था समाजसेवी हिमांशु गुप्ता व उनकी टीम द्वारा किया गया। यात्रा में मातृशक्ति राष्ट्रीय सेविका समिति, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व जयसिंहनगर युवा विकास मंच के दायित्ववान सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं नगरीय क्षेत्र के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ जनों ने ब?-च?कर हिस्सा लिया व भव्य चुनरी शोभा यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया।

### ये रहे उपस्थित

चुनरी यात्रा में मुख्य रूप से विभाग कार्य वाहिका रंजना शुक्ला, शहडोल नगर कार्यवाहिका, अर्चना जायसवाल, मंडल अध्यक्ष जयश्री कचेर, काजल गुप्ता, रोशनी गुप्ता, प्रीति गुप्ता, दीक्षा कचेर, मुस्कान कचेर, रविता पांडेय, दिव्या गुप्ता, अंजली गुप्ता एवं समस्त राष्ट्रसेविका समिति खंड जयसिंहनगर की दीदियां एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक खंड संघचालक राजेन्द्र शर्मा, अनिल केसरवानी, राजेन्द्र सेन, देवेन्द्र गुप्ता, राजेश गुप्ता, रमाकांत गुप्ता, शुभम केसरवानी सहित अनेक स्वयंसेवक व समाजसेवी उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण व प्लास्टिक उन्मूलन का दिया संदेश

शहडोल (स्वतंत्रमत)



पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन, पर्यावरण विभाग म.प्र. शासन, भोपाल पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली के तत्वावधान में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के तहत सतत् जीवन शैली कार्यशाला प्रतियोगिता एवं प्राकृतिक भ्रमण कार्यक्रम शासकीय कप्तान हाई स्कूल बु?ार में आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ देवेन्द्र श्रीवास्तव के आदेशानुसार यह कार्यक्रम 28 मार्च को कार्यक्रम प्रभारी कविता पयासी व नगर परिषद बु?ार साफ-सफाई स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर साक्षी सिंह राजपूत व दीपिका बर्मन की टीम के सहयोग से आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ देवेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि साक्षी सिंह राजपूत व उनकी टीम पर्यावरण संरक्षण व प्लास्टिक के उन्मूलन के लिए निरंतर जिले में कार्य कर रही है और मुद्दे की बात तो है कि हम सभी जानते है कि प्लास्टिक हमारे लिए एक कैंसर की तरह है। अगर प्लास्टिक का उपयोग कम नहीं किया गया तो हम सभी भली-भांति परिचित हैं कि आने वाले समय में सांस के लिए शुद्ध हवा भी हमारे पास नहीं होगी। यह सिर्फ किसी एक व्यक्ति का काम नहीं है, अपितु पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी को प्लास्टिक के उपयोग को कम कर उनके विकल्पों को ब?ावा देना चाहिए। बता दें कि इस कार्यक्रम में रियूज ऑफ प्लास्टिक के थीम को ध्यान में रखते हुए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम भी रखा गया जिसमें सभी बच्चों ने ब?-च? कर हिस्सा लिया। टेम्प्ट फाउंडेशन की सदस्य दीपिका बर्मन व समस्त शासकीय शिक्षिकाओं ने ईको ब्रिक्स की मदद से सेल्फी प्वाइंट व टेबल बनाया, वेस्ट आउट ऑफ बेस्ट के माध्यम से बच्चों ने नारियल के छिलकों का प्रयोग कर इग्लू व पेन स्टैंड सहित अन्य जरूरत की वस्तुएं बनाई। ईको ब्रिक्स बनाने के लिए दानेंद्र प्रताप, वैष्णवी, अजीजा, विशाखा सिंह, सेजल मिश्रा, रजनी, दीपिका बर्मन, साक्षी सिंह राजपूत, आयुषी जैन व उनकी टीम के सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# जल संरक्षण हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान का सफल आयोजन

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए ग्राम लाखो में जल गंगा संवर्धन अभियान सक्रिय रूप से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा चयनित आराध्या समाज सेवा संस्था ने स्पेक्टर क-1 ग्राम लाखो में उ. बोरियों का बंधान निर्माण किया। इस महत्वपूर्ण पहल में ग्राम लाखो प्रस्फुटन समिति के सदस्य, ब्लॉक समन्वयक गणेश राजपूत, आराध्या समाज सेवा संस्था के अध्यक्ष राजीव बर्मन और मेंटर प्रकाश राजपूत की



उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूर्व समय में कई कुएं और बावड़ियां वर्षभर जलयुक्त रहते थे, लेकिन उचित देखभाल के अभाव में ये विलुप्त हो गए। अब समय आ गया है कि इन पारंपरिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएं। जल गंगा संवर्धन अभियान को जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के लिए एक क्रांतिकारी पहल बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि इससे न केवल जल स्त्रोतों का पुनर्भरण होगा, बल्कि कृषि, स्वास्थ्य और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि रामसेतु डेम सहित अन्य जल संरचनाओं के संरक्षण हेतु भी अभियान चलाए जाएंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और जल संरक्षण अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

## मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

शहडोल (स्वतंत्रमत)

शासकीय इंदिरा गांधी गृह विज्ञान कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय शहडोल की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य एवं पूर्व कुलपति डॉक्टर मुकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में ग्राम कल्याणपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 25 मार्च से 31 मार्च तक किया गया। शिविर के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति अभियान, युवा संसद, बाल विवाह के दुष्परिणामों, योग स्वास्थ्य जागरूकता जैसे अनेक विभिन्न गतिविधियों में ब? च?कर हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सरोज बाला श्याम के द्वारा सप्ताह भर चले कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। और बताया की सात दिवसीय विशेष शिविर का थीम मेरा युवा भारत



एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा पर आधारित विशेषज्ञों ने बौद्धिक सत्र के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास साइबर सेल, नशा मुक्ति अभियान बाल विवाह के दुष्परिणाम जैसे विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों एवं अनुभवी व्यक्तियों ने स्वयं सेविकाओं का मार्गदर्शन किया। युवा संसद में छात्राओं की रुचि और जिज्ञासा दिखी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ.के.के. द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक के.के. मिश्र ने स्वयं सेविकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए नए संकल्प के साथ आगे ब?ने के लिए प्रेरित किया, उन्होंने कहा कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति की अपनी भूमिका होती है, राष्ट्र निर्माण में सभी स्वयंसेविकाएँ अपना अमूल्य योगदान दें। इस अवसर पर गोहपारू राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी वर्तमान में प्रभारी प्राचार्य बाणसागर डॉ.आर. के. माहोबिया भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में स्वयं सेविकाओं को देश, समाज और राष्ट्र के प्रति पूर्ण समर्पित एवं अनुशासित होकर सेवाभाव की भावना पर समझाइश दी और छात्राओं द्वारा मनाया गया सात दिवसीय शिविर दर्पण की सराहना की। कार्यक्रम का मंच संचालन संतोषी आर्मो के द्वारा किया गया। इस अवसर हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ.सुनीता सिंह मरकाम, रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. लाल सिंह बंजारा, प्रो. आर.एस. पासी एवं राधेश्याम नापित ने परियोजना कार्य की सराहना की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। निधि सिंह एवं स्वाति सोनवानी के नेतृत्व में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में सामूहिक करमा नृत्य प्रस्तुत किया। तत्पश्चात सात दिवसीय विशेष शिविर में प्रतिभागिता करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सहित शिविर में सहभागिता करने वाली स्वयं सेविकाएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर डॉ.एम.एल. चौहान ने कार्यक्रम की सफलता के लिए कार्यक्रम की संयोजक डॉ. सरोज बाला श्याम व छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएँ दिया। लीला चौहान सपरिवार समापन कार्यक्रम में उपस्थित रहीं और सभी स्वयंसेविकाओं को शुभकामनाएं दीं। संस्कृत महाविद्यालय के डॉ.भगत ने छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मंच संचालन की सराहना की।

# धान उपार्जन एवं मिलिंग के संबंध में जांच दल गठित

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** म.प्र. खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन तथा जिले में उपार्जन केन्द्रों से प्रदाय धान के सत्यापन ध्जांच हेतु दिशा-निर्देश जारी किये गए है। जारी निर्देश के परिपालन में कलेक्टर के निर्देशानुसार धान उपार्जन एवं मिलिंग के संबंध में जिले में जांच दल गठित किया गया है जिसमे रामबाबू देवांगन डिप्टी कलेक्टर अध्यक्ष, अम्भोज श्रीवास्तव (संयोजक) तथा शानू चैधरी एआरसीएस सदस्य अशोक राजपूत जिला प्रबंधक एमपीएससीएससी (सदस्य), एच.एल.मरावी जिला प्रबंधक एमपीडब्ल्यूएलसी सदस्य है, जिसमें खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में किसानों से समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान में से गोदामों में से पूर्ण धान जमा न होने एवं मिलर्स द्वारा उपार्जन केन्द्र से सीधे धान उठाव हेतु सीएसएमएस पोर्टल पर धान परिवहन में छोटे सीमित लोडिंग क्षमता के वाहनों का उपयोग, लंबी दूरी के गंतव्य के लिए वाहन द्वारा एक-दो दिन में कई फेरे लगाना, पोर्टल पर दर्ज वाहन अन्य राज्यों में कार्यरत पाया जाना, मिलिंग, सी.एम.आर. जमा में अनियमितता जैसी अनियमितताएँ प्रकरण प्रकाश में आई है, उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन एवं मिलिंग हेतु धान परिवहन के संबंध में निम्न बिन्दुओं पर जांच कराये जाने के निर्देश दिए गए है।

### स्कूलों का समय बदला, अब सुबह 7.30 से दोपहर 12 बजे तक लगेंगी कक्षाएँ

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया है। अब कक्षा पहली से बारहवीं तक की सभी शासकीय, अशासकीय और सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों का संचालन सुबह 7ः30 बजे से दोपहर 12ः00 बजे तक होगा। विगत दिनों शासकीय शिक्षक संगठन ने गर्मी के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए डिंडौरी कलेक्टर नेहा मारव्या सिंह को पत्र लिखकर स्कूलों का समय बदलने की मांग की थी। इस पर संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा केंद्र (सर्व शिक्षा अभियान) कार्यालय से आदेश जारी किया गया है।

# आंशु भारतीय पब्लिक स्कूल के छात्रों का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर स्टाफ व शिक्षकों ने दी बधाई

**ब्योहारी (स्वतंत्रमत)।** विकास खण्ड ब्योहारी एवं जयसिंहनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत समान (बुडवा) एवं बनसुकली के कई छात्रों नें जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा मे चयनित हुए है। जवाहर नवोदय विद्यालय मे चयनित होने वाले छात्र पांचवी तक की प?ाई आंशु भारतीय पब्लिक स्कूल में ए प्लस ग्रेड में उत्तीर्ण हुए है और नवोदय की परीक्षा मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफल होने वाले छात्रों मे से शिवांश वर्मा पिता स्व. शुभाष वर्मा, उदित नारायण सिंह बैस पिता फूल चंद्र बैस, पुष्पम सिंह पिता मथुरा सिंह, पियुष कुशवाहा पिता लवकुश कुशवाहा एवं विश्वास कुमार यादव पिता विनय कुमार यादव। उल्लेखनीय है आंशु भारतीय पब्लिक स्कूल के



संचालक उमेश चिंतामणि कुशवाहा नें चयनित छात्रों कि खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि हमारे विद्यालय के शिक्षको के अथक प्रयासों से हम सत्र 2024-25 तक मे कुल 31 छात्रों को जवाहर नवोदय विद्यालय भेज चुके है। आँगे भी हमारा प्रयास ज्ञानोदय, नवोदय, सैनिक स्कूल मे भेजनें का कार्य निरंतर जारी रहेगा। चयनित होने वाले छात्रों को सम्पूर्ण शिक्षको नें शुभकामनायें प्रेषित की है। बधाई देने वाले प्रमुख रुप से विद्यालय के प्रधानाध्यापक अतुल कुमार कुशवाहा, रितेश कुशवाहा, परीक्षा प्रभारी सुश्री सालनी कुशवाहा, सुश्री रिया गुप्ता, शिक्षक, शिक्षिका शिवांशु कुशवाहा, रूचि गुप्ता, सुधा कुशवाहा, रिंकी तिवारी, शैवी गुप्ता, संदीप कुशवाहा, सुश्री अंजना कुशवाहा, मेनिका मिश्रा, प्रतिमा तिवारी, संजीव बैस, रागनी गुप्ता, प्रतिभा बैस, मोनिका गुप्ता, पंकज साकेत, ममता सिंह एवं सभी शिक्षक स्टाप नें शुभकामनाये प्रेषित की है।

# विद्यालय में प्रवेश उत्सव का हुआ आयोजन

ब्योहारी (स्वतंत्रमत)

नये शिक्षण सत्र 2025-26 की शुरुआत 1 अप्रैल से स्कूल चले हम अभियान के तहत की जा रही है। अभियान के दौरान प्रदेश मे 1से 4 अप्रैल तक प्रतिदिन स्कूलों मे कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस संबंध मे स्कूल शिक्षा विभाग नें सभी जिला कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारियो को दिशा निर्देश जारी किये है। अभियान के दौरान सरकारी स्कूलों मे विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति मे स्कूलों मे प्रवेशउत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उसी तारतम्य मे आज 1



अप्रैल को ग्राम पंचायत भमरहा सेकंड मे स्थित हाई स्कूल एवं माध्यमिक स्कूल मे जनप्रतिनिधियों के उपस्थित मे प्रवेशउत्सव का कार्यक्रम आयोजित हुआ। स्कूल मे आने वाले सभी छात्र एवं छात्राओं का जनप्रतिनिधि और स्कूल के शिक्षको द्वारा टीका लगाकर स्वागत किया गया साथ ही उन्हें पुस्तकों का वितरण किया गया। ग्राम पंचायत भमरहा सेकंड मे स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय मे कुछ शिक्षक समय से न आकर लेट आये थे जिन्हे समय से स्कूल आने की समझाइस दी गयी।

# जनसुनवाई में प्राप्त 59 आवेदनों की हुई सुनवाई

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर मारव्या ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित 59 आवेदन प्रस्तुत किये गए जिनका त्वरित निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई। आज जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर रामबाबू देंवागन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में आज ग्राम पंचायत बुलदा मढ़ियाटोला के ग्रामीणों द्वारा आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि ग्राम पंचायत बुलदा पोषक ग्राम अमरपुर मढ़ियाटोला में पानी की समस्या के बारे में अवगत कराया और पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने उक्त आवेदन पर कार्यवाही करते हुए पेयजल समस्या का तत्काल निराकरण करने के लिए कार्यपालन यंत्री पीएचई को निर्देशित किए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत साम्हर के बैगानटोला के समस्त ग्रामवासी



ने बताया की ग्राम पंचायत साम्हर का बैगनटोला पूरा बैगा जनजाति का टोला है, बैगानटोला मे हमेशा पेयजल की समस्या बनी रहती है। गांव में दो हैंडपंप है लेकिन दोनों हैंडपंप की गहराई कम होने के कारण जलस्तर की समस्या आ जाती है जिसके कारण ग्रामवासियों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत चांदरानी विकासखंड समनापुर के आवेदक रामशंकर सिंह ने बताया कि उनके मोहल्ले में 1 किलोमीटर तक पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाता, उन्होनें पेयजल हेतु हैंडपंप खनन कराने की मांग की। आवेदक प्रीतम सिंह निवासी वार्ड क्र. 11, पुरानी डिंडोरी ने शासकीय नाला भूमि पर अतिक्रमण करने की शिकायत की है। शिकायत में बताया कि लाला सोनवानी द्वारा जेसीबी मशीन का उपयोग कर अवैध कब्जा किया गया है, जिससे नाले का प्राकृतिक प्रवाह बाधित हो रहा है। आवेदक ने अवैध कब्जे को हटाकर नाले की भूमि को मुक्त कराए जाने की मांग की है। ग्राम भालूचूहा निवासी आवेदक श्री उदय सिंह मरावी ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि 24 नवंबर 2024 को उसके घर में आग लग जाने से घरेलू सामग्री जल गई, जिसकी क्षतिपूर्ति हेतु मुआवजा राशि दिलाए जाने की मांग की है। आवेदक नीरज कुमार गुप्ता निवासी ग्राम अमेरा ने सड़क निर्माण कार्य से जुड़ी समस्या को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सड़क निर्माण कार्य के दौरान नाली का समुचित प्रबंधन नहीं किया गया। आवेदक ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण में तकनीकी खामियों को दूर कर उचित समाधान निकाला जाए, ताकि निवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया। साथ ही आवेदनों का निराकरण कर आवेदकों को सूचित करने को कहा। जनसुनवाई में आज राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित पेयजल, भूमि सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, उपचार सहायता आदि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए।

# समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा राणा सांगा को 'गद्दार' कहे जाने पर विरोध, ज्ञापन सौंपा



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा महाराणा सांगा को 'गद्दार' कहे जाने के विरोध में मंगलवार को राजपूत करणी सेना और वीर राठौर दुर्गा दास विकास समिति ने प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठनों के सदस्यों ने सांसद के बयान को ऐतिहासिक तथ्यों के विपरीत बताते हुए इसे राष्ट्रभक्तों का अपमान करार दिया। ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधियों ने कहा कि महाराणा सांगा भारतीय इतिहास के वीर योद्धा थे, जिन्होंने विदेशी आक्रमणकारियों के खिलाफ संघर्ष किया। ऐसे महापुरुष को गद्दार कहना अस्वीकार्य है। प्रदर्शनकारियों ने सांसद से अपने बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। साथ ही, प्रशासन से अनुरोध किया कि इस तरह के विवादित बयानों पर उचित कार्रवाई हो।प्रशासन ने ज्ञापन स्वीकार कर आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। इस बयान को लेकर क्षेत्र में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और विभिन्न संगठनों ने इसे निंदा योग्य बताया है।

# श्रीराम पर टिप्पणी से जॉय स्कूल में मचा बवाल

## संचालक ने सोशल मीडिया पर की विवादित टिप्पणी, गुस्साए हिन्दू संगठनों ने की तोड़फोड़








**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जॉय हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालक एक बार फिर सुर्खियों में आ गए है। इस बार स्कूल के संचालक अखिलेश मैबिन द्वारा भगवान श्री राम के ऊपर सोशल मीडिया पर अभ्रद टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। इस अभ्रद टिप्पणी के बाद हिंदूवादी संगठन भड़क गए। जिन्होंने स्कूल परिसर में घुसकर जमकर हंगामा और तोड़फोड़ कर डाली। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि स्कूल संचालक माफी मांगे। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन स्कूल संचालक के खिलाफ जब तक कार्रवाई नहीं करेगा तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। लगभग 3 घंटे बाद पुलिस की समझाइश और कार्रवाई के आश्वासन के बाद प्रदर्शन खत्म हुआ।

### ईसाई धर्मगुरु की पिटाई के बाद विवाद

दरअसल, सोमवार की दोपहर को धर्मांतरण की आशंका में हिंदूवादी संगठनों ने मंडला से भंवरताल पार्क से आए कुछ महिलाओं और बच्चों को रोककर उन्हें जबरन बस में बैठाया और फिर वापस भेजने लगे। इस दौरान कुछ हिंदूवादी संगठनों ने रांझी के पास बस में बैठे यात्रियों को उतारकर थाने पहुंचा दिया। लगभग 3 घंटे तक हंगामा चला। इसके बाद जब बातचीत करने के लिए ईसाई धर्मगुरु पहुंचे तो थाने में मौजूद लोगों ने उनके साथ मारपीट कर दी। स्कूल के संचालक अखिलेश मेबन ने थाने में हुए हंगामे का वीडियो अपने मोबाइल स्टेटस पर लिखते हुए। भगवान राम को लेकर टिप्पणी की थी। सोशल मीडिया के जरिए जब हिंदू संगठनों तक यह जानकारी पहुंची तो उन्होंने स्कूल पहुंचकर हंगामा किया।

### स्कूल के अंदर फेंका कीचड़

हिंदू संगठन के कार्यकर्ता स्कूल में कीचड़ लेकर पहुंचे। यहां पुलिस और स्कूल का स्टाफ तैनात था, तभी प्रदर्शनकारियों ने कीचड़ से भरी पॉलीथिन स्कूल के अंदर फेंकी, जिन्हें कि मौके पर तैनात पुलिस ने रोका तो उनकी वर्दी की कीचड़ से गंदी हो गई। प्रदर्शनकारियों ने स्कूल की दीवार पर भी कालिख पोतकर अपना विरोध जताया। हिंदू संगठन का कहना है कि सोशल मीडिया पर स्कूल के संचालक ने स्टेटस लगाया है, जिसमें उन्होंने भगवान राम को अपशब्द कहे है। जिसके विरोध में बजरंग दल प्रदर्शन कर रहा है।

### ईसाई समुदाय ने घेरा कप्तान कार्यालय



रांझी थाना परिसर के भीतर ईसाई समुदाय के फादर को पीटने के मामले में समुदाय के लोग मंगलवार को पुलिस कप्तान कार्यालय का घेराव करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लगातार 2 घंटे हंगामा किया गया। हंगामे की जानकारी मिलते ही ओमती सहित सिविल लाइन, बेलबाग की थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। ईसाई धर्म समुदाय के लोगों की मांग है कि जिन लोगों ने फादर के साथ मारपीट की थी उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए उन्हें तुरंत ही गिरफ्तार किया जाए। दरअलस सोमवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक यात्री बस को रोक कर रांझी थाने पहुंच गए। बस में क्रिश्चियन समाज के लोग थे हालांकि संगठन के कार्यकर्ताओं का आरोप था कि बस में मंडला के महाराजपुर से लाए आदिवासी लोग मिले है, जिन्हें धर्म परिवर्तन करवाने के लिए चोरी-छिपे यहां लाया गया था। बस को भंवरताल पार्क पर रोका गया था, जिसके बाद सभी यात्रियों को रांझी थाने ले जाया गया। हालांकि बस यात्रियों का कहना था कि वो अपनी मर्जी से आए थे। चर्चों के भ्रमण पर निकले थे। इसी दौरान बस के यात्रियों से थाने में मिलने आए फादर से मारपीट करने का आरोप लगाया गया है।



# पुलिसकर्मियों ने पीटा और मढ़ दिया झूठा प्रकरण !

**अधिवक्ताओं में आक्रोश, कप्तान से की कार्यवाही की मांग**

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** तिलवारा थाना क्षेत्र में विगत दिवस अधिवक्ता पारस जैन व उनके साथियों के साथ डायल 100 के पुलिस कर्मियों द्वारा अभद्रता कर मारपीट कर उल्टा प्रकरण दर्ज किये जाने से अधिवक्ताओं में आक्रोश है। पीड़ित अधिवक्ता व छात्रों का आरोप है कि वह नर्मदा दर्शन अस्पताल से अपने परिचित को देखकर लौट रहे थे, तभी मेडिकल कालेज के गेट के सामने पहुंचे पुलिस कर्मी जो कि शराब के नशे में थे, उनके साथ मारपीट की उसके बाद उन्हीं के खिलाफ थाने में झूठा प्रकरण दर्ज करा दिया। मंगलवार को हाईकोर्ट बार के सचिव परितोष त्रिवेदी, जिला बार एसोसियेशन के अध्यक्ष मनीष मिश्रा सहित अन्य हाईकोर्ट बार व जिला बार एसोसियेशन के साथ सैकड़ों अधिवक्ताओं ने एसपी सम्पत उपाध्याय से मुलाकात कर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिस कर्मियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

### बाइक के सामने अड़ाई एफआरव्ही

शिकायत में पीड़ित अधिवक्ता पारस जैन, छात्र मोक्ष जैन, हर्ष ठाकुर व देव जयसवाल ने बताया कि 28 व 29 मार्च की दरम्यिानी रात वह नर्मदा दर्शन कर अपेक्स अस्पताल में भर्ती रिश्तेदार शशि जैन का हालचाल जानकार वापस अपने घर लौट रहे थे। मेडिकल गेट के पास वह चाय पीने रूके उसी दौरान तिलवारा पुलिस की 100 डायल में पदस्थ आरक्षक वीरेन्द्र यादव, राहुल सोंधिया, महेन्द्र पटेल व वाहन चालक पहुंचे जो कि उनके साथ अभद्रता करने लगे। जैसे ही पुलिस कर्मियों ने गालीगलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की तो वह अपनी मोटर साइकिल से भागे, जैन मंदिर के पास 100 डायल के चालक ने उनकी बाइक सामने अपना वाहन अड़ा दिया। इसके बाद सभी पुलिस कर्मियों ने उनके साथ मारपीट की, इतना ही नहीं जब पीड़ित ने वकील होने का हवाला दिया तो पुलिस कर्मी उन्हें अपने साथ थाने ले गये, जहां उन्होंने खुद की वर्दी फाड़ ली। इतना ही नहीं जो वीडियो रिकार्डिंग उन्होंने अपने मोबाइलों पर की थी, उसे भी डिलीट करा दिया।

# शाला में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया की शासकीय माध्यमिक शाला पश्चिमी करियापाथर स्कूल में प्रवेश उत्सव शाला की प्रधान अध्यापिका छाया जैन की अध्यक्षता एवं बीआरसी आशीष श्रीवास्तव के मुख्यआतिथ्य में मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम बच्चों को तिलक लगाकर मिष्ठान वितरित कर उन्हें शासन द्वारा दी गई। नि:शुल्क पुस्तक वितरित की गयी। साथ ही सभी बच्चों को प्रतिदिन शाला आने के लिए प्रेरित किया गया और शासन द्वारा मुफ्त मिलने वालि सभी योजनाओं से बच्चों के साथ ही उनके पालकों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर रॉबर्ट मार्टिन, हरिश्चंद्र वर्मा, मोनिका सोनी, रामशंकर श्रृंगी, ममता श्रीवास्तव, पूजा सोनकर, के रत्नाकर, पदमा मालवीय, सीमा तिवारी, रिक्ता जेकब, अमिता केसरवानी, वंदना विश्वकर्मा, शबनम कुरैशी, राधा सोनकर, फरजाना बानो, रश्मि गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



# जनहित के आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करें

### जनसुनवाई में एडीएम ने दिए निकराकरण के निर्देश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड ने 103 आवेदकों की समस्या सुनते हुए समुचित निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनहित से संबंधित आवेदनों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें। साथ ही पिछली जनसुनवाई के आवेदनों की समीक्षा करते हुए समुचित निराकरण के निर्देश दिया। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 103 आवेदन दिये। जिसमें 77 नये आवेदन हैं तथा 26 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर नामांतरण, बंटवारा, अतिक्रमण, लाड़ली बहना के पैसे दिलाने, छात्रवृत्ति भुगतान, स्कूल से टीसी दिलाने, पानी, आर्थिक सहायता, पीएम किसान योजना में नाम जोड़ने, अभिलेख दुरूस्त करने, किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, शिक्षा, समग्र आईडी आदि से संबंधित आवेदन थे। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री गोंड ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित कि लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता में लेकर निराकरण करें।



# सम्राट अशोक ने विश्व में फहराया परचम

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** सम्राट अशोक ने भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, श्रीलंका आदि देशें के प्रवेश द्वार तुर्की फारस की खाड़ी और यूनान तक अपने राज्य का विस्तार कर अखंड भारत का परचम फहराया। विश्व को भारतीय संस्कृति तकनीक शिक्षा कला व कौशल का लोहा मनवाया। यह बात डॉ पुखराज नैणिवाल मुख्य नियंत्रक भारतीय खान ब्यूरो ने ग्राम पंचायत बेला में सम्राट अशोक की 2369वीं जयंती पर सम्राट अशोक की प्रतिमा के अनावरण पर कही।

# शराब के विवाद पर चाकू व ईट से हमला

### रांझी, गढ़ा और कोतवाली क्षेत्र में वारदात

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शराब के लिये रुपये न देने पर जहां रांझी क्षेत्र में एक असमाजिक तत्व ने एक युवक के सीने में चाकू घोंप दिया तो वहीं गढ़ा में युवक पर कड़े से हमला किया गया। तीसरी वारदात कोतवाली क्षेत्र में सामने आई जहां आरोपी ने रुपये न देने पर लस्सी वाले पर ईंट से हमला कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उन्हें विवेचना में लिया है। जानकारी अनुसार रांझी पुलिस ने बताया कि चंद्रमोहन नगर निवासी 21 वर्षीय करण सिंह परिहार पेंटिंग का काम करता है। शाम साढ़े चार बजे वह अपने घर से राशन का सामान लेने झण्डा चौक की ओर जा रहा था। मुंडी टोरिया कुंडा जलाशय के पास उसे रोहित मिश्रा मिला और शराब पीने के लिये पचास रुपये मांगने लगा। करण ने रुपये देने से मना किया तो रोहित ने चाकू से हमला कर उसके सीने में चोट पहुंचा दी। इसी प्रकार गढ़ा पुलिस ने बताया कि त्रिपुरी चौक कुम्हार मोहल्ला में अभिषेक उर्फ छोटू चक्रवती ने अपने बड़े पिता के लड़के से रुपयों की मांग करते हुए हाथ में पहने कड़े से हमला कर दिया।



**कोतवाली में भी मामला दर्ज:-** वहीं कोतवाली पुलिस ने बताया कि चेरीताल राजीवनगर निवासी 45 वर्षीय बसंत मालवीय शिवशंकर लस्सी भंडार के नाम से बेलबाग क्षेत्र में लस्सी का ठेला लगाता है। बीती देररात वह लस्सी बेचकर अपने घर जा रहा था। हरदौल मंदिर के पास उसे शरद यादव मिला, जो कि शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करने लगा। बसंत के रुपये देने से मना करने पर शरद यादव ने ईंट का टुकड़ा उठाकर बसंत पर हमला कर दिया। जिससे उसके कंधे पर चोट आ गई। तीनों मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# दरवाजा तोड़कर कीमती सामग्री चुरा ले गये चोर

### बेलबाग छुई मोहल्ले में वारदात, मामला दर्ज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बेलबाग थानातंर्गत छुई मोहल्ले के एक घर का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोर एलसीडी सहित अन्य कीमती सामग्री चुरा ले गये। जिस वक्त वारदात हुई उस वक्त महिला अपनी छोटी बेटी के साथ बड़ी बेटी की ससुराल गई हुई थी। पड़ोसियों से मिली सूचना पर पहुंची पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज करायी है। पुलिस ने बताया कि छुई मोहल्ला निवासी 55 वर्षीय सरला कश्यप 12 मार्च की शाम अपनी छोटी बेटी राखी केवट के साथ बड़ी बेटी रीना के घर रद्दी चौकी कुछ दिनों के लिये रहने गई थी। 19 मार्च को उनके पड़ोसी शम्भू जाट ने फोन पर सूचना दी कि आपके घर का दरवाजा टूटा हुआ है। जिस पर उन्होंने आकर देखा तो दरवाजा टूटा हुआए अंदर जाकर देखा तो गृहस्थी का सामान 1 एलजी कम्पनी की एलसीडी, 2 साउण्ड बाक्स एवं प्लेयर, गैस चूल्हा, गैस सिलेण्डर भारत कम्पनी का, सिलाई मशीन, एक मिक्सी, घरेलू बर्तन कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# संस्कृत महाविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों का महापौर ने किया सम्मान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नगर निगम द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के कुशल मार्गदर्शन में संचालित पं. लोकनाथ शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने शास्त्री (बीए), आचार्य (एमए) की परीक्षा में प्रदेश के प्रवीण्य सूची के टॉप 10 में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय और जबलपुर में ही नहीं पूरे मध्यप्रदेश में परचम फहराया है। मंगलवार को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज, सभी एमआईसी सदस्यों, पार्षदगणों, निगमायुक्त प्रीति यादव ने संस्कृत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएँ एवं बधाईयाँ दी है। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि निश्चित रूप से नगर निगम के लोकनाथ शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में उत्कृष्ठ अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है इसमें शिक्षा अधिकारी बीना वर्गीस, प्राचार्य डॉ. नर्मदा प्रसाद शर्मा, आचार्य परिवार से अजय शुक्ला, सपना बाथरे, शिखा भांगरे आदि का भी उल्लेखनीय योगदान रहा है।





# स्टेशन परिसर में युवक पर प्राण घातक हमला

### सिहोरा क्षेत्र में चाकूबाजी की अलग-अलग वारदातें

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन में दिनदहाड़े मोटरसाइकिल से आए 2 युवकों दूसरे युवक के पेट में चाकू घोंप दिया। हमला करने के बाद आरोपी तेजी से मोटरसाइकिल लेकर भाग गए। खून से लतफत युवक को ऑटो से सिहोरा अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गंभीर होने पर उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया। दिनदहाड़े स्टेशन परिसर पर हुई चाकू वाली किस घटना से हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक पनागर निवासी 28 वर्षीय रंजीत कुशवाहा सुबह हिोरा रेलवे स्टेशन पहुंचा था। कुछ देर बाद बुलेट से आए 2 युवक स्टेशन के पास पहुंचे और चाकू निकालकर रंजीत के पेट पर वार कर दिया। चाकू का हमला होते ही रंजीत जमीन पर गिर पड़ा और तड़पने लगा। उसके पेट से खून की धार फूट पड़ी। हमला करने के बाद दोनों आरोपी वाहन से फरार हो गए। स्टेशन परिसर पर खड़े ऑटो सवार युवकों ने तड़प रहे रंजीत को तत्काल ऑटो अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रंजीत की हालत गंभीर होने पर उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**अधेड़ के गले में घोंपा चाकू :-** इधर खितौला थाना अंतर्गत अलीनगर में अधेड़ के गले में चाकू मारने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने मोहम्मद सादिक निवासी खितौला पड़वार के गले पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल सादिक को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जहां उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर होने पर उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया।

# रादुविवि की कार्यप्रणाली से बढ़ी कॉलेजों की बदहाली

## बजट में करोड़ों का घाटा बताकर विभिन्न मदों से वसूल रहे शुल्क

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रानी दुर्गावती विवि में चहुंओर अराजकता का वातावरण निर्मित है, जहां विवि के आला-अधिकारी अपने बजट में 19 करोड़ के घाटे को कम करने का दावा कर रहे हैं, वहीं महाविद्यालय से विभिन्न मदों में शुल्क वसूला जा रहा है अगले सत्र 2025-26 का संबंधिता शुल्क प्रति छात्र के हिसाब से इसी वर्ष के वित्तीय अवधि में वसूल जा रहा है। पिछले वर्ष ही विवि ने अपना संबंधिता शुल्क 10 गुना बढ़ाया था कई कॉलेज तो अपना शुल्क तक जमा करने की स्थिति में नहीं होते जिन छात्रों ने अभी महाविद्यालय में प्रवेश ही नहीं लिया उनका शुल्क विवि अग्रिम ही वसूलता है इसी तरह निरन्तरता के नाम पर विभिन्न विभागों का शुल्क जैसे विवि के ग्रंथालय का शुल्क जिसका उपयोग महाविद्यालय के छात्र कभी नहीं करते हैं मजे की बात है मंडला, कटनी के छात्र क्या ग्रंथालय का उपयोग करने जबलपुर आयेंगे लेकिन विवि जबरन उनका भी ग्रंथालय शुल्क लेता है।

### शुल्क नहीं मिलने पर मान्यता पर अड़ंगा

महाविद्यालय के छात्र विवि के खेल मैदान जाते ही नहीं, यही नहीं सांस्कृतिक शुल्क जबकि युवा उत्सव आदि में महाविद्यालय अपने खर्च पर सहभागिता कराता है। हद तो तब है कि शुल्क देने के बाद भी विवि महाविद्यालय का निरीक्षण हर वर्ष करवाता है एवं उपरोक्त सुविधाओं के न होने पर मान्यता में भी समस्या पैदा करता है। जबकि ग्रंथालय खेल मैदान सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्र संघ, कौशल विकास आदि का शुल्क विश्वविद्यालय प्रति छात्र प्रति महाविद्यालय से वसूली करता है। जब यह शुल्क विश्वविद्यालय महाविद्यालय से वसूल रहा है तो यह सुविधा देने का कर्तव्य भी विवि. का होता है महाविद्यालय का नहीं इतना सब होने के बाद भी रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालय जैसे-तैसे शिक्षा के क्षेत्र में समाज सेवा के रूप में कार्य कर रहे हैं। छात्रों से शुल्क आए या ना आए, शासन से छात्रवृत्ति आए या ना आए, छात्रों को परीक्षा से वंचित नहीं करते हैं




परंतु विश्वविद्यालय ने फरमान जारी कर दिया कि उनका संबंधिता शुल्क 28 फरवरी तक पोर्टल के माध्यम से जमा होना चाहिए और यह सूचना महाविद्यालयों को 20 फरवरी को अग्रणी महाविद्यालय के व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से दी जाती है 27 फरवरी तक पोर्टल प्रारंभ नहीं होता संपर्क करने पर विवि. के विभाग द्वारा प्रति महाविद्यालय का अलग से शुल्क निर्धारण कर पोर्टल पर अंकित कराया जाता है। कई महाविद्यालय ऐसे हैं जिनके पास ऑनलाइन की सुविधा नहीं है वह एमपी ऑनलाइन कियोस्क संचालक पर निर्भर हैं। विवि. में संबंधिता शुल्क केवल एमपी ऑनलाइन के माध्यम से लेने का फरमान जारी किया जाता है।

### उच्च शिक्षा विभाग पर थोप रहे वसूली

अब महाविद्यालय को शुल्क के जमा करने पहले एमपी ऑनलाइन कियोस्क संचालक को शुल्क भुगतान करना होता है फिर एमपी ऑनलाइन कियोस्क संचालक उस शुल्क को विश्वविद्यालय के एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जमा करता है इस सारी प्रक्रिया में कम से कम 48 घंटे लगते हैं जबकि विश्वविद्यालय द्वारा 27 फरवरी तक पोर्टल नहीं खोला जाता ऐसे में कई महाविद्यालय द्वारा फीस तय समय पर जमा नहीं की जाती तो विश्वविद्यालय से संपर्क करने पर आला अधिकारियों का कहना रहता है कि विश्वविद्यालय की फीस ऑनलाइन माध्यम से होगी और नहीं तो 25 प्रतिशत अधिभार लिया जाएगा। इस वसूली के लिए उच्च शिक्षा विभाग को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं जबकि पिछले वर्ष तक यह नहीं था रादुविवि जहां ए ग्रेड पाने के लिए अपना इतिहास रचता है वहीं पर ना तो परीक्षाएं सुचारू रूप से करा रहे हैं, आए दिन परीक्षाओं के पेपर स्थगित होते हैं छात्रों के प्रवेश पत्र तय समय में जारी नहीं होते परीक्षाओं के फॉर्म तय समय में नहीं भरे जाते हैं परीक्षा की तिथि निर्धारित हो जाती है और परीक्षा केंद्रों की जानकारी छात्रों तक पोर्टल के माध्यम से समय पर नहीं पहुंचती टाइम टेबल तक समय पर छात्रों को प्राप्त नहीं होता। जिससे कई छात्र परीक्षा देने से वंचित रह जाते हैं विश्वविद्यालय जहां अपनी सारी प्रक्रिया ऑनलाइन करने का दावा करती है वहीं उनका ऑनलाइन का सिस्टम बिल्कुल भी व्यवस्थित नहीं है ऑफलाइन माध्यम ज्यादा उचित था।

### केवल नामामात्र का रह गया ए ग्रेड विवि

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेश वर्मा को ध्यान देना चाहिए नहीं तो ऐसे ए ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय का कोई औचित्य नहीं है वही पीएचडी प्रवेश परीक्षा का टाइम टेबल घोषित किया जाता है फिर उसमें परिवर्तन किया जाता है फिर पोर्टल में उसकी कोई जानकारी नहीं होती है ना तो रिसर्च सेंटर की जानकारी होती है ना तो गाइडलाइनों की जानकारी होती है ना तो विषयों की जानकारी होती है। ए ग्रेड विश्वविद्यालय की वेबसाइट से ही उस विश्वविद्यालय के बारे में संपूर्ण जानकारी एक क्लिक में प्राप्त होना चाहिए लेकिन रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय केवल नाम का ए ग्रेड विश्वविद्यालय रह गया है। यहां पर कोई भी ऐसी सुविधा नहीं है जो ए ग्रेड विश्वविद्यालय में होना चाहिए विधानसभा में भी विश्वविद्यालय से संबंधित इन समस्याओं के लिए प्रश्न पूछे गए हैं इन सबके बाद भी यह के जिम्मेदार अधिकारियों के कान में जु तक नहीं रेंगती।

## विधायक बांधवगढ़, कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत की उपस्थिति में

# जिला स्तरीय स्कूल चलें हम अभियान की शुरूआत

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

बच्चे देश की तकदीर एवं तस्वीर है, शिक्षक एवं समाज इन्हें सजाये एवं संवारे। पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी ने शिक्षा का लोक व्यापीकरण करते हुए स्कूल चले हम अभियान प्रारंभ किया था। जिसका उददेश्य हर उस बच्चे को जो स्कूल जाने योग्य है, की शिक्षा कि समुचित व्यवस्था करना , उसके भविष्य को सजाना एवं संवारना तथा देश की उन्नति में सहभागी बनाना है। शिक्षक, समाज तथा अभिभावक समन्वित प्रयास करके बच्चों को पढाने तथा उन्हे आगें ब?ने का संकल्प लें जिससे उनकी प्रतिभा निखरकर सामने आए। यह विचार बांधवगढ विधायक शिवनारायण सिंह ने मंगलवार 1 अप्रैल को पीएम श्री शासकीय बालक उमावि कालरी में स्कूल चले हम अभियान के तहत आयोजित जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।



कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि गुणवत्ता युक्त शिक्षा जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, शिक्षक एवं समाज हर बच्चे को स्कूल अवश्य भेजे ।शिक्षक स्कूल क्षेत्र में आने वाले ग्रामों में घर घर भ्रमण कर बच्चों को प्रवेश दिलाएं। आपने कहा कि स्कूल चले हम अभियान यह प्रथम दिन है। यह अभियान चार दिवसीय होगा। दूसरे दिन स्कूल में भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा खिलाडी स्कूलों में पहुंचकर अपना अनुभव देंगे तथा स्कूल के विकास के लिए यथा संभव दान करेंगे। तीसरे दिन स्कूलों में खेल कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। चौथे दिन हार के आगे जीत कार्यक्रम के तहत परीक्षा में असफल बच्चों को प्रेरित कर उन्हें शिक्षा से जोडने के प्रयास किये जाऐगे।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि जीवन एवं व्यक्तित्व का विकास शिक्षा से ही संभव है। सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से प्रदेश सरकार व्दारा विद्यार्थियों को हर संभव सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। जिसमें निशुल्क पाठ्य पुस्तक, मध्यान्ह भोजन, गणवेश, सायकिल, छात्रावास, आश्रम, शिष्यवृत्ति आदि शामिल है। आपने कहा कि कोई बच्चा स्कूल में प्रवेश से वंचित नही रहें यह जवाबदारी हम सबकी है । हम सबकों इसे पूर्ण समर्पण भाव से निभाना होगा।

जिला शिक्षा अधिकारी आर एस मरावी ने कहा कि स्कूल चले हम अभियान प्रवेश उत्सव का जिले भर मे व्यापक प्रचार प्रसार किया गया है। पूरे जिले में संचालित स्कूलों में यह उत्सव मनाया जा रहा है। शासन व्दारा विद्यार्थियों के लिए 32 प्रकार की छात्रवृत्ति, स्कूटी प्रदाय, लैपटाप प्रदाय करनें की भी योजना है। आधुनिक शिक्षा से जोडने के लिए कम्प्यूटर लैब तथा स्मार्ट क्लास भी संचालित की जा रही है।

इसके पूर्व अतिथियों के साथ कक्षा 1 शासकीय प्राथमिक शाला छटन कैंप में प्रवेश लेने वाले धर्मवीर ने दीप प्रज्ज वलन कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया। विधायक बांधवगढ शिवनारायण, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह तथा अन्य अतिथियो ने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक एवं रोली लगाकर तथा पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। विद्यार्थियों ने भी गुलाब का फूल भेंटकर अतिथियों का सम्मान किया। साथ ही बच्चों को पाठ्य पुस्तकों के सेट भी प्रदाय किये गये। इस अवसर पर डीपीसी संजय सिंह बघेल, डाइट प्रचार्य, समस्त सहायक संचालक ,शिक्षा धनुषधारी सिंह, चंद्रप्रकाष दुबे, पठारी सरपंच गोविंद प्रसाद गौतम, पार्षद संजय पांडेय, राजू कोल, राजा तिवारी, हरी गुप्ता, संतोष सिंह, प्रदीप गहलोत, बीआरसी विनय चतुर्वेदी, विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षक, विद्यार्थी, पत्रकार उपस्थित रहे।

# रेत माफियाओं के हौसले बुलंद, जब्त ट्रैक्टर को लेकर भागे..!

### वन विभाग ने कराई पुलिस में शिकायत दर्ज



उमरिया (स्वतंत्रमत)। जंगलों से लगातार अवैध रेत उत्खनन और परिवहन की शिकायतें आ रही हैं लेकिन विभाग के ही कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से रेत का उत्खनन और परिवहन जोरो से हो रहा है..! जंगलों के अंदर अवैध रेत के उत्खनन होने के कारण खनिज विभाग कार्यवाही नहीं कर पा रहा हैं जिसका फायदा असामाजिक तत्व और खनन माफिया लगातार उठा रहे है जिसे जिम्मेदार वन विभाग के कर्मचारी रोकने में असमर्थ हैं और जिसे कभी कभार पकड़ते भी हैं तो उनसे छुड़ा के भाग जाते हैं..!

जिले में सोमवार 31 मार्च की रात को अवैध रेत खनन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली को वन विभाग की ओर जब्त किया गया। लेकिन आरोपी धोखे से ट्रैक्टर-ट्राली को लेकर फरार हो गया। सोमवार शाम को वन परिक्षेत्र चंदिया के बीट धतूरा के आरएफ 12 में अवैध रेत उत्खनन की सूचना मिली। सूचना पर परिक्षेत्र सहायक चंदिया की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने मौके से अवैध खनन में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्राली को जब्त कर लिया। परिक्षेत्र सहायक सीपी पांडेय ने बताया कि वाहन मालिक सौरभसिंह धतुरा का निवासी है। उसने परिक्षेत्र कार्यालय ले जाने का बहाना बनाया। इसी दौरान वह ट्रैक्टर-ट्राली लेकर मौके से फरार हो गया। वन विभाग ने इस मामले में थाना चंदिया में शिकायत दर्ज कराई है। विभाग की टीम वाहन की तलाश कर रही है। साथ ही पीओआर की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

### इन्होंने क्या

इस मामले का संज्ञान लेकर जांच के आदेश दिए गए हैं। उपवन मंडल अधिकारी जांच के बाद आगे की कार्रवाई करेंगे।

**- विवेक सिंह, डीएफओ**

## अंबेडकर जयंती को लेकर 3 अप्रैल को भाजपा की बैठक : आशुतोष अग्रवाल

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** भाजपा संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर 3 अप्रैल को भाजपा कि बैठक में 6 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने किया। बैठक मे विधायक ड़िला बैठक - अपेक्षित श्रेणी मण्डल अध्यक्ष,पूर्व ड़िलाध्यक्ष, ड़िला पदाधिकारी तथा इसके ऊपर के सभी दायित्ववान, सांसद, विधायक,पूर्व सांसद, पूर्व विधायक ,मोर्चों के ड़िला अध्यक्ष व महामंत्री एवम् इसके ऊपर के दायित्ववान, नगर पालिका/नगर परिषद/ड़िला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष/जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष प्रमुख रूप से मौजूद रहे। आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा के हर बूथ और शक्ति केंद्र को लेकर जनता, समाज और संगठनों से संवाद करना है। इसकी आवश्यकता के बारे में जानकारी देना है। 6 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती को भी हर बूथ और शक्ति केंद्र पर धूमधाम से मनाना है।



## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सिंचाई जलाशय कोइलारी में किया गया श्रमदान

### आज तुम जल बचाओ, कल वह तुम्हे बचायेंगे

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जल का संरक्षण भविष्य का संरक्षण है आज तुम जल बचाओ, कल वह तुम्हे बचायेगा। यह बात मंगलवार 1 अप्रैल को कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने प्रदेश सरकार व्दारा चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संसाधन विभाग व्दारा बनाये गये कोइलारी जलाशय में आयोजित श्रमदान के अवसर पर कही। जिले में लगातार जल संरचनाओं के संरक्षण, संवर्धन एवं उन्हें पुर्नजीवन देने का कार्य किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में कोइलारी जलाशय में प्रात: काल श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्थानीय लोगों, जल संसाधन विभाग का अमला, कार्यपालन यंत्री लोक स्वा0 यांत्रिकीय एचएस धुर्वे, उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी, सरपंच दुर्गी बाई, सेंट जेवियर्स स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षक, समाजसेवी शिशुपाल सहित सैकडो लोगो ने भाग लिया। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन एस.के. ठाकुर ने बताया कि कोइलारी जलाशय का निर्माण वर्ष 1967 में किया गया था जिसकी जल संग्रहण क्षमता 0.44 मिलियन क्यूविक लीटर है। सिंचाई क्षमता 91 हे0 है। इस जलाशय से चंदवार एवं कोइलारी गांव के किसानों के खेत में सिंचाई हेतु पानी पहुंचाया जा रहा है। उन्होने बताया कि जल संसाधन विभाग व्दारा 25 सिंचाई परियोजनाओं में श्रमदान के कार्यक्रम आयोजित किए जायेगे जिसमें बांधवगढ विधानसभा क्षेत्र में 15 तथा मानपुर विधानसभा क्षेत्र के 10 सिंचाई परियोजना शामिल है।

## सालाना 68वां उर्स की बैठक संपन्न, उर्स 25 अप्रैल को

**हटा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हजरत मलंग शाह वली औलिया रहमतुल्ला अलेह किले वाले बाबा साहब बस स्टैंड का सालाना 68वॉ उर्स 25 अप्रैल को मनाए जाने हेतु बैठक दरगाह प्रांगण में रखी गई जिसमें निर्णय लिया गया कि उर्स में हिंदुस्तान की मशहूर फनकार नौशाद अली मुंबई महाराष्ट्र कव्वाल एवं मोहतरमा गुलनाज साबरी आगरा उत्तर प्रदेश कब्बाला के बीच जंगी मुकाबला होगा। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष आदित्यवर्धन से हजारी, राजेश पटेरिया, रशीद अहमद सिद्दीकी, छोटू मिस्त्री, साधु पठान, बाबा बैजनाथ, मोटू मिस्त्री अज्जू हसन, विनोद गुप्ता, फारूक बाबा, सलीम सेठ, मुबीन पठान, मुस्ताक खान, जावेद मासाब, शोभा सुभाष चौरसिया, अमजद खान सहित सैकड़ों कमेटी के सदस्य मौजूद रहे उर्स 25 अप्रैल को संपन्न होगा।

# सेवा भारती द्वारा नि:शुल्क बालक छात्रावास का किया गया शुभारंभ

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** सोमवार 31 मार्च को सेवा भारती उमरिया के द्वारा सेवा भारती कार्यालय में बने भवन में 20 विस्तरीय छात्रावास का शुभारंभ किया गया। मुख्य वक्ता प्रांत संगठन मंत्री महेश जी भाई साहब रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलेश्वर जी मिश्रा जिला संघचालक रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में मां भारती के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर की गई, उसके पश्चात अतिथियों का स्वागत औषधि पौधों जिसमें मुख्यत: सतावर, मौलश्री, कालमेघ, गुडमार से स्वागत किया गया। स्वागत की क?ी के पश्चात आए हुए अतिथियों का उद्बोधन दिया गया जिसमें सर्वप्रथम सेवा भारती के अध्यक्ष डॉ संदीप सिंह द्वारा सेवा भारती उमरिया के कार्यों पर प्रकाश डाला गया और बताया गया कि उमरिया जिले में 4 नि:शुल्क कोचिंग संस्थान संचालित किए जा रहे है जिसमे 80 से ज्यादा बच्चे ब?ते है और जिले में 4 भजन मंडलियों के द्वारा प्रत्येक सप्ताह में भजन किया जाता है, साथ ही विगत दिनों में उमरिया नगर के ज्वालामुखी बस्ती और रमपुरी बस्ती में नि:शुल्क स्वास्थ शिवरों का आयोजन किया गया है और संघ कार्यालय उमरिया में एक वृहद स्वास्थ शिविर भी लगाई गई जिसमें लगभग 400 मरीजों का नि:शुल्क उपचार भी किया गया है। स्वाबलंबन के क्षेत्र में 10 फार्मासिस्टों को प्रशिक्षण दे कर मेडिकल स्टोर प्रारंभ कराया गया, साथ ही सेवा भारती के अध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि आगामी दिनों में भी सेवा भारती के जो कार्य क्षेत्र है जिसके शिक्षा, स्वाबलंबन, संस्कार, स्वास्थ्य पर योजना बनाकर वृहद कार्य किया जाएगा। इसके पश्चात जिला संघचालक कमलेश्वर मिश्रा द्वारा बताया गया कि सेवा भारती उमरिया के द्वारा जिले में जो भी कार्य किए जा रहे है वह सराहनीय है और आगामी दिनों में बस्ती में भी सेवा का कार्य किया जाए और संघ ने जो पंच प्रण दिए है जिसमें स्वदेशी,पर्यावरण,कुटुंब प्रबोधन,सामाजिक समरसता,नागरिक कर्तव्य है इन सभी में सेवा भारती भी अपनी सहभागिता दे और बेहतर कार्य करे। इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रांत संगठन मंत्री महेश जी भाई साहब ने सेवा भारती के जो प्रमुख कार्य है उनको वृहद रूप से बताया गया जिसमें उन्होंने सेवा भारती की जरूरत क्यों आई और संघ में सेवा विभाग है तो फिर सेवा भारती क्यों बनाया गया इस विषय की सम्पूर्ण जानकारी दी गईं। भाई साहब के द्वारा समाज में रह रहे वंचित, उपेक्षित वर्गों में विशेष कार्य करने का आग्रह किया गया, उन्होंने बताया कि सेवा दो प्रकार की होती है जीवन रखक्षण की सेवा और जीवन निर्माण की सेवा भारती जीवन निर्माण का कार्य करती है, सेवा भारती 1995 से सेवा क्षेत्र में कार्य कर रही है। और देश हर में लगभग तब 15000 की संख्या में सेवा के स्थाई कार्य चलाए गए। सभी अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात कार्यक्रम का आभार सेवा भारती के कोषाध्यक्ष योगेश अग्रवाल जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन सेवा भारती के सचिव अखिलेश त्रिपाठी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आए हुए समस्त अतिथि और स्वयं सेवक की उपस्थिति में सेवा भारती के छात्रावास का फीता खोलकर शुभारंभ किया गया और सभी अतिथियों के द्वारा छात्रावास का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम में प्रान्त मुख्य मार्ग प्रमुख श्री अजय दास जी, विभाग कार्यवाह श्री रविंद्र पटेल जी, विभाग प्रचार प्रसार प्रमुख डॉ ब्रजेश शर्मा जी, विभाग मुख्य मार्ग प्रमुख श्री रवि सिंह, जिला प्रचारक श्री हरिनारायण जी भाईसाहब, मान सिंह, धनुषधारी सिंह, संतोष गुप्ता, पत्रकार कौसल विश्कर्मा, के जी पाण्डेय, हॉस्टल अधीक्षक गुलाब सिंह, कमलेश पाण्डेय, राजेंद्र मिश्रा, सेवा भारती के उपाध्यक्ष तरुण सिंह, कोषाध्यक्ष योगेश अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष विष्णु पटीदार, सिविल सर्जन डॉ केसी सोनी, गणेश तिवारी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थिति रहे।



# थ्रेसर में फंसने से महिला की मौत



उमरिया (स्वतंत्रमत)।

नौरोजाबाद थाना अंतर्गत ग्राम बुड़हान रामपुर में एक दर्दनाक हादसे में महिला की मौत हो गई। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार जानकारी अनुसार ग्राम नरवार निवासी महिला फूल बाई पति स्व तम्मा बैगा उम्र करीब 40 वर्ष मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे नरवार निवासी कृषक खेत पर थ्रेसर की मदद से चना गाहने का काम करा रहा था। इसी दौरान लापरवाही वश महिला थ्रेसर की चपेट में आ गई और गम्भीर रूप से घायल हो गई। इस दर्दनाक हादसे में महिला का हाथ शरीर से अलग हो गया है, वही कमर से ऊपर का शारीरिक भाग गम्भीर रूप से चोटिल हुआ। घटना के बाद आनन-फानन में थ्रेसर मालिक ने मानवीयता का परिचय देते हुए ऑटो की मदद से घायल महिला को अस्पताल भेजा, परन्तु दुर्भाग्य से महिला की मौत रास्ते मे हो गई। महिला की मौत के बाद मृतिका को वापस गांव ले आया गया। मृतिका के पति दम्मा बैगा का पूर्व में ही देहांत हो गया था, जिसके बाद मृतिका मजदूरी आदि कर परिवार का जीविकोपार्जन कर रही थी, परिवार में एक बेटा और एक बेटी है, जिसके जीविकोपार्जन की पूरी जिम्मेदारी मृतिका पर थी। हादसे से परिवार के जीविकोपार्जन पर भी बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। घटना के बाद हादसे की खबर सम्बन्धित नौरोजाबाद पुलिस को दी गई।



## जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्यायें

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम ने जिले के दूर दराज से आए आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा उनका निराकरण कराया। जनसुनवाई में फूलचंद काछी वार्ड नंबर 1 माडवारी मोहल्ला चंदिया ने मुआवाजा राशि दिलाने, ज्योति पांडेय झिरिया मोहल्ला ने घर का रास्ता बहाल कराने, राजवती राय सरसवाही ने रोजगार दिलाने, शिव प्रसाद सिंह करही ने पीएम आवास दिलाने, नारेन्द्र महार ग्राम सिलपरी ने तीन माह की मजदूरी दिलाने, नारायण लाल साहू वार्ड नंबर 4 बिंझला ने बिजली बिल सुधरवाने, फूलचंद सिंह गोरइया ने सुरक्षा श्रमिक के पद रखे जाने तथा नत्थू लाल महोबिया ग्राम महरोई ने समग्र आईडी अपडेट करानें संबंधी आवेदन दिया। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले सहित जिला प्रमुख अधिकारियों ने भी आम जनों की समस्याओं को सुना।

# ज्वालाधाम उंचेहरा में उमड़ रही भक्तों की भीड़



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** नवरात्रि के अवसर पर नौरोजाबाद उंचेहरा में उमरिया जिला सहित अन्य जगहों से भी बडी संख्या में श्रध्दालुओं की भीड़ उमड रही है। इस संबंध में मंदिर के पुजारी भंडारी सिंह ने बताया कि 1 अप्रैल से कलषों की स्थापना का दौर प्रारंभ हो गया है। जवारा कलषों का विसर्जन 9 अप्रैल को होगा। नवरात्र की सप्तमी 7 अप्रैल को मनाई जाएगी। अष्टमी के दिन माता का महागौरी के रूप में श्रृंगार किया जाएगा। उंचेहरा धाम मे जवारा कलष, ज्योति कलष तेल और ज्योति कलष घी के शुल्क अलग अलग निर्धारित किए गए है।

### बिरसिंहपुर पाली में 10352 कलषों की स्थापना हुई

बिरसिंहपुर पाली स्थित मां विरासिनी धाम में 31 मार्च को आजीवन घी के 405 कलष, आजीवन तेल के 181 कलष, घी के 986 कलष, तेल के 936 कलष तथा मनोकामना वाले 7849 कलषों की स्थापना की गई है। नवरात्र के समय उमरिया जिला सहित अन्य जिलों से भी श्रध्दालु मंदिर पहुंच रहे है तथा कलषों की स्थापना करा रहे है।

### चंदिया के चंडिका माता मंदिर में उमड़ी रही भीड़

इसी तरह चंदिया स्थित मां चंडिका मंदिर में नवरात्र के प्रथम दिन से ही भक्तों की भीड उमड रही है। श्रध्दालु प्रात: काल से ही हाथो मे फूल माला लेकर मंदिर पहुंचती है और माता को जल ढारती है तथा परिवार की सुख समृध्दि की कामना करती है। मातारानी का प्रतिदिन श्रृंगार किया जाता है, जिसकी शोभा देखते ही बनती है। जिले में नवरात्र के अवसर मंदिरो में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे है, जिसमें श्रध्दालु बढ चढकर भाग ले रहे है।

# उत्पादन व प्रेषण के नए शिखर पर एनसीएल

## वित्तीय वर्ष 2024-25 में कोयला उत्पादन व प्रेषण में एनसीएल का बेहतरीन प्रदर्शन

सिंगरौली।

भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने वित्त वर्ष 2024 -25 में कोयला उत्पादन व प्रेषण में शानदार प्रदर्शन कर नया मुकाम हासिल किया है। एनसीएल ने विगत वित्त वर्ष 24-25 में कोयला उत्पादन व प्रेषण में नया इतिहास रचा है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित 139 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य को कंपनी ने हासिल कर लिया है।



एनसीएल ने राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए चालू वित्त वर्ष में बिजली घरों सहित सभी उपभोक्ताओं को 137.7 मिलियन टन कोयला प्रेषण किया है। इसी क्रम में एनसीएल ने लगभग 85त्न कोयला पर्यावरण अनुकूल (रेल, एमजीआर व बेल्ट पाइप कंवेयर) विधियों के माध्यम से प्रेषित किया है। इस शानदार उपलब्धि पर सीएमडी एनसीएल बी. साईराम व निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेन्द्र मलिक व निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह ने एनसीएल टीम को बधाई दी है। उन्होंने कंपनी की इस सफलता का श्रेय एनसीएल कर्मियों की मेहनत व राष्ट्र की ऊर्जा जरूरतों के प्रति उनके अटूट समर्पण को दिया है । इस अवसर पर मंगलवार को सीएमडी सहित समस्त निदेशकमंडल ने एनसीएल की विभिन्न परियोजनों का दौरा किया व एनसीएल कर्मियों के समर्पण और ऊर्जा संरक्षा के प्रति कटिबद्धता के आलोक में उनका किया। इस अवसर पर कर्मियों से सीधे रूबरू होते हुए सीएमडी एनसीएल ने कहा कि एनसीएल कर्मियों ने कठिन परिदृश्य में विभिन्न बाधाओं को पार करते हुए लक्ष्यों को पूरा किया है, जिसके लिए समस्त एनसीएल टीम बधाई की पात्र है । गौरतलब है कि वर्ष 2023-24 के मुकाबले एनसीएल परिक्षेत्र में वर्ष 2024-25 में 218त्न अधिक वर्षा हुई, इसके बाबजूद भी कंपनी ने वर्ष 2023-24 की तुलना में वर्ष 2024-25 में 2 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन किया है।

## नवीन शिक्षण सत्र का शुभारंभ

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर ने पीएमश्री एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्य मिक विद्यालय हिरदेनगर में स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत नवीन शिक्षण सत्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों से आत्मीय चर्चा करते हुए नियमित शाला आकर मन लगाकर पढ़ाई करने की समझाईश दी। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश तेकाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष सोनू भल्लावी, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, जनपद सदस्य, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े बीईओ रंजीत गुप्ता, एपीसी मुकेश पांडे, बीआरसी अनादि वर्मा, स्थानीय सरपंच, प्राचार्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी समस्या

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला योजना भवन में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ने 51 आवेदकों की समस्या सुनते हुए समुचित निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनहित से संबंधित आवेदनों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें। साथ ही पिछली जनसुनवाई के आवेदनों की समीक्षा करते हुए समुचित निराकरण के निर्देश दिए। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में 51 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जनसुनवाई में पारिवारिक सहायता राशि, सर्पदंश से आकस्मिक मृत्य पर आर्थिक सहायता, किसान क्रेडिट कार्ड, आवास योजना, मनरेगा जॉबकार्ड, ऑनलाईन नामांतरण, ट्रांसफार्म, गरीबी रेखा में नाम जोड़ने सहित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम सहित जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## आग से लाखों का नुकसान

**मण्डला/निवास(स्वतंत्रमत)।** बीती रात्रि 3 या 4 बजे के लगभग अज्ञात कारणों से मुस्कान ऑटो पॉट्स हार्डवेयर में आग लगने से लाखों का सामान जलकर खाक हो गया है। यहां डिटेम्पर, पेंट, मशीन,पाईप, दवाजे, खिड़कियों, मे आग पूरी तरह से लगने के कारण काफी नुकसान हुआ। ऑटो पॉट्स के दुकान संचालक राजेश रजक ने बताया कि अनुमानित पांच लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

## नैनपुर सीईओ हुए सम्मानित

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर ने फरवरी माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नैनपुर विनोद मरावी को 96.09 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, समस्त एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आंदोलन कर किया घेराव प्रदर्शन के बाद अमल ज्योति विद्यालय प्रशासन ने मांगी माफी

मण्डला(स्वतंत्रमत)





मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर के द्वारा अमल ज्योति विद्यालय में आंदोलन कर विद्यालय का घेराव किया विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने बताया कि 27 मार्च को बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम द्वारा अमल ज्योति हायर सेकेंडरी विद्यालय महाराजपुर का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में गंभीर अनियमितताएँ पाई गई थी जिसमें विद्यालय की पुस्तकालय में ईसाई धर्म विशेष की कई पुस्तकें पाई गईं जो अप्रत्यक्ष रूप से धर्मांतरण की आशंका उत्पन्न करती हैं। रामायण ग्रंथ जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पाया गया जिससे हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएँ आहत हुई हैं विद्यालय में विद्यार्थियों से अनावश्यक और मनमानी फीस वसूली की जा रही है। इन सभी विषयों को लेकर विद्यार्थी परिषद ने मंगलवार को लगभग 4 घंटे विद्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया। यहां मांग रही कि विद्यालय प्रशासन रामायण ग्रंथ के विषय में माफी मांगे। जिसके बाद विद्यालय प्रशासन ने माफी मांगी। वहीं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें अमल ज्योति विद्यालय महाराजपुर की मान्यता तत्काल समाप्त की जाए। विद्यालय में अप्रत्यक्ष रूप से धर्मांतरण की गहन जांच कर दोषियों पर उचित कार्यवाही की जाए। विद्यालय के संपूर्ण वित्तीय लेन-देन की जांच कर विद्यार्थियों से वसूली गई अवैध फीस अभिभावकों को लौटाई जाए। साथ की थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन में मांग की गई कि विद्यालय संचालक के ऊपर प्राथमिकी दर्ज की जाए। विद्यार्थी परिषद ने प्रशासन से 7 दिवस की अंदर कार्यवाही की बात कही है अन्यथा उग्र रूप से प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। वहीं साइन फॉर इंडिया विद्यालय घुटास की मान्यता समाप्त कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग को लेकर भी कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया गया। जिसमें कहा गया कि बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने साइन फॉर इंडिया विद्यालय का निरीक्षण किया जिसमें विद्यालय में भोले वाले आदिवासी छात्राओं को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करना पाया गया सबसे बड़ा विषय यह है कि यहां आदिवासी बच्चों के साथ-साथ बैगा जनजाति बच्चों को भी कन्वर्ट किया जा चुका है बिना माता-पिता के अनुमति के इनको प्रार्थना कराई जाती है एवं उनके स्कूल फॉर्म में भी क्रिश्चियन रिलिजन लिखा गया है इसी तरह आदिवासी जिला मंडला में ईसाई मिशनरियों के द्वारा विद्यालय को धर्मातंरण का अड्डा बनाया हुआ है लगभग सभी स्कूलों में इसी तरह के मामले सामने आ रहे हैं साइंस ऑफ इंडिया के पास वीडियो फोटो मौजूद हैं। प्रार्थना करने से लेकर एमपी बाल संरक्षण आयोग के सदस्यों से बातचीत तक के इन वीडियो और अन्य जानकारियों को कार्रवाई के लिए आगे भेजा गया है। विद्यार्थी परिषद ने इस विषय को लेकर जल्द से जल्द कार्यवाही करने मांग की है। बता दें कि बीते दिनों मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ओंकार सिंह एवं डॉ. निवेदिता शर्मा का मण्डला आगमन हुआ था। सदस्यों ने उपनगर महाराजपुर स्थित अमल ज्योति विद्यालय का अचानक निरीक्षण किया जहां पर अनेक कमियां पाई गई जिससे आयोग सदस्य नाराज हो गए और इन कमियों की रिपोर्ट उच्च स्तर में सौंपने की बात कहीं। सदस्यों ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि यहां पर स्थित लायब्रेरी में एक धर्म विशेष की पुस्तकें अधिक मात्रा में पाई गई हैं जबकि उक्त धर्म के पढ़ने वाले बच्चों की संख्या मात्र 50 है इसी के साथ हिन्दू धर्म का विशेष ग्रंथ रामायण जीर्णशीर्ण पाई गई है। यही नही यहां पर धर्म परिवर्तन को लेकर अनेक ऐसी स्थिति दिखाई दी है जो एक जबावदार स्कूल में ठीक नही कही जा सकती आयोग सदस्यों ने बताया कि फीस वृद्धि पर भी नियमों का पालन नही किया जा रहा है। वहीं बच्चों की शैक्षणिक क्षमता बहुत कमजोर है। तो दूसरी तरफ स्मार्ट क्लास के नाम से एवं अतिरिक्त सुविधाओं के नाम पर भी फीस वसूली जा रही है। उन्होंने कहा कि इन सब विषयों को जिला शिक्षा विभाग को देखना चाहिए। वहीं आयोग सदस्यों का कहना है कि वे अपने स्तर से इस मामले को उच्च सदन पर रखेंगे।

# सीएम राइज स्कूल में प्रवेश उत्सव सम्पन्न

मण्डला/निवास(स्वतंत्रमत)



मंगलवार को प्रभारी प्राचार्य वेदप्रकाश अवधिया के मार्गदर्शन में सीएम राइज विद्यालय निवास में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घनश्याम सूर्यवंशी जनपद उपाध्यक्ष, कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती हेमलता परस्ते अध्यक्ष नगर परिषद विशिष्ट अतिथि यतींद्र मोहन विश्वकर्मा, आकाश पांडे मंडल अध्यक्ष, सुनील दुबे विकासखंड शिक्षा अधिकारी, अनुराग जैन प्रभारी प्राचार्य, तारेन्द्र उपाध्याय सीएसी, सुरेश मढ़ेले सीएसी, श्रीमती शालिनी उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया एवं अभिभावकों को विद्यालय के साथ मिलकर विद्यार्थियों के हित में कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। प्रभारी प्राचार्य द्वारा समस्त अभिभावकों से निवेदन किया गया कि विद्यालय के प्रबंधन में एवं संचालन में अपना सहयोग अनिवार्य रूप से प्रदान करें बच्चों के पढ़ाई लिखाई पर विशेष ध्यान दें कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज की। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान समस्त अतिथियों द्वारा समस्त बच्चों का तिलक बंधन लगाकर स्वागत किया गया समस्त अतिथियों द्वारा नि:शुल्क पुस्तक एवं मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह विद्यालय की ओर से प्रदाय किए गए इसके अलावा कक्षा छठवीं से लेकर आठवीं तक के विद्यार्थियों को निशुल्क गणवेश भी प्रदान किया गया। विद्यालय में कक्षा छठवीं, सातवीं, आठवीं नौवीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया जिसमें प्रत्येक कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान आने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह के माध्यम से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रभारी उप प्राचार्य प्रभात गौलिया, वरिष्ठ शिक्षक रोहिताष सिंगरौरे, प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मसिंह मार्को, जितेंद्र गुमास्ता, संतोष हरील, ओमप्रकाश अवधिया, श्रीमती जूही साहू एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा कार्यक्रम के अंत में समस्त अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री पोषण पुनर्वास कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित किचन में भोजन ग्रहण किया गया।

# प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में कलेक्टर की सहभागिता



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पीएम एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरदेनगर में स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत नवीन शिक्षण सत्र प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर ने सहभागिता की। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को नियमित शाला आने की समझाईश देते हुए शिक्षा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का भविष्य संवारने में शिक्षक की अहम भूमिका होती हैं। सभी विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करते हुए परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय तथा जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने बच्चों से आव्हान किया कि वे नियमित रूप से स्कूल आएं तथा अपने साथियों को भी साथ में लेकर आएं। इस दौरान कलेक्टर ने मंडला जिला पांचवी कक्षा के बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में पांचवा स्थान और कक्षा आठवी टॉप-10 में आने पर सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। कार्यक्रम में मंचीय अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कमलेश तेकाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष सोनू भल्लावी, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, जनपद सदस्य, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े बीईओ रंजीत गुप्ता, एपीसी मुकेश पांडे, बीआरसी अनादि वर्मा, स्थानीय सरपंच, प्राचार्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश तेकाम ने जिले की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के संबंध में विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सोनू भलावी ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जो भविष्य में उन्नति का मार्ग दिखाता है और शिक्षा ही ऐसा अस्त्र-शस्त्र है जो आपसे कोई नहीं छीन सकता। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

# स्वामी दयाल दास सेवा समिति ने शुरू की सेवा

## ग्रीष्म ऋतु में रेल यात्रियों को मिलेगा नि:शुल्क शीतल पेयजल

नैनपुर (स्वतंत्र मत)



नैनपुर रेलवे स्टेशन पर स्वामी दयाल दास सेवा मंडल के द्वारा शीतल पेयजल प्याऊ का शुभारम्भ किया गया। श्रद्धेय स्वामी रामदास जी की प्रेरणा से ग्रीष्म ऋतु में रेल यात्रियों को शीतल जल सेवा उपलब्ध कराने के लिए रेल यात्रियों की स्वार्थ यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अब नैनपुर रेल जंक्शन के रेलयात्रियों को सुगम स्वच्छ शीतल जल प्लेटफार्म नंबर एक पर ग्रीष्म ऋतु में नियमित मिलेगा। इसकी शुरुआत न पा अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, पूज्य सिंधी पंचायत मुखी संतोष नागपाल, स्वामी दयालदास सेवा मंडल के पदाधिकारियों प्रकाश गाजरानी, किशन चंद, रमेश कुमार लालवानी, मुरली धर दिलीप गाजरानी, दिनेश नागपाल रेल प्रशासन से किशोर समुन्द्रे सी आई रोहितास मीणा स्टेशन प्रबंधक श्री ओझा, यशपाल सेंगर, स्टेशन सलाहकार समिति सदस्य रेल कर्मी, आर पी एफ स्टाफ के साथ समाज के गणमान्य, नागरिको और मातृशक्ति की उपस्थिति में की गई। जहां वरूणातार भगवान झूलेलाल सांई स्वामी रामदास जी,की विधिवत आरती पूजा के साथ अतिथियों द्वारा फीता काट कर प्लेटफार्म पर उपस्थिति रेलयात्रियों को शीतल नीर पिला कर ग्रीष्मकालीन शीतल पेय जल सेवा शुरू की।

# उपनिरीक्षक पर अभद्रता के लगे आरोप

मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)

बिछिया थाना में पदस्थ उपनिरीक्षक जगदीश पंद्रे द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिछिया में ड्यूटीरत चिकित्सक से गाली गलौच और धक्का मुक्की करने की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई है सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिछिया में 31 मार्च की दरम्यानी रात डॉ. प्रताप नारायण मिश्रा एवं डॉ. प्रताप जाट रात्रिकालीन ड्यूटी पर थे। रात्रि करीब 1.30 बजे पुलिस थाना बिछिया में पदस्थ उपनिरीक्षक जगदीश पंद्रे एक मरीज को लेकर आये। इस दौरान दोनो चिकित्सक भोजन करने गये हुए थे। उपनिरीक्षक जगदीश पंद्रे ने चिकित्सक डॉ. प्रताप जाट को फोन किया और अभद्रता की। चिकित्सको ने कहा कि पांच मिनिट इंतजार करें हम अस्पताल पहुंच रहे हैं। दोनों चिकित्सको के अस्पताल पहुंचने पर उपनिरीक्षक जगदीश पंद्रे द्वारा नशे की हालत में दोनों चिकित्सकों से अभद्रता करते हुए गाली गलौच की गई। उपनिरीक्षक ने नशे की हालत में दोनों चिकित्सकों को मारने की भी कोशिश की है। इस घटना का सीसीटीव्ही फुटेज उपलब्ध है। दोनों चिकित्सकों द्वारा घटना की जानकारी रात्रि में ही एसडीएम बिछिया एवं थाना प्रभारी बिछिया को दूरभाष के माध्यम से अवगत कराया गया। उपनिरीक्षक जगदीश पंद्रे के द्वारा करीब आठ माह पहले भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिछिया में नशे की हालत में ड्यूटीरत महिला नर्सिंग आफिसर एवं चिकित्सक से अभद्रता की गई थी। जिसकी शिकायत तत्कालीन एसडीओपी बिछिया से की गई थी। जिसमें एसडीओपी द्वारा सिर्फ चेतावनी देकर छोड दिया गया था। जिस तरह की हरकत उपनिरीक्षक जगदीश पंद्रे द्वारा बार-बार की जा रही है इससे अस्पताल में चिकित्सकों व अन्य स्टाफ द्वारा सेवाएं प्रदाय किये जाने में मुश्किल हो रहीं है। बता दें कि पत्र क्रमांक /पु.अ./5/पु.अ./मण्डला/जिविशा /474/2024 दिनांक 04/09/2024 में अस्पताल परिसर में सुरक्षा प्रदान करने हेतु गाईडलाइन जारी की गई थी जिसे आज दिनांक तक बिछिया अस्पताल में लागू नहीं किया गया है और यहां सुरक्षा प्रदान करने वाले उपनिरीक्षक द्वारा ही अभद्रता करते हुए मारपीट करने की कोशिश की जा रही है। उपनिरीक्षक जगदीश पंद्रे पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जावे। जिससे इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति उपनिरीक्षक जगदीश पंद्रे व किसी अन्य पुलिसकर्मी द्वारा ना की जा सके। दो दिवस के भीतर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के समस्त चिकित्सक एवं स्टाफ अनिश्चितकालीन हडताल पर चले जाएंगे एवं घटना का सीसीटीव्ही वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया जावेगा।

# चौपाल में नशे को लेकर किया चिंतन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** नशे की लत से हमारी जमीन बिक गई शरीर कमजोर हो गया लड़ाई झगड़े से संबंध खराब हुए कई बार अपमानित होना पड़ा आर्थिक व मानसिक स्थिति कमजोर हो गई जिससे हम शिक्षा के क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। हमारे समाज में शराब नहीं चलती थी यह हमारे ऊपर थोप दी गई है और हम विभिन्न आयोजनों में शराब के सेवन को अपनी परंपरा व संस्कृति समझ रहे हैं। जो हमें गर्त में ले जा रही है। उक्त बातें ग्राम पंचायत बोरिया के पोषक ग्राम बाजा में आयोजित आदिवासी समाज की चौपाल में जागरूक लोगों द्वारा कही गई। उक्त चौपाल का आयोजन यहां की सरपंच सुषमा मरावी एवं उनके पति पूर्व सरपंच उमाकांत मरावी की अगुवाई में संपन्न हुई। चौपाल में निर्णय लिया गया कि अब गांव में कोई भी व्यक्ति शराब बनाकर विक्रय नहीं करेगा शराब बनाने वाले व पीने वालों से अर्थ दंड लेने की बात कही गई है इस अवसर पर चौपाल की अध्यक्षता कर रहे गणेश प्रसाद उईके, बालाघाट से पधारे जयपाल धूमकेतु, तुलसीराम मसराम 35 वीं बटालियन के कमांडेंट इंदरसिंह परस्ते एवं क्षेत्रीय सामाजिक जागरूकगण हरेंद्र मसराम, सुमारू लाल परते, मुरारी लाल मरावी, पुरुषोत्तम कोकड़िया आदि के द्वारा उद्बोधन दिया गया। सभी वक्ताओं ने बच्चों को शिक्षित करने पर जोर दिया कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थित लोगों को नशे के दुष्परिणाम के प्रति जागरूक किया गया।

# प्रवेश उत्सव के साथ नवीन शिक्षण सत्र की शुरुआत

## नव प्रवेशी बच्चों और उनके पालकों का हुआ अभिनंदन

नैनपुर (स्वतंत्र मत)



नैनपुर के सभी विद्यालयों में प्रवेश उत्सव के साथ नवीन शिक्षण सत्र की शुरुआत हुई। प्रवेश उत्सव में क्षेत्र के जनप्रतिनिधयों ने शिरकत करते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा अध्ययन करने नियमित विद्यालय आने प्रोत्साहित किया। नए शिक्षण सत्र के शुभारंभ अवसर पर नव प्रवेशी बच्चो को पाठ्य पुस्तकों का वितरण कर मुह मीठा कराया गया। इसके साथ ही उत्सव में शिरकत करने वाले पालको अभिभावकों का भी तिलक वंदन कर अभिनन्दन किया गया। शासकीय नवीन विधायलय में प्रवेश उत्सव गरिमा और उल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें ग्राम निवारी सरपंच श्रीमती दीपा बाई के अलावा विद्यार्थियों के पालक अभिभावक शामिल हुए। इस दौरान कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाले 8 बच्चो का विधिवत विद्यालय में दाखिला कराते हुए उन्हें पुस्तके वितरित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य दिलीप शरणागत ने सभी नव प्रवेशी बच्चो को शुभकामनाये प्रेषित कर उन्हें नियमित विद्यालय आने अभिप्रेरित किया। इसके पुर्व सुबह 9 बजे से भोपाल से लाइव प्रसारण कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश और स्कूल चले हम अभियान से विद्यालय के विद्यार्थियों को जो?ा गया। कस्तूरबा कन्या माध्यमिक विद्यालय में नव प्रवेशी बच्चो को दाखिला दिलाकर उनका अभिनंदन किया गया। विद्यालय में प्रथम दिवस विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन हुआ। इस आयोजन में पार्षद राजाराम शर्मा, बी.आर.सी. विजेन्द्रधर द्विवेदी , विनोद कुमार चौरसिया प्र. पा. , आशा ब्रम्हे शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, ज्योति उपाध्याय, शशांक कांड्रा, शारदा परते, चरण सिंह इनवाती, आशा तेकाम आदि शामिल रहे। इसके अलावा नगरीय एवम ग्रामीण क्षेत्रो के सभी विद्यालयों में नए शिक्षण संस्थान की शुरुआत प्रवेश उत्सव के साथ कि गई। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के साथ स्कूल चले हम अभियान का आगाज हुआ।

## विद्यालय में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम

**मण्डला/घुघरी(स्वतंत्रमत)।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुघरी में प्रवेश उत्सव मनाया गया यहां घुघरी के गणमान्य नागरिक जनप्रति निधि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। तहसीलदार सीके वट्टी मुख्य कार्यपालन अधिकारी गायत्री कुमार सारथी बीईओ एलएस उईके घुघरी मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र धुर्वे जिला पंचायत सदस्य गीता मरावी जनपद उपाध्यक्ष सिहारे लाल करचाम विधायक प्रतिनिधि नेतराम साहू अरविंद कुशराम जनपद सदस्य नीरज मरकाम संजय साहू संदीप पाठक सरपंच श्रीमती यशोदा मरावी भादूलाल धुर्वे प्राचार्य दुलारी सैयाम सुनील झारिया श्याम सुंदर अग्रवाल अभिलाष पाठक नेतराम यादव रोशनी प्रजापति वैशाली सागर अभिलाषा मोगरे सरिता मनेश्वर करिश्मा देशमुख रेनू तिवारी निर्मला झरिया अक्षय दुबे पूजा मिश्रा कामायनी झरिया देवेंद्र झरिया अनिल झरिया अनिल पन्दे इत्यादि उपस्थित रहे।

**कार्यालय-बी पेक्स सहकारी समिति मर्या.घुटास**
**पं.क्रं 0472 मण्डला जिला मण्डला**
**आम सूचना**

बी-पेक्स समिति घुटास के अर्न्तगत नव निर्मित 02 दुकान एंव 01 हॉल लेट,बाथ ऑटेच को किराये पर दिया जाना है जिसकी धरोहर राशि 100000 / एक लाख निर्धारित है एंव किराये कि राशि प्रतिमाह दुकान का 3000 रु. एवं हॉल लेट,बाथ आओटेच का 5000 रु. निर्धारित है जिसकी धरोहर राशि 100000 / एक लाख से अधिक के लिये खुली बोली/ निलामी दिनांक 16.04.2025 दिन बुधवार को आयोजित किया जावेगा जिसमें आप सभी बोली शुल्क 500 चुका कर भाग ले सकते हैं बोली शुल्क वापसी योग्य नही होगा 3 साल के अनुबंध पर देय होगा।

प्रशासक/प्रबंधक
बीपेक्स सहकारी समिति मर्या.घुटास
जिला मण्डला

संपादकीय

# वक्फ बिल की राह

संसद के चालू बजट सत्र के दूसरे चरण में सरकार वक्फ संशोधन बिल लाने की तैयारी में है। यह बिल 2 अप्रैल को लोकसभा में पेश किया जा सकता है। संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरेन रिजिजू ने 8 अगस्त 2024 को ये बिल लोकसभा में पेश किया था जिसे विपक्ष के हंगामे के बाद संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया था। जेपीसी की रिपोर्ट के बाद इससे संबंधित संशोधित बिल को कैबिनेट ने पहले ही मंजूरी दे दी है।

लोकसभा की वर्तमान स्ट्रेंथ 542 है और 240 सदस्यों के साथ बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी है। बीजेपी की अगुवाई वाले सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सदस्यों की संख्या 293 है जो बिल पारित कराने के लिए जरूरी 272 के जादुई नंबर से अधिक हैं। विपक्ष की बात करें तो कांग्रेस के 99 सदस्य हैं और इंडिया ब्लॉक में शामिल सभी दलों को मिला लें तो भी संख्याबल 233 ही पहुंचता है। आजाद समाज पार्टी के एडवोकेट चंद्रशेखर, शिरोमणि अकाली दल की हरसिमरत कौर बादल भी सांसद हैं जिनकी पार्टियां एनडीए या इंडिया ब्लॉक, किसी भी गठबंधन में नहीं हैं। कुछ निर्दलीय सांसद भी हैं जो किसी भी गठबंधन के साथ खुलकर नहीं हैं। ऊपरी सदन राज्यसभा की बात करें तो सदन की स्ट्रेंथ इस समय 236 सदस्यों की है। इसमें बीजेपी का संख्याबल 98 है। गठबंधनों के लिहाज से देखें तो एनडीए के सदस्यों की संख्या 115 के करीब है। छह मनोनीत सदस्यों को भी जोड़ लें जो आम तौर पर सरकार के पक्ष में ही मतदान करते हैं तो नंबरगेम में एनडीए 121 तक पहुंच जा रहा है जो विधेयक पारित कराने के लिए जरूरी 119 से दो अधिक है। कांग्रेस के 27 और इंडिया ब्लॉक के अन्य घटक दलों के 58 सदस्य राज्यसभा में हैं। कुल मिलाकर विपक्ष के पास 85 सांसद हैं। वाईएसआर कांग्रेस के नौ, बीजेडी के सात और एआईएडीएमके के चार सदस्य राज्यसभा में हैं। छोटे दलों और निर्दलीय मिलाकर तीन सदस्य हैं जो न तो सत्ताधारी गठबंधन में हैं और ना ही विपक्षी गठबंधन में।

विपक्ष का आरोप है कि वक्फ के किसी संपत्ति विवाद पर अब फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट जा सकते हैं। हालांकि पहले वक्फ ट्रिब्यूनल का फैसला ही आखिरी माना जाता था। अब दान किए बिना किसी संपत्ति पर वक्फ अपना अधिकार नहीं जता सकता, लेकिन इससे पहले दावे के साथ ही कोई भी संपत्ति वक्फ का अधिकार हो जाती थी। वक्फ बोर्ड में महिला और अन्य धर्म से दो सदस्य होने चाहिए। लेकिन पहले बोर्ड में महिला और अन्य धर्म के सदस्य नहीं होते थे। कलेक्टर वक्फ की संपत्ति का सर्वेक्षण कर सकेगा और उसे संपत्ति का निर्धारण करने का अधिकार दिया गया है। सत्तापक्ष का कहना है कि वक्फ संशोधन बिल के माध्यम से इसकी संपत्तियों से संबंधित विवादों के निपटारे का अधिकार मिलेगा। वक्फ की संपत्ति का बेहतर इस्तेमाल हो सकेगा और इससे मुस्लिम समाज की महिलाओं को भी मदद मिल सकेगी। बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल की अगुवाई वाली जेपीसी ने एनडीए के घटक दलों की ओर से प्रस्तुत किए गए 14 संशोधनों के साथ अपनी रिपोर्ट संसद में पेश कर दी थी। जेपीसी ने विपक्ष की ओर से प्रस्तावित किए गए 44 संशोधनों को खारिज कर दिया था। ऐसे में सरकार यह बिल संसद में लाती है तो इसे पारित कराने की चुनौती देखने वाली बात होगी।

# संघ-भाजपा में तालमेल से जुड़े सुखद संकेत



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 25 साल बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय के अंगने में पहुंचकर संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर में श्रद्धांजलि दी, जिससे संघ एवं भाजपा के बीच एक नई तरह की ऊर्जामयी सोच एवं समझ विकसित हुई है। एक नई प्राणवान ऊर्जा का सूरज उगा है, नये संकल्पों को पंख लगे हैं। संघ के सौ वर्ष पूरे करने के ऐतिहासिक अवसर पर मोदी ने सही कहा कि संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है, जो निरंतर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जा प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 34 मिनट की संबोधन में देश के इतिहास, भक्ति आंदोलन, इसमें संतों की भूमिका, संघ की नि:स्वार्थ कार्य प्रणाली, देश के विकास, युवाओं में धर्म-संस्कृति, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा, भाषा और प्रयागराज महाकुंभ की चर्चा करते हुए जहां नये बन रहे भारत की बानगी प्रस्तुत की, वही संघ की उपयोगिता एवं महत्व को चार-चांद लगाये। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की संघ के मुख्यालय की इस पहली यात्रा के गहरे निहितार्थ भी हैं तो दूरगामी परिदृश्य भी है। जो इस बात का संकेत है कि पिछले आम चुनाव के दौरान संघ व भाजपा के रिश्तों में जिस खटास को अनुभव किया गया था, वह संवाद, समझ, सकारात्मक सोच व संपर्क से दूर कर ली गई है। जो इस बात का भी संकेत है कि आने वाले वक्त में भाजपा व सरकार के अहम फैसलों में संघ की भूमिका बढ़ेगी, जिससे देश हिन्दू राष्ट्र के रूप में सशक्त होते हुए विश्व गुरु बनने के अपने संकल्प को पूरा कर सकेगा। वसुधैव कुटुम्बकम के भारत के उद्घोष को अधिक सार्थक करते हुए दुनिया के लिये एक रोशनी बनेगा।

यह सर्वविदित है कि मोदी भी संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं। साथ ही वे संघ की रीति-नीतियों से भली-भांति परिचित हैं। लेकिन पिछले आम चुनाव के दौरान भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं के कुछ अतिश्योक्तिपूर्ण एवं अहंकारी बयानों से भाजपा का कद संघ से बड़ा बताने की कोशिशें हुई थी, जिसके चलते संघ व भाजपा के रिश्तों में कुछ कसक एवं खटास देखी गई। जिसका असर लोकसभा चुनाव में चार सौ पार के लक्ष्य पर पड़ा, उसके मूल में संघ कार्यकर्ताओं की उदासीनता रही है। बाद में दोनों के रिश्ते सामान्य होने के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र,ऊछत्तीसगढ़ एवं दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जो आशातीत सफलता हाथ लगी, कहा जा रहा था कि उसमें संघ कार्यकर्ताओं का समर्पण व सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण घटक रहा। अब संघ मुख्यालय में प्रधानमंत्री की यात्रा से यह तथ्य भी उजागर हुआ कि दोनों की रीतियों-नीतियों फिर से बेहतर तालमेल स्थापित हुआ है। इसका असर आने वाले दिनों में भाजपा अध्यक्ष के चुनाव में संघ की भूमिका को लेकर देखने को मिलेगा, ऐसा ही असर बदलते वक्त के साथ पार्टी



के अन्य फैसलों पर भी नजर आ सकता है। आने वाले समय में भाजपा के लिये संघ का सहयोग पंजाब, केरल और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में अपनी जमीन मजबूत करने एवं जड़े जमाने में मील का पत्थर साबित होगा। इन राज्यों में संघ अपनी आधार भूमि को विस्तार दे रहा है। यानी दोनों अब सामंजस्य, सहयोग व सहजता के साथ आगे बढ़ेंगे। अर्थात भाजपा अब अपने वैचारिक एवं ऊर्जा स्रोत के साथ बेहतर तालमेल करके चलना चाहेगी। मोदी की नागपुर यात्रा के अनेक शुभ संकेत देखे जा रहे हैं, इसको औरंगजेब, राणा सांगा, संभल विवाद के बीच हिन्दुत्व की राजनीति को नई धार देने की कोई योजना के साथ जोड़कर भी देखा जा रहा है, नरेन्द्र मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत की इस मुलाकात को 2029 के चुनावों की कोई नई पटकथा तैयार करने की पृष्ठभूमि में भी देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी के संघ मुख्यालय के दौरे पर जहां विपक्ष बौखला रहा है वहीं इस यात्रा ने संघ के भीतर भी कई लोगों को सुखद आश्चर्य में डाल दिया है। मोदी दीक्षाभूमि भी गए, जहां डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर ने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। उन्होंने दीक्षाभूमि की सामाजिक न्याय और दलितों को सशक्त बनाने के प्रतीक के रूप में सराहना करते हुए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के सपनों के भारत को साकार करने के लिए और भी अधिक मेहनत करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहरा कर सबका दिल जीत लिया। मोदी की ओर से नागपुर में अपने संबोधन के दौरान संघ की भरपूर प्रशंसा को अपने वैचारिक मार्गदर्शक के प्रति भाजपा के रुख में आये बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। मोदी ने संघ की 'राष्ट्र निर्माण और विकास में रचनात्मक भूमिका' को रेखांकित करके अपनी '2047 तक विकसित भारत' की योजनाओं में संघ की भूमिका के महत्व को भी दर्शाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ मेले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए भी स्वयंसेवकों को श्रेय दिया था। इसके अलावा, हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस द्वारा की जाने वाली सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने पर लगाए गए प्रतिबंध को भी हटा दिया गया था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जीवन-संकल्पों एवं विचार-ऊर्जा के जिस आंगन में आठ वर्ष की आयु में कदम रख कर जीने की कला सीखी। उस संघ से संस्कार ग्रहण कर ही उनके दिल में राष्ट्रभक्ति की ज्योति प्रज्ज्वलित हुई। उसी संघ के आंगन में नरेन्द्र मोदी के जाने पर अलग-अलग कयास लगाने एवं स्तरहीन राजनीति करने की जरूरत नहीं है। इस पर ज्यादा आश्चर्य भी जताने का कोई औचित्य इसलिये नहीं है कि कोई अपने घर, अपने संस्कार-भूमि एवं अपनी पवित्र पाठशाला में गया है। संघ उनकी राजनीति की आत्मा तो है ही, जीवन-संस्कारदाता भी है। उनका संघ से रिश्ता दशकों पुराना है। नरेन्द्र मोदी के साथ संघ भी हमेशा चट्टान की तरह खड़ा रहा है। खुद को संघ के प्रचारक मानने वाले मोदी समय-समय पर संघ की तारीफ करने में नहीं चूकते। हाल ही में तीन बड़े मौके आये जब मोदी ने अपने जीवन को सही मार्गदर्शन देने के लिए संघ का आभार जताया और इस सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने नागपुर में भी संघ को एक ऐसे संगठन के रूप में संदर्भित किया जिसने 'समर्पण और सेवा के उच्चतम सिद्धांतों को कायम रखा।'

निश्चित ही संघ दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी गैर-राजनीतिक संगठन है। हिन्दू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा उसका मूल उद्देश्य है। संघ की स्थापना राष्ट्रवादी आंदोलन को एक मजबूत सांस्कृतिक आधार देने के लिए की गई थी। हमारी सदियों पुरानी प्राचीन सभ्यताएं जो धर्म, अहिंसा और भक्ति के सिद्धांतों पर आधारित थी उपनिवेशवाद के शोर में अपनी आवाज खो रही थी, हिन्दू समाज पर रह-रह की हमले हो रहे थे, हिन्दू एवं सनातन संस्कृति को सलक्ष्य कुचलने के प्रयास से हिन्दू समाज भयभीत था एवं लगातार कमजोर हो रहा था, इन जटिल स्थितियों में भारत के लोगों को एक सांस्कृतिक छत्र के नीचे एकजुट करने का प्रयास संघ ने प्रभावी ढंग किया और यह उन अभिजात्य लोगों को बहुत पसंद नहीं आया, जिन्होंने अपनी सांस्कृतिक पहचान को त्याग कर अपनी विदेशी शिक्षा और पश्चिमी मूल्यों के सम्पर्क में पश्चिम की नकल करने के पक्ष में थे। इन्हीं भारत विरोधी लोगों ने संघ पर तरह-तरह के प्रतिबंध भी लगाये, लेकिन उनके आरोप पूरी तरह निराधार पाये गये।

संघ अपनी सकारात्मक सोच, सेवा एवं समर्पण के बल पर निरन्तर आगे बढ़ता रहा। संघ का एक ही भाव था कि बतौर राष्ट्र भारत पुनः सशक्त स्थिति में आए जहां वह दुनिया का मार्ग दर्शन कर सके लेकिन इसके लिए पहले भारतीय समाज का रूपांतरण होना जरूरी था। समाज के रूपांतरण के लिए संघ ने दैनिक शाखाओं के जरिए व्यक्ति निर्माण का काम शुरू किया था। संघ के स्वयं सेवक एवं 40 से अधिक परियोजनाएं जीवन के हर क्षेत्र में सेवा करके मां भारती की सेवा कर रहे हैं। कौन नहीं जानता कि 1947 में संघ के स्वयंसेवकों ने कश्मीर सीमा पर बगैर किसी प्रशिक्षण के पाकिस्तान सेना की गतिविधियों पर नजर रखी थी और पाकिस्तान से जान बचाकर आए शरणार्थियों के लिए शिविर लगाए, भोजन की व्यवस्था की थी। 1962 में भारत-चीन हमले के दौरान सैनिक आवाजाही मार्गों की यातायात व्यवस्था, रसद और आपूर्ति में मदद स्वयंसेवकों ने की थी। सेवा के साथ-साथ राष्ट्रीयता के मजबूत इरादों की तमाम चुनौतियों के बावजूद संघ लगातार विस्तार पाते हुए वृक्ष से वटवृक्ष बनने की ओर अग्रसर है।

# अमेरिकी हरकतों के मायने क्या हैं?

विजय दर्डा

कई बार मुझे ऐसा लगता है कि अमेरिका बड़ा देश है इसलिए वह दुनियाभर की बड़ी-बड़ी चिंताएं पालता है। इधर हम बेवजह चिंताओं की चिंता किए फिरते हैं, इसलिए हमने कहावत बना दी कि चिंता से चतुराई घटे, दुख से घटे शरीर। क्या आपने अमेरिका को कभी दुबला होते हुए देखा, वह तो जब युद्ध लड़ रहा होता है तब भी उसका आर्थिक भंडार भर रहा होता है, क्योंकि अमेरिका की चिंताएं उसकी चतुराई से पैदा होती हैं। उसकी चतुराई कहती है कि अब नए विषय पर चिंतित होने का समय आ गया है और वह नई चिंताएं पाल लेता है। उसकी ताजातरीन चिंता हमारी खुफिया एजेंसी 'रॉ' यानी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग को लेकर है, दुनिया में धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर अमेरिका का एक संघीय आयोग है। उसने इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम रिपोर्ट 2025 जारी की है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति लगातार खराब हो रही है, धार्मिक अल्पसंख्यकों को विदेशों में टार्गेट किया जाता है। रॉ को इसके लिए जिम्मेदार बताते हुए उस पर प्रतिबंध की सिफारिश की गई है, उसमें अलगाववादी खालिस्तानी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश का भी हवाला दिया गया है। भारत सरकार कहती रही है कि इस मामले से उसका कोई लेना-देना नहीं है लेकिन अमेरिका के गले में ये बात कौन उतारे? उसे कौन समझाए कि भाई तुम्हारे यहां काले और गोरे के बीच कितना विभाजन है, कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के बीच कितनी गहरी खाई है, अपना जख्म तो तुम्हें दिखता नहीं और दूसरे के घर को कुरेदने की नापाक कोशिश करते हो ताकि वैमनस्य फैलाया जा सके। अमेरिका की ये जो हरकतें हैं ना, उस पर मुझे पद्मभूषण रघुपति सहाय यानी फिराक गोरखपुरी की कविता 'डॉलर देश' की कुछ पंक्तियां याद आ रही हैं...

दुनियाभर को बरबाद करे
दुनियाभर का निर्माता भी
दुनियाभर का विद्रोही भी
दुनियाभर का निज भ्राता भी!
दुनियाभर को भूखा मारे
दुनियाभर का अन्नदाता भी
दुनियाभर में खैरात करे
दुनियाभर पर ललचाता भी!
दुनियाभर का व्यापार मिटाकर
खुद व्यापारी बन बैठा
सच्ची झूठी मूरत गढ़कर
दुनिया का पुजारी बन बैठा!

मैं फिराक साहब की तरह इतने कड़े शब्दों का उपयोग तो नहीं करूंगा लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत को बदनाम करने की इन सारी हरकतों के पीछे बस एक ही लक्ष्य है कि भारतीय समाज में विघटन हो और हमारा लोकतंत्र और अर्थतंत्र आगे न बढ़ पाए। कभी अडानी तो कभी अंबानी को लेकर बखेड़ा खड़ा करने का मतलब क्या है? कभी दुनियाभर के जीडीपी में 25 प्रतिशत की हिस्सेदारी वाले भारत को अंग्रेजों ने लूट कर कंगाल कर दिया लेकिन हमने अपनी कूवत से फिर खुद को खड़ा किया और आज पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक ताकत हैं। आने वाले वर्षों में तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत भी बन जाएंगे।

यह बात शायद न अमेरिका को रास आ रही है और न दूसरों को, हम कैसे भूल जाएं कि विदेशी शक्तियों ने हमारे देश में न जाने कितने दंगे कराए और आज भी इस तरह की कोशिशें जारी हैं, अमेरिका अपने कलेजे पर हाथ रख कर यह सोचे कि पाकिस्तान को उसने वर्षों तक जो आर्थिक सहायता दी, उसी पैसे से हमारे कश्मीर में पाक आतंकवाद फैलाता रहा। भारतीय छात्र रंजनी श्रीनिवासन फिलिस्तीन का समर्थन करती है इसलिए उसका वीजा रद्द कर दिया गया लेकिन गुरपतवंत सिंह पन्नू अमेरिका में बैठ कर भारत के खिलाफ जहर उगलता रहता है और आपको वह अपना नागरिक नजर आता है? यह भेदभाव क्यों?

ट्रम्प से कभी मुलाकात हुई तो मैं यह जरूर पूछना चाहूंगा कि साहेब! अमेरिका तो मानवाधिकार का झंडा उठाए फिरता है, फिर हमारे लोगों को हथकड़ी पहनाकर क्यों भेजा? हमारे महान वैज्ञानिक और राष्ट्रपति रहे एपीजे अब्दुल कलाम से लेकर तब के वाणिज्य मंत्री कमलनाथ और भारतीय सिनेमा जगत की बड़ी हस्ती शाहरुख खान को कपड़े उतारने पर क्यों मजबूर किया गया? आप क्या साबित करना चाहते हो कि आप बॉस हो? दुनिया के चौधरी हो? किसे इन्कार है इससे? लेकिन संस्कृति कहती है कि जिस पेड़ पर ज्यादा फल लगे होते हैं, वह पेड़ झुकता है। आप ताकतवर हैं तो यह आपका दायित्व होना चाहिए कि जो कमजोर हैं उनके साथ सहयोग कीजिए, अपना अनुभव साझा कीजिए ताकि वे भी अपने पैरों पर खड़े हो सकें।

हमारे 'रॉ' पर उंगली उठाना हमें मंजूर नहीं है महाराज क्योंकि हम शांति और अहिंसा के राही हैं। रॉ को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने जिस तरह से सशक्त बनाया है, उस पर हमें नाज है। हजारों सालों की हमारी संस्कृति इस बात की गवाह है कि हमने कभी किसी पर हमला नहीं किया, न ही धार्मिक और न ही सांस्कृतिक हमला किया। हम तो नदियों से लेकर पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं को पूजने वाले देश हैं। हमारे जीवन का मूलमंत्र ही वसुधैव कुटुम्बकम है लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि कोई हमें आंखें दिखाए या हमें मार कर चला जाए। ये नए दौर का भारत है महाराज।

हालांकि मुझे इस बात की भी शंका हो रही है कि ये हरकतें कहीं ट्रम्प के खिलाफ कोई साजिश तो नहीं हैं? हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ट्रम्प के बीच इतने मधुर रिश्ते हैं कि ट्रम्प तो ऐसी हरकत नहीं कर सकते, हो सकता है ट्रम्प को कमजोर करने वाली शक्तियां (अमेरिका में ऐसी संस्थाओं की कमी नहीं है) इस तरह के गुल खिला रही हों लेकिन सच मानिए, हमारी सेहत पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा, ये नए दौर का भारत है।

# राजनीति बड़े काम की चीज़ है

संतोष उत्सुक

राजनेता ग़ज़ब प्राणी होते हैं। अखबारों और असामाजिक चैनल्स पर कुश्ती करते रहते हैं, एक दूसरे को लंगड़ी मारते रहते हैं। पांच साल चलने वाली सरकार को चुटकी में गिराने की बातें करते हैं लेकिन जब सरकारी चाय पार्टी या शादी में मिलते जुलते हैं तो लगता है जन्मों का प्यार है। कितने ही मामलों में घटिया, खराब, निम्नस्तरीय, उदंड आचरण वाली राजनीति करते हैं लेकिन कहते रहते हैं राजनीति नहीं करनी चाहिए।



राजनीति की नीति ग़ज़ब है। मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर फूलों का गुलदस्ता भेंट करते हैं। केक और स्नैक्स खाते हैं। पता नहीं चलता कि मित्र हैं या दुश्मन, विपक्षी नेता या अभिनेता। एक दूसरे की बातें, योजनाएं पसंद नहीं हैं। यही विपक्षी नेता अगली सुबह सरकार को माफिया राज बताकर धरना प्रदर्शन करते हैं। नारे लगाते हैं। आम जनता के काम न होने के आरोप लगाते हैं लेकिन सांसारिक समन्वय बना रहे इसलिए रात को शादी में नकली मुस्कुराहटों के साथ मिलते हैं। हालांकि चाहते हैं कि इनकी आर्थिक स्थिति लड़खड़ा जाए और सरकार गिर जाए। लेकिन जब कोई काम होगा तो कहां जाएंगे इसलिए राजनीतिक नौटंकी करती रहनी पड़ती है। मन ही मन गाते रहते हैं, तुम्हारी भी जय हो, हमारी भी जय हो न तुम हारो न हम हारें।

जन्म दिन पर बधाई प्राप्त करने वाला जानता है कि यह राजनीतिक विरोधियों का मानवीय दिखावा है। यही लोग कल सुबह उनके खिलाफ राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंप सकते हैं। आम लोग कभी ऐसा नहीं करते। वे अपने पड़ोसियों, रिश्तेदारों से न बनने की स्थिति में बधाई तो क्या शक्ल देखना कबूल नहीं करते। उनमें राजनीतिज्ञों की तरह अभिनय करने का ज़ज्बा नहीं होता। ख़ास लोगों की अदाएं भी ख़ास होती हैं। उन्हें पता है दोनों ने हुकूमत की है, करनी है, कभी राजनीतिक ताक़त उसके हाथ में होगी तो कभी उनके। इसलिए कभी भी एक दूसरे से पूरी नहीं बिगाड़ी जाती। जब शुभ अवसर हो तो गले मिलते रहना चाहिए। कहा भी गया है, दिल मिलें न मिलें हाथ मिलाते रहिए।

जन्मदिन से अगले दिन तथाकथित माफिया राज के खिलाफ विशाल प्रदर्शन किया गया। उसमें महंगाई के खिलाफ, खनन माफिया के खिलाफ, तालाबंदी के खिलाफ, जंगलराज के खिलाफ, भ्रष्टाचार के खिलाफ झूठी गारंटियों के खिलाफ, चिट्टा माफिया के खिलाफ, कहने का मतलब जन्मदिन वालों के शासन के पूरी तरह शुद्ध खिलाफ झंडे उठाए और नारे लगाए। फिर भी जन्मदिन पर होटों से बधाई और बुके के रूप में ढेर सारी शुभ कामनाएं पकड़ाने की लोकतान्त्रिक रस्म निभाई। यह एक तरह का स्वादिष्ट राजनीतिक भाई चारा है।

आम लोगों को राजनेताओं से प्रेरणा लेनी चाहिए। अपने विरोधियों से इतनी तो बनाकर रखनी चाहिए कि परेशानी में मदद मिल सके और मदद की जा सके। इस बहाने कहा भी जा सकेगा राजनीति बड़े काम की चीज़ है।

# तमिलनाडु में हिंदी विरोध का सच

उमेश चतुर्वेदी

तमिलनाडु के बजट से रूपए के आधिकारिक हिंदी प्रतीक की विदाई और तमिलभाषा वाले प्रतीक के इस्तेमाल पर हंगामा स्वाभाविक है। दक्षिण में तमिलनाडु इकलौता राज्य है, जिसकी राजनीति तकरीबन सभी ज्वलंत मुद्दों पर बनी राष्ट्रीय सहमति से अलहदा कदम उठाती रही है। श्रीलंका के लिट्टे विद्रोहियों का मसला, हिंदी विरोध और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे, तमिल राजनीति की सोच राष्ट्रीय सहमति से अलग रही है। लिट्टे के खिलाफ जहां देशव्यापी गुस्सा रहा, वहीं डीएमके की राजनीति उसके प्रति राग से भरी रही। इस तरह उसने अपना एक अलग तमिल नैरेटिव रचा। रूपए के प्रतीक का तमिलकरण और हिंदी विरोध की ताजा सोच, अतीत के तमिल नैरेटिव का ही विस्तार है।

सबसे पहले आज के दौर की राजनीतिक मंशा को समझना जरूरी है। मौजूदा राजनीति का हर नया कदम और नई राजनीतिक नैरेटिव बनाने की कोशिश के परोक्ष और प्रत्यक्ष, दो उद्देश्य हैं। पहला मकसद जहां तुरंत जनभावनाओं को अपने पक्ष में मोड़कर सियासी फायदा उठाना होता है, वहीं इनके सहारे भविष्य के लिए अपनी मजबूत सियासी इमारत खड़ा करने की भी कोशिश भी रहती है। तमिलनाडु सरकार के उद्वेलित करने वाले हालिया कदमों का तात्कालिक कारण है अगले साल होने वाला विधानसभा चुनाव। इन मुद्दों के जरिए डीएमके अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रही है। चूंकि ये मुद्दे तकरीबन आठ दशकों से डीएमके की राजनीतिक फसल के लिए बेहतर खाद रहे हैं, इसलिए एक बार फिर स्टालिन को इनसे उम्मीद नजर आ रही है।

संविधान के मुताबिक, भारत भले ही राज्यों का संघ हो, लेकिन राज्यों को राष्ट्रीय मुद्दों से अलग राह, जिनमें अलगाववाद के खतरे हों, किसी भी कीमत आगे बढ़ने की छूट नहीं है। संविधानसभा की बहस के दौरान राज्यों के ऐसे कदमों की आशंका जताई गई थी। इसी वजह से मजबूत केंद्र की अवधारणा की मांग स्वीकार की गई। इसके बावजूद आए दिन कुछ न कुछ राज्य राष्ट्रीय सोच से अलग रूख और राह अख्तियार करने की कोशिश करते रहते हैं। हाल के दिनों में इस कोशिश में वह पश्चिम बंगाल भी जुड़ गया है, जहां से राष्ट्रवाद की विचारधारा को बल मिला था। तमिलनाडु तो खैर अरसे से ही कई मुद्दों पर अलग रूख अख्तियार करता रहा है। ऐसा करते वक्त तमिल राजनीति इस तथ्य की अनदेखी करती रही है कि संविधान और राष्ट्र की प्राचीन अवधारणा के लिहाज से तमिल धरती पूरी तरह भारतीय है।

हिंदी विरोध की सोच तमिलनाडु में 1935 में डीएमके के वैचारिक उभार के साथ ही शुरू हुई। तब भी यह विचार, राष्ट्रीय युगबोध से अलग था। तमिलनाडु में पहले क्रांतिकारी सोच के नाम पर ब्राह्मण विरोध की शुरूआत हुई, जिसका अगला कदम हिंदी विरोध रहा। अब यह सोच एक तरह से उत्तर भारत के तीखे विरोध तक पहुंच चुकी है। दिलचस्प यह है कि इसमें कई बार कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी भी मददगार होती रही है। 2023 के विधानसभा चुनावों में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में बीजेपी और तेलंगाना में कांग्रेस को मिली जीत को लेकर कांग्रेसी बौद्धिकों ने नैरेटिव गढ़ा था। जिसके हिसाब से गोबर पट्टी के राज्यों को पिछड़ा और दक्षिणी राज्यों को समझदार बताया गया। यानी जो बीजेपी को चुने, वह पिछड़ा और जो कांग्रेस को चुने, वह प्रगतिशील। इस नैरेटिव ने एक तरह से उत्तर और दक्षिण के विभाजन की रेखा को खींचने की



कोशिश की। इसी का विस्तार लोकसभा सीटों के परिसीमन को लेकर द्रविड़ राजनीति की ओर से उठाए जा रहे सवालों में भी दिख सकता है।

राष्ट्रीय सहमति और सोच से उलट सोच के लिए अतीत में डीएमके को कीमत भी चुकानी पड़ी है। 1991 में तत्कालीन चंद्रशेखर ने सरकार ने तब करूणानिधि सरकार को कुछ ऐसी ही वजह से बर्खास्त कर दिया था। कांग्रेस करीब दो दशक से डीएमके की सहयोगी है, लेकिन अतीत में एक बार वह भी डीएमके की ऐसी ही सोच के चलते केंद्र की गुजराल सरकार को गिरा चुकी है। अभी चाहे हिंदी का सवाल हो या फिर रूपए के प्रतीक को बदलने की बात, डीएमके के रूख पर कांग्रेस ने फिलहाल चुप्पी साध रखी है। ऐसा लगता है कि इन मुद्दों पर कांग्रेस की स्थिति सांप और छछूंदर जैसी हो गई है। अगर वह डीएमके का विरोध करती है तो उसे अपने स्थानीय समर्थकों के छिटकने का डर है और यदि समर्थन करती है तो उत्तर भारत में उसकी उम्मीदें बिखर सकती हैं। लेकिन बीजेपी ने आक्रामक रूख अपना रखा है। रूपए का हिंदी प्रतीक बदलने का सबसे तेज विरोध तमिल मूल की निर्मला सीतारमण और तमिलनाडु बीजेपी अध्यक्ष अन्नामलाई कर रहे हैं। उनका साथ उनकी पूर्ववर्ती तमिलसाई सौंदर्याराजन दे रही हैं। बीजेपी की कोशिश है, स्टालिन के हिंदी विरोध की हवा तमिल सोच के जरिए निकालने की है। इसका आधार जोहो कंपनी प्रमुख श्रीधर वेंबु हिंदी समर्थन में बयान देकर मुहैया करा चुके हैं।

अगले साल अप्रैल-मई में तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होने हैं। 2021 के चुनाव में एक दशक के अन्नाद्रमुक राज के बाद डीएमके को सत्ता मिली थी। इसे बचाए रखने की जुगत में स्टालिन जुट गये हैं। उत्तर और हिंदी विरोधी माहौल जिंदा करना और स्थानीय भावनाओं को उभारना तमिलनाडु में सबसे आसान रहा है। त्रिभाषा फ़ॉर्मूले में स्टालिन को हिंदी विरोध की आसान राह सूझी और वे मैदान में कूद पड़े। लोकसभा सीटों के परिसीमन में जनसंख्या के लिहाज से सीटें कम होने का डर वह पहले से दिखा रहे हैं। रूपए का प्रतीक बदलना उनका अगला कदम है।

1937 में पेरियार के हिंदी विरोधी आंदोलन को तकरीबन समूचे तमिल समुदाय का समर्थन मिला। 1965 में जब संवैधानिक प्रावधानों के चलते हिंदी राजभाषा बनने वाली थी, तब सीए अन्नादुरै की अगुआई में हुए तीव्र हिंदी विरोधी आंदोलन को भी समूचे तमिलनाडु का साथ मिला। इसके असर में दो साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को सत्ता गंवानी पड़ी, तब से कांग्रेस राज्य में हाशिए पर ही है। हालांकि इस बार हिंदी विरोध, परिसीमन का डर या रूपए के प्रतीक बदलने को तकरीबन समूचे तमिल समुदाय का साथ मिलता नहीं दिख रहा। इसकी बड़ी वजह यह है कि तमिल समुदाय भी अब भाषा की राजनीति और उसके दायरे को समझने लगा है। संचार क्रांति के जरिए उसे भी पता है कि स्टालिन द्वारा उठाए जा रहे मुद्दों की खामी-खासियत क्या है? तमिल समुदाय के एक हिस्से भी समझ आने लगा है कि उनकी सरकार का विरोध एक बिंदु पर राष्ट्रीय धारा के विपरीत हो सकता है। अब तमिलनाडु में भी लोग मिलने लगे हैं, जिन्हें हिंदी विरोध राजनीतिक शिगूफा नजर आता है। स्टालिन जिस तरह तेजी से एक के बाद एक मुद्दे उछाल रहे हैं, उससे उन्हें और उनके सलाहकारों को लगता है कि हिंदी विरोध हो या परिसीमन की मुखालफत को बड़ा और गहरा समर्थन नहीं मिल रहा है। इन मुद्दों को लगातार उछालने की एक वजह यह भी है, ताकि वह विधानसभा चुनावों तक जिंदा रहे।

पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी राज्य में अपना खाता नहीं खोल पाई, लेकिन उसका गठबंधन राज्य में 18.2 प्रतिशत वोट हासिल करने में कामयाब रहा। इसमें बीजेपी का वोट 11 प्रतिशत रहा। जबकि पहले उसे तीन से पांच प्रतिशत तक ही वोट मिलता रहा। जाहिर है कि बीजेपी राज्य में अपनी जड़ें जमा रही है। बीजेपी राज्य में स्थानीय की बजाय राष्ट्रीय मुद्दों के साथ पहुंच रही है। यह भी वजह है कि स्टालिन ठेठ और आक्रामक स्थानीय मुद्दों को उभारने की कोशिश कर रहे हैं। अतीत में हिंदी और उत्तर भारत विरोध स्थानीय लोगों को गोलबंद करने का आसान जरिया रहे। इन मुद्दों पर सियासी बैटिंग डीएमके के लिए परिचित पिच रही है। इस पिच पर एक बार फिर सियासी बैटिंग करना उसे आसान लग रहा है। बीजेपी ने भी पिच तो वही अपनाई है, लेकिन उसके मुद्दे अलहदा हैं। राष्ट्रीय मुद्दे बनाम स्थानीय सोच की इस जंग में फिलहाल देश का दक्षिण कोना घायल होता नजर आ रहा है। इस पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सोच बननी जरूरी है। अन्यथा ऐसी राजनीति के दंश का दर्द अरसे तक झेलना पड़ सकता है।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं।**

# तीसरे विश्वयुद्ध के मुहाने पर दुनिया, पहली दो जंगों से होगा बिल्कुल अलग

## कोविड-19 की भविष्यवाणी करने वाले जिंदा नास्त्रेदमस ने दी चेतावनी

लंदन

दुनिया में तीसरा विश्वयुद्ध कभी भी शुरू हो सकता है। इसके लिए स्थितियां तैयार हो रही हैं और दुनिया इसके मुहाने पर पहुंच गई है। जीवित नास्त्रेदमस कहे जाने वाले भविष्यवक्ता एथोस सलोम ने यह भविष्यवाणी करते हुए चेतावनी जारी की है। ब्राजील के इस मनोवैज्ञानिक ने इसके पहले कोविड-19 महामारी और यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की सटीक भविष्यवाणी करके सुर्खियां बटोरी हैं, जिसके बाद उन्हें जीवित नास्त्रेदमस के नाम से जाना जाता है। मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, अब सलोम ने तीसरे विश्वयुद्ध की भविष्यवाणी की है।

### घटनाओं में महाविनाश के संकेत

रिपोर्ट के अनुसार, सलोम को अलग-अलग घटनाओं में महाविनाश के संकेत दिखाई दिए हैं, जो आखिरकार किसी बड़ी घटना में बदल जाएंगे। उन्होंने यह भी दावा किया यह पारंपरिक युद्ध नहीं, बल्कि हाईब्रिड युद्ध और तोड़फोड़ के मिश्रण से शुरू होगा। 38 वर्षीय भविष्यवक्ता ने लातविया और स्वीडन के बीच समुद्र की तलहटी में बिछी ऑप्टिकल फाइबर केबल में नुकसान का जिक्र किया और दावा किया कि यह छोटी सी हरकत बहुत बड़ी काली ताकतों के खेल का संकेत हो सकती है।

सलोम ने कहा कि हाल के वैश्विक घटनाक्रम खतरनाक भू-राजनीतिक पैटर्न का संकेत देते हैं। उनके अनुसार, एक खतरनाक वैश्विक संकट सामने आ रहा है और लोगों से संकटों पर ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने अलग-अलग घटनाओं को जोड़कर विश्लेषण किया है, जो बड़े रणनीतिक पैटर्न का निर्माण करता है। सलोम ने कहा, बाल्टिक सागर में एक अदृश्य युद्ध छिड़ गया है। उन्होंने पिछली गड़बड़ियों की और भी ध्यान दिलाया, जिसमें 2023 की केबल नेटवर्क विफलता भी शामिल है, जिसने फिनलैंड भर में संचार प्रणालियों को प्रभावित किया। भविष्यवक्ता ने चेतावनी दी कि ये गड़बड़ियां गंभीर खतरा पैदा करती हैं। उन्होंने समुद्र में बिछे केबल को आधुनिक संचार ढांचे के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया और कहा, जब ये संरचनाएं नष्ट हो जाती हैं, तो वे डिजिटल ब्लैकआउट पैदा करते हैं। यह सैन्य क्षमताओं को खतरे में डालता है और बड़ी आर्थिक अस्थिरता की भी वजह बनता है।



### पहले और दूसरे विश्वयुद्ध से लेनी होगी सीख

सलोम ने कहा, इतिहास ने हमें पहले ही दिखा दिया है कि बड़े संघर्ष अलग-अलग घटनाओं से शुरू हो सकते हैं। प्रथम विश्वयुद्ध एक आर्कड्यूक की हत्या से शुरू हुआ था। दूसरा विश्वयुद्ध पोलैंड पर आक्रमण से शुरू हुआ था। उन्होंने दक्षिणी चीन सागर में बढ़ने तनाव की ओर भी इशारा किया और भविष्यवाणी की कि भविष्य में चीन और अमेरिका के बीच संघर्ष बढ़ेगा।

सलोम ने चेतावनी दी कि आज हम हाइब्रिड युद्ध के युग में रह रहे हैं, जहां इंटरनेट केबल के नष्ट होने से सैन्य हमले जितना ही विनाशकारी असर पड़ सकता है। सलोमे ने सवाल किया कि अगर बाल्टिक घटनाओं की पुष्टि जानबूझकर की गई तोड़फोड़ के रूप में की जाती है, तो वैश्विक शक्तियां कैसे प्रतिक्रिया देंगी। उन्होंने पूछा, नाटो की प्रतिक्रिया क्या होगी? संभावित औपचारिक अभियोग पर रूस कैसे प्रतिक्रिया देगा? यह तनाव हमें कितनी दूर तक ले जा सकता है?

# यमन से बरसेंगी हूती मिसाइलें, खत्म होगा इंडिया

## पाकिस्तानी एक्सपर्ट ने बताया खतरनाक प्लान, भारत को कहा इस्लाम का दुश्मन

इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व सांसद और रक्षा विशेषज्ञ फैसल रजा आबिदी ने भारत के खिलाफ जहर उगला है। पाकिस्तान के टेलीविजन पर आबिदी ने बैठकर भारत के खिलाफ जहरीला प्लान बयान किया है, जहां उन्होंने ईरान समर्थित यमन के हूतियों से इजरायल के अलावा भारत के खिलाफ भी मिसाइल और ड्रोन हमले करने को कहा है। फैसल रजा आबिदी ने आरोप लगाया कि भारत खुलकर पाकिस्तान के अंदर सशस्त्र विद्रोहियों की मदद कर रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भारत फिलिस्तीनियों के खिलाफ इजरायल की मदद कर रहा है। अपनी जहरीली और भड़काऊ बयानबाजी के लिए मशहूर आबिदी ने पाकिस्तान के जीटीवी नेटवर्क पर बोलते हुए भारत को यहूदियों का सबसे बड़ा समर्थक और इस्लाम का दुश्मन बताया। उन्होंने कहा कि भारत इजरायल को हथियार भेजकर गाजा में युद्ध जारी रखने में मदद कर रहा है। आबिदी ने कहा कि भारत और इजरायल दुनियाभर में इस्लाम के दुश्मन हैं। हालांकि, भारत पर लगाए गए आरोपों के समर्थन में उन्होंने कोई साक्ष्य नहीं दिया। ये दूसरी पाकिस्तानी प्रोपेगैंडा फैलाने वालों की तरह ही है, जो भारत पर बेबुनियाद आरोप लगाते हैं। इस दौरान उन्होंने लाल सागर में अमेरिकी और इजरायली जहाजों पर हमला कर रहे यमन के हूती चरमपंथियों से भारत को निशाना बनाने की उम्मीद लगाई। आबिदी ने हूती चरमपंथियों से अपनी मिसाइल क्षमता का फायदा उठाते हुए भारत के हितों पर निशाना बनाने की अपील की। पाकिस्तानी रक्षा एक्सपर्ट ने तो यहां तक दावा कर दिया कि हूतियों ने भारत के 6 जहाजों को डुबो दिया है। यह एक ऐसा दावा है जो कभी हूतियों ने भी नहीं किया है। आबिदी ने यह भी कहा कि यमन भारत के सभी जहाजों को डुबोएगा। यहां तक दावा किया कि यमन (हूती) बहुत जल्द ही ये जंग भारत के दरवाजे पर लेकर आएगा। मुंबई, अहमदाबाद या गुजरात के जितने भी तटीय इलाके हैं, बहुत जल्दी यमन के निशाने पर आएंगे। भारत का सारा उत्पादन खाक हो जाएगा और वह अपना एक भी सामान दुनिया में नहीं पहुंचा पाएगा। यमन के हूती चरमपंथियों को यमन का समर्थन है और उसके पास बैलिस्टिक मिसाइल और किलर ड्रोन हैं। हूतियों के दावे के अनुसार, उनकी मिसाइलें 2000 किलोमीटर की दूरी तक लक्ष्य को निशाना बना सकती है। गाजा में इजरायली अभियान के दौरान हूतियों ने कई मिसाइलें दागी हैं जो इजरायल तक पहुंचने में सफल रही हैं, जो यमन से 1800 किलोमीटर दूर है। इसके अलावा हूतियों के ड्रोन के बारे में दावा किया जाता है कि वे 2500 किलोमीटर तक हमला कर सकते हैं। भारत और यमन के बीच की सबसे नजदीकी बिंदु की दूरी लगभग 2500 किलोमीटर है। इस तरह भारत सैद्धांतिक रूप से हूतियों की रेंज के भीतर है। हालांकि, इस तरह की कार्रवाई करना अव्यवहार्य है और हूतियों ने अभी तक इतनी दूरी तक कोई मिशन नहीं किया है। इसके अलावा हूतियों के पास कोई एयर फोर्स नहीं है। 2500 किमी की दूरी पर ऑपरेशन करने के लिए इसकी बहुत ज्यादा जरूरत होगी। वहीं, भारत के पास एक मजबूत आक्रामक और रक्षा प्रणाली मौजूद है।



## पाकिस्तान भूकंप प्रभावित म्यांमार को भेजेगा लगभग 70 टन मानवीय सहायता

इस्लामाबाद, (वार्ता)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हाल ही में आए भूकंप पर म्यांमार के अपने समकक्ष मिन आंग ह्लाइंग के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा कि उनका देश लगभग 70 टन मानवीय सहायता भेजेगा। जियो टीवी प्रसारक ने सोमवार को बताया कि मानवीय सहायता अगले दो दिनों में दो बैचों में पहुंचने की उम्मीद है। गौरतलब है कि शुक्रवार को म्यांमार में 7.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके झटके बंगलादेश, भारत, लाओस, चीन और थाईलैंड में भी महसूस किए गए। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि भूकंप के कारण भूमिगत तेल पाइपलाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, साथ ही बिजली की लाइनें भी कट गई हैं और ईंधन की कमी को कम करने के लिए तेल के टैंकर देश के तटों पर पहुंच रहे हैं। रूस और बेलारूस सहित कई देश राहत प्रयासों में म्यांमार की सहायता कर रहे हैं, जिसमें बचाव दल भेजना भी शामिल है।

# ट्रंप ने यमन के हूतियों पर हमले जारी रखने की खाई कसम

वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि यमन में हूतियों के खिलाफ हमले जारी रखने की धमकी दी है। ट्रंप ने कहा कि हूतियों पर हमले तब तक जारी रहेंगे, जब तक वे समुद्री परिवहन के लिए खतरा नहीं रह जाते। हूतियों और तेहरान को चेतावनी देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि असली दर्द आना अभी बाकी है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने कहा, हूतियों के विकल्प स्पष्ट है- अमेरिकी जहाजों पर गोलीबारी बंद करो और हम तुम पर गोलीबारी बंद कर देंगे। ट्रंप ने अमेरिकी हमलों को अभी शुरुआत बताया और कहा, हूतियों और ईरान में उनके प्रायोजकों दोनों के लिए असली दर्द आना अभी बाकी है। ट्रंप की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि अगर वह परमाणु कार्यक्रम पर कोई समझौता नहीं करता है तो उसके ऊपर बमबारी की जाएगी। ट्रंप ने पोस्ट में दावा किया कि 15 मार्च से जारी लगातार हमलों से हूतियों को खत्म कर दिया गया है और अमेरिकी सेना हर दिन और रात उन पर और जोर से हमला कर रही है। उन्होंने कहा, हमारे हमले तब तक जारी रहेंगे जब तक वे नेविगेशन की स्वतंत्रता के लिए खतरा नहीं रह जाते। डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन यमन पर हमलों को लेकर वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों की बातचीत को लेकर आलोचना से जूझ रहा है। यह बातचीत गलती से एक पत्रकार को लीक हो गई थी, जिसे सिग्नल ऐप पर एक ग्रुप चैट में किया जा रहा था। अटलांटिक पत्रिका के संपादक ने खुलासा किया था शीर्ष अधिकारियों के बीच चर्चा के दौरान उन्हें गलती से ग्रुप में शामिल कर लिया था और वे पूरी बातचीत के दौरान ग्रुप में मौजूद थे। रिपोर्ट के अनुसार, चैट पर डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वॉल्ट्ज और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने हवाई हमले और खुफिया जानकारी का विवरण साझा किया था। ट्रंप ने इस मामले में अपने रक्षा मंत्री की छोटी और पहली गलती बताते हुए उन्हें क्लीनचिट दे दी थी। वॉइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने इस बारे में कहा कि यह मामला वॉइट हाउस में बंद हो चुका है।



# देश में अब केवल छह जिले नक्सलवाद से अति प्रभावित: शाह

नयी दिल्ली (वार्ता)

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश में नक्सलवाद से अति प्रभावित जिलों की संख्या घटकर सिर्फ 6 रह गई है जो नक्सलवाद-मुक्त भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है।

श्री शाह ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार नक्सलवाद के प्रति कठोर रूख अपनाते हुए सर्वांगीण विकास के लिए अथक प्रयासों के साथ सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि देश अगले वर्ष 31 मार्च तक नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के प्रति कटिबद्ध है।



देश में नक्सलवाद से प्रभावित कुल ज़िलों की संख्या 38 थी, इसमें अति प्रभावित ज़िलों की संख्या 12 थी, जो घटकर 6 हो गयी, 'चिंता का विषय वाले जिलों' की संख्या 9 थी, जो घटकर 6 हो गयी और नक्सल समस्या से प्रभावित अन्य जिलों की संख्या 17 थी जो घटकर 6 हो गयी है। नक्सलवाद से कुल प्रभावित जिलों में से अति प्रभावित 12 जिले घटकर अब 6 रह गए हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ के 4 ज़िले (बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा), झारखंड का एक (पश्चिमी सिंहभूम) और महाराष्ट्र का भी एक ज़िला (गढ़चिरौली) शामिल है। इसी प्रकार कुल 38 प्रभावित ज़िलों में से 'चिंता का विषय वाले जिलों' जहां अतिप्रभावित जिलों के अतिरिक्त संसाधनों को सघन रूप से मुहैया कराने की आवश्यकता है, की संख्या 9 से घटकर 6 रह गई है। ये 6 ज़िले हैं- आंध्र प्रदेश (अल्लूरी सीताराम राजू), मध्य प्रदेश (बालाघाट), ओडिशा (कालाहांडी, कंधमाल और मलकानगिरी) और तेलंगाना (भद्राद्रि- कोठागुडेम)। अतिप्रभावित जिलों एवं 'चिंता का विषय वाले जिलों' को केन्द्र सरकार द्वारा एक विशेष योजना, विशेष केन्द्रीय सहायता के तहत सार्वजनिक बुनियादी ढाँचों में व्याप्त अंतराल को भरने के लिए क्रमश: 30 करोड़ एवं 10 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है और इसके अलावा इन जिलों के लिए आवश्यकतानुसार विशेष प्रोजेक्ट का भी प्रावधान है।

## जापान में महाविनाशक भूकंप और सुनामी का खतरा, चेतावनी

**टोक्यो।** जापान की सरकार ने सोमावार को एक महाविनाशक चेतावनी जारी की है, जिसने पूरे देश में हड़कंप फैला दिया है। जापान सरकार ने सोमवार को एक रिपोर्ट जारी करते हुए चेतावनी दी है कि प्रशांत तट के पास बेहद खतरनाक भूकंप आ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये भूकंप इतना ज्यादा शक्तिशाली होगा और इससे ऐसी सुनामी का जन्म होगा, जिसे शायद ही दुनिया ने अभी तक देखी होगी। सुनामी के प्रचंड वेग में सैकड़ों इमारतें मिट्टी में मिल सकती हैं। जापान सरकार ने भूंकप और सुनामी की वजह से विनाश का जो अनुमान लगाया है, वो डराने के लिए काफी है। आशंका जताई गई है कि इससे कम से कम 3 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो सकती है। आपको बता दें कि पिछले साल भी जापान की सरकार ने भूकंप को लेकर ऐसी ही चेतावनी जारी की थी, जिसमें रिक्टर स्केल पर 9 की तीव्रता से भूकंप आने की आशंका जताई गई थी। ये आशंका तब जताई गई थी जब जापान में प्रशांत तट पर 7.1 की तीव्रता से भूकंप आया था। जापान हमेशा से भूकंप प्रभावित क्षेत्र रहा है और हजारों लोगों की मौत भूकंप की वजह से हो चुकी है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर जापान सरकार की आशंका सच साबित होती है तो देश को 1.81 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हो सकता है। जापानी करेंसी के हिसाब से ये आंकड़ा 270.3 ट्रिलियन येन के बराबर है।

# नाम बदलने की भाजपा सरकारों की प्रवृत्ति संकीर्ण राजनीति का द्योतक: मायावती

लखनऊ(वार्ता)

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में भारतीय जनता पार्टी सरकारों द्वारा जिलों,शहरों और संस्थानों के नाम परिवर्तन की प्रवृत्ति संकीर्ण राजनीति का प्रतीक है।



सुश्री मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया यूपी की रही सपा सरकार की तरह ही महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड व यूपी आदि भाजपा सरकार द्वारा जिला, शहरों व संस्थानों आदि के नामों को बदलने की प्रवृति कानून के राज का गवरनेन्स नहीं बल्कि द्वेष व भेदभाव के आधार पर अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने की अति चिन्तनीय संकीर्ण राजनीति।

उन्होने कहा कि सरकार को इस मामले में यूपी में चार बार सरकार बना चुकी बसपा से सीख लेनी चाहिये जिसने गुड गवरनेंस को ध्यान में रखा कर जिले तहसील और यूनीवर्सिटी नये नामों से बनाये।

बसपा सुप्रीमो ने कहा सन 1995 के अविभाजित उत्तर प्रदेश से लेकर सन 2012 तक बीएसपी की चार बार रही सरकारों में गुड गवरनेन्स को ध्यान में रखकर अनेकों नई कल्याणकारी योजनाएं व जिले, तहसील, अस्पताल, यूनिवर्सिटी आदि नए नामों से बनाए गए, किसी का नाम नहीं बदला गया। सरकारों को इससे ज़रूर सीख लेनी चाहिए।

## मलेशिया में गैस पाइपलाइन में आग लगने से भयानक हादसा

**कुआलालंपुर।** मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर के पास ही स्थिति सेलंगोर राज्य में गैस पाइपलाइन फटने से भयानक हादसा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक पुत्रा हाइट्स में मंगलवार को एक गैस पाइपलाइन में आग लगने से भीषण विस्फोट हुआ है, जिसके बाद अधिकारियों ने आसपास के आवासीय क्षेत्रों को खाली कराने का आदेश दे दिए हैं। मलेशियाई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सेलंगोर राज्य के बीच में स्थिति पुट्रा हाइट्स में एक गैस स्टेशन के पास लगी आग कई। आग की इस गुबार को कई किलोमीटर दूर से ही देखा जा सकता है। गैस में लगी आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन दल को भेजा गया है। वहीं मेडिकल टीम कों भी घटनास्थल के पास रवाना कर दिया गया है। स्थानीय अधिकारियों के हवाले से मलेशियाई मीडिया ने धमाके में अभी 12 लोगों के गंभीर घायल होने और 82 लोगों को बचाने की बात कही है। इस धमाके का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें आग का एक विशाल बादल आसमान में उठता हुआ देखा जा सकता है। द स्टार अखबार ने अग्निशमन विभाग के डायरेक्टर वान मोहम्मद रजाली वान इस्माइल के हवाले से बताया है कि दर्जनों अग्निशमन कर्मियों को फौरन बचाव कार्य के लिए घटनास्थल की तरफ भेजा गया है। टीम ने आग लगने की वजह फटी हुई पाइपलाइन को बताया है।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

# फिल्म थामा में कैमियो करेंगे वरुण



बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन फिल्म थामा में कैमियो करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड के जानेमाने निर्माता दिनेश विजान इन दिनों हॉरर कॉमेडी फिल्म 'थामा' बना रहे हैं। इस फिल्म आयुष्मान खुराना मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे।इस हॉरर कॉमेडी फिल्म में आयुष्मान खुराना एक वैम्पायर के किरदार में दिखाई देंगे। चर्चा है कि फिल्म थामा में वरुण धवन की एंट्री हुई है जो आयुष्मान से मुकाबला करते हुए नजर आएंगे। वरुण धवन फिल्म 'थामा' में कैमियो करने जा रहे हैं।कैमियो के दौरान वह वेयरवोल्फ बनकर वैम्पायर बने आयुष्मान खुराना से लड़ाई लड़ते हुए नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि मुंबई में एक बड़े स्टूडियो में फिलहाल फिल्म की शूटिंग चल रही है। आयुष्मान और वरुण के बीच 'थामा' में एक हाई-इंटेंसिटी एक्शन सीक्वेंस फिल्माया गया है।दोनों स्टार्स के बीच एक तगड़ी और रोमांचक लड़ाई देखने को मिल सकती है। मेकर्स वरुण और आयुष्मान के खास सीक्वेंस के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं,और ये काम कई इंटरनेशनल एक्शन एक्सपर्ट्स की देखरेख में हो रहा है।आदित्य सरपोतदार निर्देशित 'थामा' में इस सीन को भव्य बनाने के लिए कुछ इंटरनेशनल टैक्नीशियन की भी मदद ली गई है, जो इसे बेहद खास बनाने वाला है। 'थामा' में आयुष्मान के साथ लीड रोल रश्मिका मंदाना लीड रोल कर रही हैं।उनके अलावा परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी जैसे सितारें भी फिल्म में अहम किरदारों में होंगे। फ़िल्म 'थामा' इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगी।

# सायरा बानो ने ईद की पुरानी यादों को साझा किया

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री सायरा बानो ने ईद की पुरानी यादों को प्रशंसकों के साथ साझा किया है। देशभर में आज ईद का त्यौहार मनाया जा रहा है। इस मौके पर सायरा बानो ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने दिवंगत पति दिलीप कुमार का एक थ्रोबैक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में दिलीप कुमार को फिल्म जगत के अपने दोस्तों और परिवार के साथ अलग-अलग मौकों पर ईद मनाते हुए दिखाया गया है। सायरा बानो ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, जब मैं छोटी थी और रमजान का पवित्र महीना आता था, तो हमारा घर सिर्फ रोशनी की झिलमिलाहट से नहीं, बल्कि दुआओं से जगमगाता था। हवा में कुछ खास था, एक शांति जो उपवास, प्रार्थना और चिंतन से आती थी। फिर भी, दिलीप साहब से मेरी शादी के बाद ही ईद ने अपना जीवन शुरू किया। हमारा घर जो सिर्फ हमारा था; एक ऐसी जगह बन गया जहां प्यार, सद्भावना और बंधन रहते थे। सुबह होते ही घर को बड़े प्यार से भेजे गए फूलों से सजाया जाता था।हमारा घर बिना दीवारों वाला था, ऐसा घर जहां कोई दरवाजा बंद नहीं रहता था। फिल्म बिरादरी के दोस्त, फैंस और अजनबी एक के बाद एक आते थे। साहब के लिए दयालु लोगों की संगति से बढ़कर कोई खुशी नहीं थी, प्यार पाने और देने से ज्यादा कोई धन नहीं था. उनका मानना था कि एक आदमी की कीमत उसकी उपलब्धियों में नहीं बल्कि उसके दिलों में होती है. और उन्होंने ऐसा सहजता से किया. किसी भी चीज़ से ज़्यादा, साहब मानवता में विश्वास करते थे. क्योंकि यह कुछ मूर्त है, जिसे छोटे-छोटे इशारों में जिया और महसूस किया जा सकता है। सायरा बानो ने दिलीप कुमार को याद करते हुए कहा कि जिस तरह से एक इंसान दूसरे के जीवन को प्रभावित कर सकता है, वह व्याख्या से परे है, इसकी शक्ति लगभग दूसरी दुनिया की है, और वह उस सिद्धांत के अनुसार जीते थे। सायरा बानो ने लिखा, साहब के अंदर इतनी दुर्लभ सहानुभूति थी कि उसमें मतभेदों को मिटाने, खाई को पाटने और उन लोगों को एकजुट करने की शक्ति थी जिन्हें दुनिया ने अलग-थलग समझा था। सिर्फ़ मैं ही नहीं, बल्कि कई अन्य लोग भी उनकी दया होने की शांत गंभीरता, किसी को अच्छाई में विश्वास दिलाने की उनकी क्षमता से आकर्षित हुए. और इसलिए, हमारे घर में ईद हमेशा आत्माओं का जमावड़ा, एकता का उत्सव, समय का एक ऐसा क्षण होता था जब दुनिया, थोड़े समय के लिए और अद्भुत समय के लिए, वैसी ही लगती थी जैसी उसे होनी चाहिए।



# अल्लू अर्जुन बदलेंगे अपना नाम

साउथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन अपना बदलने जा रहे हैं। ऐसी खबरें सामने आई है कि वो अपने नाम में दो अक्षर जोड़ने की प्लानिंग कर रहे हैं। इसका नाता उनके करियर से जुड़ा हुआ है। इसके पीछे की वजह का भी खुलासा हुआ है। हालांकि, अभी तक ऑफिशियली पुष्टि नहीं हुई है। साउथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन नंबर वन एक्टर्स में से एक हैं। पुष्पा के आने के बाद नॉर्थ में भी उनका दबदबा बन गया है। उनकी पिछली फिल्म पुष्पा 2 ने ना सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की, बल्कि उनके करियर को आसमान पर पहुंचा दिया है। इस बीच अब खबर आ रही है कि वो अपना नाम बदलने जा रहे हैं! अरे डरिए नहीं! पूरा नाम नहीं, बल्कि कुछ स्पेलिंग एड करने पर विचार किया जा रहा है। पढ़िए ये रिपोर्ट। अब कोइमोई और सिने जोश की रिपोर्ट बताती है कि अल्लू अपना नाम बदलने पर विचार कर रहे हैं। सिने जोश की एक रिपोर्ट के अनुसार, अल्लू अर्जुन न्यूमेरोलॉजिकल सलाह के आधार पर रखने की संभावना तलाश रहे हैं। माना जाता है कि यह कदम अल्लू अर्जुन की सफलता को और बढ़ाने और उनके पहले से ही फलते-फूलते करियर को और मजबूत करने की एक कोशिश है। हालांकि, ये दावे अपुष्ट हैं, क्योंकि एक्टर ने अभी तक ऑफिशियली इसकी पुष्टि नहीं की है। इस बीच अल्लू अर्जुन अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स के कारण सुर्खियों में बने हुए हैं। उनके पास एटली की एक पैन-इंडिया मूवी है। इसका टाइटल अभी तय नहीं है। फिलहाल इसे 22 नाम दिया गया है। 8 अप्रैल को एक्टर के बर्थडे पर इसका ऐलान होने की उम्मीद की जा रही है। इसके अलावा अल्लू के पास डायरेक्टर त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ एक माइथोलॉजिकल मूवी है। चर्चा है कि अल्लू अर्जुन फिल्म में भगवान कार्तिकेय का किरदार निभाएंगे। फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है, जो तेलुगु सिनेमा में पहले देखी गई किसी भी चीज से अलग सिनेमाई एक्सपीरियंस होने का वादा करता है। इसके अलावा फैंस अल्लू अर्जुन को पुष्पा 3 के लिए सुकुमार के साथ फिर से देखने का इंतजार कर रहे हैं।



# जिला पंचायत अध्यक्ष व कलेक्टर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में हुई शामिल

## घंटा बजाकर किया शाला का शुभारंभ : जिले में आयोजित हुआ प्रवेशोत्सव कार्यक्रम



**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति काकोड़िया व कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले पीएम श्री शासकीय उच्चतर कन्या महारानी लक्ष्मी बाई नरसिंहपुर में आयोजित प्रशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन से किया गया। अतिथियों ने यहां घंटा बजाकर शाला का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती काकोड़िया ने छात्राओं से खूब मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए कहा। छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि आपको अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना होगा और उसे पाने के लिए अनुशासन के साथ कड़ी मेहनत करनी होगी। आपकी इस मंज़िल तक पहुंचने में कई रुकावटें आएंगी, लेकिन आप यह समझे की सफलता कभी थाली में परोसी हुई नहीं मिलती है। इस परिप्रेक्ष्य में उन्होंने महाभारत के कर्ण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कर्ण सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर बनना चाहते थे। उस समय यह युद्धकला और धनुर्विद्या सीखने में उन्हें काफ़ी कठिनाई हुई। इसके बावजूद उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में सीखा और कर्ण महाभारत के सर्वश्रेष्ठ धनुर्धारियों में से एक बनें। यह उनकी लगन और परिश्रम को बताता है। आपको भी उनसे यह सीख लेनी चाहिए। आप की सफलता के लिए माता- पिता और गुरुजनों का सानिध्य बहुत महत्वपूर्ण होता है।कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि ज़िले का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। शिक्षकों ने बहुत ही मेहनत और लगन से अपना कार्य किया है। कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं के माता- पिता से कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि बच्चों पर पढ़ाई को लेकर अनावश्यक बोझ नहीं डालें। घर में भी पढ़ाई का सकारात्मक माहौल बने, यह ज़िम्मेदारी माता- पिता की है। माता- पिता यह पूछे कि बच्चे ने स्कूल में क्या पढ़ा? गृहकार्य पूर्ण किया है- अथवा नहीं। कलेक्टर श्रीमती पटले ने छात्राओं से कहा कि वे बोलने की आदत डालें। इस बात से बिलकुल नहीं झिझकें कि आप ग़लत जवाब देंगे। आपके एक बार गलती करने से यह गलती आपको हमेशा याद रहेगी। इसलिए हमेशा प्रश्न पूछने की आदत डालें। इस अवसर पर छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया। स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया में भागीदारी करने पर कक्षा 8 वीं की छात्रा वैशाली सेन को प्रमाण पत्र प्रदान किया। छात्राओं द्वारा बनाये गये विभिन्न मॉडलों का भी अवलोकन किया। कक्षा 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किये। साथ ही छात्राओं के साथ शामिल होकर मध्यान्ह भोजन किया। इस अवसर पर डीपीसी श्री आरपी चतुर्वेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रासी अग्रवाल, अन्य अधिकारी- कर्मचारी अभिभावक और छात्रायें मौजूद थी।

### उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में मनाया गया प्रशोत्सव कार्यक्रम

राज्य शासन के निर्देशानुसार सीएम राइज विद्यालय नरसिंहपुर में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर श्री सुनील कोठारी, प्राचार्य श्री प्रभात कुमार मिश्रा, प्रधान पाठक श्रीमती माधुरी गर्ग, स्कूल का स्टॉफ, अभिभावक और विद्यार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम में घंटा बजाकर औपचारिक रूप से शाला का प्रारंभ किया गया। बच्चों को गणवेश एवं पुस्तकों का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। श्री सुनील कोठारी ने अनुशासन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि छात्र निर्माण में शाला और अभिभावक की सामूहिक जिम्मेदारी होती है। प्राचार्य श्री मिश्रा ने नवप्रवेशी बच्चों और उनके अभिभावकों का अभिनंदन करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने नये सत्र में नये परिसर में नर्सरी कक्षा खोलने और नये विषय शुरू करने की योजना के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विद्यालय में कक्षा पांचवीं व आठवीं का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा है। कक्षा नवमीं का 96 प्रतिशत और कक्षा 11 वीं का 97 प्रतिशत है। प्रधान पाठिका श्रीमती गर्ग ने प्रवेशोत्सव की चार दिवसीय रूपरेखा के बारे में बताया। विद्यालय की छात्रा दाक्षी नेमा ने अपने अनुभव साझा किये। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्कूल चलें हम अभियान के तहत च्नया वर्ष है आया सीएम राइज चलेज्ञ को गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्री महेन्द्र सिंह लोधी व आभार वरिष्ठ प्राध्यापक श्री सुशील दीक्षित ने किया।




# विधायक पटेल खड़ई एवं बम्होरी में प्रवेशोत्सव में हुए शामिल

### नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्यपुस्तकें की वितरित

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

विधायक तेंदूखेड़ा श्री विश्वनाथ सिंह पटेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़ई एवं शासकीय हाई स्कूल बम्होरी में आयोजित स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक श्री पटेल ने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने शैक्षणिक सत्र 2024- 25 में अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया और नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्यपुस्तकें वितरित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्र डॉ. मोहन यादव ने स्कूल चले हम अभियान के तहत भोपाल में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सीएम राइज विद्यालय का नाम बदलकर सांदीपनि विद्यालय के नाम पर किया है। इससे शैक्षणिक संस्थानों को एक भारतीय और सांस्कृतिक पहचान देने की कोशिश मुख्यमंत्री ने की है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रेरणा देते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित कर कड़ी मेहनत करके अपने जीवन में सफलता प्राप्त करें। राज्य सरकार नई शिक्षा नीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। विद्यार्थी अपने समय को पूर्ण सदुपयोग करें। पढ़ाई के साथ- साथ शारीरिक और मानसिक विकास भी जरूरी है। विद्यार्थी खूब पढ़ें और खूब खेलें। खेल से न केवल शरीर स्वस्थ होता है, बल्कि मन में सकारात्मकता भी आती है। स्कूल उत्सव पूरे शैक्षणिक वर्ष के सबसे प्रतीक्षित समय में से एक है। यह आनंद और उत्सव मनाने का समय है। हर बच्चा इस दिन का बेहद उत्साह और जोश के साथ इंतजार करता है। विधायक श्री पटेल ने कहा कि शिक्षा का जीवन में सर्वोपरि स्थान है, जो जीवन में किसी भी पद से शिक्षा अधिक महत्व रखती है। उन्होंने अभिभावकों से निवेदन किया कि वे अपने बच्चों को शिक्षित जरूर करें। शिक्षा एक ऐसा माध्यम है, जो व्यक्ति को शून्य से शिखर तक पहुंचाने में मदद करती है। इस अवसर पर राव वीरेन्द्र सिंह, डॉ. हरगोविंद पटेल, श्री हरिप्रताप ममार, श्री रमाकांत शर्मा, श्री प्रताप कौरव, श्री भैयाजी गोहला, श्री पवन पटेल, श्री पंकज शर्मा, श्री अजीत कौरव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्राचार्य, अध्यापकगण, अभिभावक, ग्रामीणजन और विद्यार्थी मौजूद थे।

### बैठक 2 अप्रैल को

नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत। परिवार नियोजन क्षतिपूर्ति योजना के स्थाई साधन महिला एवं पुरूष नसबंदी अपनाने के उपरांत हुई प्रतिकूल घटनायें जैसे मृत्यु, रोग/अक्षमता अथवा शल्योत्तर जटिलता संबंधी प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला परिवार नियोजन क्षतिपूर्ति योजना की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। यह बैठक दो अप्रैल को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी।

# जनसुनवाई में आये 55 आवेदन



नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत

कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार एक अप्रैल को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 55 आवेदन आये।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में प्रतिदिन हो रहे जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य

### ग्राम कठोतिया के बारूरेवा नदी में बनाया गया 106 बोरियों का बंधान

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत 30 मार्च से हो चुकी है, जो लगातार आगामी 30 जून तक चलाया जायेगा। अभियान की शुरूआत से ही जिले में लगातार जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में जिले के ग्राम कठोतिया के बारूरेवा नदी में 106 बोरियों का बंधान किया गया, जो जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में प्रभावी पहल है। यह बोरी बंधान का कार्य मप्र जनअभियान परिषद करेली के तत्वावधान में नवांकुर संस्था कपूरी एवं विकास विकास प्रस्फुटन समिति कठोतिया के कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की सहभागिता से किया गया है।




जिला समन्वयक मप्र जन अभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरचनाओं का निर्माण व पुरानी जल संरचनाओं की साफ- सफाई के लिए नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, सीएमसीएलडीपी के छात्र- छात्राओं, परामर्शदाताओं, स्वैच्छिक संगठनों और आम नागरिकों की सहभागिता से यह अभियान को धरातल पर उतार कर मूर्त रूप देने के लिए निरंतर लगा हुआ है।

इसके साथ- साथ ग्राम चौपाल, रंगोली प्रतियोगिता, जन संवाद, संगोष्ठी, संगोष्ठी, रैली, शपथ, दीवार लेखन आदि के कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान में परिषद के साथ स्थानीय संस्थाओं व लोगों का सकारात्मक सहयोग प्राप्त हो रहा है। इस अभियान में स्कूल शिक्षा व उच्च शिक्षा विभाग, एनएसएस, एनसीसी के साथ जल दूतों को जोड़कर कार्य किया जायेगा।

# महिला कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल का आगमन आज

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।



मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमति विभा पटैल का आज 2 अप्रैल बुधबार को गाडरवारा आगमन हो रहा हे । महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष आज सुबह 11बजे स्थानीय सुरभि होटल मे आवश्यक बैठक को संबोधित करेंगी ।

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमति सुनीता पटैल एवं मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की महामंत्री अनीता रवि शेखर जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य मोना कौरव विशेष रूप से उपस्थित रहेगी । महिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में सभी पदाधिकारियो एवं महिला संगठन सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील जिला महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रीति मिश्रा, नगर महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संगीता जायसवाल ने की है । महिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में संगठन को सक्रियता प्रदान करने के लिए चर्चा कर आगामी रूपरेखा तैयार की जाएगी ।

# पुस्तकालय समिति की बजट बैठक संपन्न

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** विगत दिवस अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्री सार्वजनिक पुस्तकालय न्यास की बजट बैठक नियास के अध्यक्ष अनिल गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर श्री सार्वजनिक पुस्तकालय समिति के कोषाध्यक्ष आलोक अग्रवाल ने 2024 -25 के व्यय तथा आगामी 2025 -26 आय तथा भविष्य की कार्य योजनाओं को लेकर बजट प्रस्तुत किया।

विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से बजट पारित किया गया। इस अवसर पर ग्रंथपाल का वेतन बढ़ाने, न्यास के भवन किराए का अनुबंध करने, साहित्यिक गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पुस्तकालय की कार्यकारिणी सदस्य अखिलेश साहू को प्रभारी तथा महेश नेमा और नगेंद्र त्रिपाठी को सहयोग करने हेतु निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन न्यास के सचिव एडवोकेट बसंत तपा ने किया। इस अवसर पर नियास के वरिष्ठ संरक्षक डॉ उमाशंकर दुबे महेश नेमा, नागेंद्र त्रिपाठी, सह सचिव शरद अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य आयुष कठल, ग्रंथपाल नेतराम कहार सहित अनेक सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# मुस्लिम समुदाय ने ईद उल फितर हर्ष और उल्लास के साथ मनाया



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

मुस्लिम समुदाय ने ईद उल फितर यानी मीठी ईद का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाते हुए एकता भाईचारे का संदेश दिया । रमजान के एक महीने के रोजा रखकर कठिन तपस्या के बाद मुस्लिम भाईयो ने राजीव वार्ड स्थित ईदगाह में सामूहिक रूप से ईद की नमाज प?ी । जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज जुवेर आलम साहब ने ईदगाह में ईद की नमाज अदा कराते हुए वतन की तरक्की खुशहाली, अमनो अमान एकता भाईचारे के लिए दुआए की । शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल के हजारो लोगो ने ईद की नमाज अदा कर अपने रब को याद किया। ईद का यह त्योहार आपसी मोहब्बत भाईचारा और एकता का संदेश देता है पुराने गिले शिकवे भूलकर लोग एक दूसरे से गले मिलकर रिश्तो को मजबूत करते हैं।



ईद पर मीठी सेवइयां पकवानों की खुशबू ईद के त्यौहार को और खुशनुमा बना देती है । ईद की नमाज के बाद जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान ने संबोधित करते अहले वतन को ईद की मुबारक बाद देते हुए कहा कि ईद का पर्व हमे मोहब्बत भाईचारे का पैगाम देता है । जमा मस्जिद कमेटी की ओर से राजस्व विभाग. पुलिस विभाग. नगर पालिका परिषद का आभार व्यक्त करते प्रशासन द्वारा दिए गए सहयोग के प्रति आभार जताया ।

ईदगाह के बाद सभी मुस्लिम भाई कब्रिस्तान पहुंचे और वहा पर उन्होंने इत्र खुशबू, फूल ,अगरबत्ती पेश कर मरहूमो के हक में दुआएं की । ईद की नमाज जामा मस्जिद, छोटी मस्जिद और फैजाने मदीना मस्जिद में भी पढ़ाई गई। सभी जगह प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारियों के अलावा पुलिस बल तैनात रहा । ईदगाह के समक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पार्षद जिनेश जैन , मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव अभिनव ढिमोले , पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप पटेल, अनिल सोनी, एडवोकेट अनुज चौकसे,सुनील नीखरा, आयुष जैन, महमूद पहलवान , लकी अली ने मुस्लिम भाइयों को खुशबू लगाकर गले मिलकर गंगा जमुना तहजीब के साथ ईद की मुबारक बाद दी ईदगाह के सामने प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार प्रियंका नेताम, नगर निरीक्षक विक्रम रजक , नगर पालिका से प्रमोद चौहान आदि उपस्थित रहे । नगर में सांप्रदायिक सौहार्द के साथ ईद का पर्व मनाया गया, लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाइयां दीं। नगर में दिन भर ईद की मुबारक बाद देने का सिलसिला जारी रहा । लोग एक दुसरे के भी घर पहुचे ओर मीठी सिवईयो का आनंद भी लिया ।



# सीएम राइज में भव्य प्रवेशोत्सव मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**करेली।** सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय करेली में स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत 1 अप्रैल 2025 को प्रवेशोत्सव कार्यक्रम शिक्षण सत्र 2025-26 का आयोजन किया गया। विद्यालय में आमंत्रित अतिथियों द्वारा जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार अध्यक्ष नगरपालिका परिषद करेली, मुख्य अतिथि रामस्नेही पाठक अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जिला नरसिंहपुर, विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र स्वामी, विधायक प्रतिनिधि ब्रजेश माते, वरिष्ठ समाजसेवी सत्यप्रकाश साहनी, जगदीश मिश्रा, सी.आर.कौरव, पार्षद अनिल दुबे, हेमंत मेहरा, ज्योति सोनी, संगीता शैलजा शर्मा, बी.आर.सी प्रमेन्द्र जाट, जनशिक्षक नितिन नारौलिया एवं अभिभावकों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजन-अर्चन के साथ किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। शाला प्राचार्य मोहन विश्वकर्मा द्वारा स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत प्रवेशोत्सव की रूपरेखा के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा अभिभावक एवं विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। इसके उपरांत कक्षा 5वीं एवं 8वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एवं शाला में अधिकतम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। शाला के सभी शिक्षकों की उपस्थिति एवं सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन राजेन्द्र शर्मा द्वारा किया गया।



# यात्रियों के लिए बड़ी राहत: कटनी से गुजरेंगी कई समर आरक्षित स्पेशल, सफर होगा आसान

**पश्चिम मध्य रेलवे ने जारी किया शेड्यूल, कई ट्रेनों के 48 से अधिक फेरे**

## गर्मी की छुट्टियों में आसानी से आ-जा सकेंगे लोग

कटनी (स्वतंत्रमत)।

गर्मी के सीजन में बच्चों के स्कूल और कॉलेज की छुट्टियां होती हैं। ऐसे में अभिभावक बच्चों के संग गांव, पर्यटक स्थल, धार्मिक स्थल का टूर बनाते हैं। उनके इस प्लान में सफर कई बार ब्रेक बन जाता है। ट्रेनों में सीटें न मिलने से वे गंतव्य तक नहीं पहुंच पाते। रेलवे द्वारा इस बार अभी से ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया गया है। दर्जनों समर स्पेशल ट्रेनों से यात्रियों का सफर आसान होगा। रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा ग्रीष्मकालीन के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर आरक्षित विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेनें पश्चिम मध्य रेलवे के स्टेशनों से होकर गुजरेंगी। रेलवे के इस निर्णय से कटनी जंक्शन से सफर करने वाले यात्रियों को भी सुविधा मिलेगा।



### यह रखी गई है आरक्षित विशेष ट्रेन सेवा

01009 द्वि-साप्ताहिक विशेष 7 अप्रेल से 30 अप्रेल तक प्रत्येक सोमवार और शनिवार को 12:15 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 17 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसकी 25 फेरे रहेंगे। 01010 द्वि-साप्ताहिक विशेष 8 अप्रेल से 1 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार और रविवार को 19 बजे दानापुर से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 4:40 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। इसकी भी 25 फेरे रहेंगे। इस ट्रेन का ठहवरा कटनी में होगी।

### एलटीटी-मऊ-एलटीटी द्वि-साप्ताहिक विशेष

01123 द्वि-साप्ताहिक विशेष 6 अप्रेल से 29 जून तक प्रत्येक शुक्रवार और रविवार को 12:15 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20:20 बजे मऊ पहुंचेगी। इसकी 24 फेरे रहेंगे। 01124 द्वि-साप्ताहिक विशेष 8 अप्रेल से 1 जुलाई तक प्रत्येक रविवार और मंगलवार को 5:50 बजे मऊ से रवाना होगी और अगले दिन 16:45 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। इसके भी 24 फेरे तय किए गए हैं। ट्रेन का कटनी स्टॉपेज किया गया है। इसी प्रकार 01123 अध्यापक विशेष 2 मई लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 12:15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20:20 बजे मऊ पहुंचेगी। 01124 अध्यापक विशेष 10 जून को मऊ से 5:50 बजे रवाना होकर अगले दिन 16:45 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। यह भी कटनी में रुकेगी।

### एलटीटी-बनारस के रहेंगे 48 फेरे

01053 द्वि-साप्ताहिक विशेष 9 अप्रेल से 26 जून तक प्रत्येक बुधवार और गुरुवार को 12:15 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से रवाना होकर अगले दिन 16:05 बजे बनारस पहुंचेगी इसके 24 फेरे रहेंगे। 01054 द्वि-साप्ताहिक विशेष 10 अप्रेल से 27 जून तक प्रत्येक गुरुवार और शुक्रवार को 20:30 बजे बनारस से रवाना होगी और तीसरे दिन 04:40 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी इसका ठहराव कटनी में रहेगा। 01043 साप्ताहिक एसी 8 अप्रेल से 24 जून तक प्रत्येक मंगलवार को 12:15 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से रवाना होकर अगले दिन 21:15 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी इसके 12 फेरे रहेंगे। 01044 साप्ताहिक एसी विशेष 9 अप्रेल से 25 जून तक प्रत्येक बुधवार को 23:20 बजे समस्तीपुर से चलकर तीसरे दिन 11 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी इसके 12 फेरे रहेंगे। कटनी के लोगों को भी सुविधा मिलेगी।

### सीएसएमटी-आसनसोल-सीएसएमटी के 24 फेरे

इसी प्रकार 01145 साप्ताहिक 7 अप्रेल से 23 जून तक प्रत्येक सोमवार को 11:05 बजे सीएसएमटी से रवाना होकर और तीसरे दिन 2:50 बजे आसनसोल पहुंचेगी इसके 12 फेरे रहेंगे। 01146 साप्ताहिक विशेष 9 अप्रेल से 25 जून तक प्रत्येक बुधवार को 21 बजे आसनसोल से रवाना होगी और तीसरे दिन 8:15 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी यह भी 12 फेरे लगाते हुए कटनी होकर चलेगी। पुणे-दानापुर-पुणे द्वि.साप्ताहिक विशेष 50 फेरे लगाकर कटनी से होकर चलेगी। इसमें ट्रेन क्रमांक 01481 द्वि-साप्ताहिक विशेष 7 अप्रेल से से 30 जून व ट्रेन नंबर 01482 द्वि-साप्ताहिक 9 अप्रेल से 2 जुलाई तक शामिल है।

### पुणे-गाजीपुर सिटी की भी सुविधा

01431 द्वि-साप्ताहिक विशेष 8 अप्रेल से 27 जून तक 24 फेरे, 01432 द्वि-साप्ताहिक 10 अप्रेल से 29 जून 24 फेरे लगाएगी। कटनी में भी ठहराव रहेगा। रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा ग्रीष्मकालीन के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर अनारक्षित विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेनें पश्चिम मध्य रेलवे के स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

### पुणे-दानापुर साप्ताहिक लगाएगी 24 फेरे

इसी प्रकार 01105 साप्ताहिक अनारक्षित विशेष 8 अप्रेल से 24 जून तक प्रत्येक मंगलवार को 19:55 बजे पुणे से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 6 बजे दानापुर पहुंचेगी। यह 12 फेरे लगाएगी। 01106 साप्ताहिक अनारक्षित विशेष 10 अप्रेल से 26 जून तक प्रत्येक गुरुवार को 8:30 बजे दानापुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 17:35 बजे पुणे पहुंचेगी। यह ट्रेन 12 फेरा लगाएगी, जिसमें कटनी के भी यात्रियों को सुविधा मिलेगी। इसी प्रकार 01415 पुणे-गाजीपुर सिटी, 01416 पुणे साप्ताहिक अनारक्षित विशेष 26 फेरे लगाएगी।



## नवरात्र पर छपरवाह में शुरू हुआ साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ व देवी आराधना

कटनी (स्वतंत्रमत)।

उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह में चैत्र नवरात्र पर्व पर धर्म की बयार बह रही है। यहां जहां एक ओर प्रतिवर्षानुसार क्षेत्र के बर्मन मोहल्ला स्थित देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है तो दूसरी तरफ क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री श्री 1008 श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में चैत्र नवरात्र पर्व की बैठकी से साप्ताहिक ज्ञान महायज्ञ का भी शुभारंभ हुआ। दोनों आयोजनों की वजह से क्षेत्र का वातावरण धर्ममय हो गया है। बहरहाल यहां धार्मिक आयोजनों की शुरूआत कल 30 मार्च रविवार को चैत्र नवरात्र पर्व की बैठकी पर साप्ताहिक ज्ञान महायज्ञ की शोभायात्रा से हुई। शोभायात्रा शासकीय स्कूल के बाजू से स्थित खेरमाई मढिया से गाजे-बाजे के साथ शुरू हुई और श्री श्री 1008 श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में आकर समाप्त हुई। जिसके बाद ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। जहां चित्रकूट से पधारे कमलेश प्रसाद पांडे महराज के सानिध्य में शुभ सिटी निवासी पूनम तिवारी के द्वारा ज्ञान यज्ञ की कथा शुरू की गई। संगीतमय ज्ञानयज्ञ पंडित ब्रजकिशोर गौतम के अलावा तबला वादक पारस सोनी व हारमोनियम में संतोष सोनी भी साथ दे रहे हैं। इस अवसर पर बलराम प्यासी, विजय शंकर शुक्ला, भगवत प्रसाद मिश्रा, अमृत लाल शुक्ला, अनिल कुमार शुक्ला, सत्येन्द्र तिवारी, विनोद कुमार शुक्ला, बद्री प्रसाद तिवारी, रघुनाथ प्रसाद शुक्ला, लल्ला गौतम, विवेक शुक्ला, पुष्पेंद्र द्विवेदी पुजारी, शैलेष शुक्ला, सुशील कुमार शुक्ला, सुरेश प्रसाद शुक्ला, कृपा शंकर शुक्ला, रजनीश शुक्ला, सतीश द्विवेदी, विनय कुमार शुक्ला बिन्नी, हरभजन शुक्ला, अरुण कुमार शुक्ला कल्लू, आशीष प्यासी, रामनाथ यादव, कमलेश यादव, राजेश शुक्ला, पारसमणि शुक्ला सहित भारी संख्या में श्रृद्धालुओं की उपस्थिति रही।

**एक साथ दो धार्मिक आयोजनों से धर्ममय हुआ क्षेत्र का माहौल**

### देवी मंदिर में बोए गए जवारे

उधर दूसरी तरफ छपरवाह के बर्मन मोहल्ला स्थित देवी मंदिर में 30 मार्च रविवार चैत्र नवरात्र पर्व की बैठकी को देवी भगतों के साथ जवारे बोए गए। देवी मंदिर के पंडा पूरन बर्मन के द्वारा भाव आने के बाद श्रृद्धालुओं से जवारे बोने की प्रक्रिया पूरी कराई गई। इसके बाद अब यहां प्रतिदिन दिन में महिलाओं के द्वारा तथा रात में पुरूषों के द्वारा देवी भगते की जाएंगी तथा नवरात्र पर्व का समापन आगामी 6 अप्रैल को रामनवमीं के दिन जवारा जुलूस व जवारा विसर्जन के साथ होगा।

## गणगौर के जुलूस का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** राजस्थान समाज द्वारा गणगौर विशाल जुलूस का आयोजन 31 मार्च को किया गया विशाल जुलूस राजस्थान विवाह भवन से प्रारंभ होकर नगर के अन्य स्थानों से होते हुए श्रीजगदीश स्वामी मंदिर पहुंचने पर श्रीजगदीश स्वामी मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा विशाल गणगौर जुलूस का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया इस अवसर पर श्रीजगदीश स्वामी मंदिर में 11,000 रुपए की राशि अजय हंसा खंडेलवाल एवं 2100 रुपए की राशि पुष्पा पुरवार द्वारा जगन्नाथ रसोई के निमार्ण में सहयोग स्वरूप दी गई। श्रीजगदीश स्वामी मंदिर ट्रस्ट कमेटी आप सभी दानदाताओं एवं सहयोगियों का हृदय से आभार प्रकट करती है।



## श्री साहू वैश्य पंचायती सत्संग समिति का वार्षिक सम्मिलन 13 अप्रैल को



**नवीन कार्यकारणी का होगा गठन**

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** श्री साहू वैश्य पंचायती सत्संग समिति कटनी के 2 जून 2024 के साधारण सम्मिलन में पारित निर्णय के अनुसार दूसरा सम्मिलन आगामी 13 अप्रैल 2025 दिन रविवार को गाटर घाट क्षेत्र स्थित श्री साहू वैश्य पंचायती भवन मां कर्मा देवी मंदिर में आयोजित किया गया है। जिसमें प्रस्ताव क्रमांक 1 के अनुसार समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव व सदस्यों का निर्वाचन किया जाएगा। श्री वैश्य पंचायती समिति के निर्वाचन अधिकारी श्रीराम चौरसिया ने बताया कि प्रबंध कार्यकारणी गठन नियम 5 अए बए स में दर्शाये गए सदस्यों जिनके नाम पंजी रजिस्टर में दर्ज हैं में से सम्मिलन में बहुमत व सर्वसम्मिती के आधार पर नवीन कार्यकारणी का गठन किया जाएगा। वर्तमान में समिति के सदस्यों में क्रमश: शिवकुमार साहू, शशि साहू, विष्णु साहू, बसंत साहू, सारिका साहू, लक्ष्मण प्रसाद साहू, शिवकुमार साहू, नर्मदा प्रसाद साहू, राजकुमार साहू, गिरवर प्रसाद साहू, साक्षी गोपाल साहू, लखन लाल साहू, गौरी साहू, डॉ. अमित साहू, इंजीनियर राजय साहू, अभिषेक साहू, दिनेश साहू, सुशील साहू, रोहित साहू, मनीषा साहू, पुरूपोषत्तम लाल साहू, वेद प्रकाश साहू, सौरभ साहू, जय साहू, राधेश्याम गुप्ता साहू, कैलाश साहू, प्रमोद साहू, मनीष साहू, विजय साहू, अनिल साहू, रमेश कुमार साहू, विजय साहू, विनोद साहू, प्रमोद साहू, गया प्रसाद साहू, दुलीचंद साहू, एकांश साहू, सुनील कुमार साहू, गौरी शंकर साहू, खोजेलाल साहू, अजय कुमार साहू, अशोक कुमार साहू, विजय कुमार साहू शामिल हैं। निर्वाचन अधिकारी श्रीराम चौरसिया ने सभी सदस्यों से तय तिथि व समय पर उपस्थिति की अपील सभी सदस्यों से की है।

## अग्रसेन उद्यान में 16वीं मासिक महाआरती का आयोजन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** अग्रसेन उद्यान घंटाघर कटनी में 16वीं मासिक महा आरती का आयोजन संपन्न हुआ सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन की पूजन माला अर्पण किया गया तत्पश्चात महा आरती की गई महा आरती में समाज के बुजुर्गों महिलाओं बच्चों की सहभागिता रही उपस्थित सदस्यों में सरपंच दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, केदार प्रसाद अग्रवाल, सुरेश चंद्र अग्रवाल, नर्मदा प्रसाद अग्रवाल, किशोर कुमार अग्रवाल, कंछेदी लाल अग्रवाल, मुरली मनोहर अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, नयन राज अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, अनंत राम विकास अग्रवाल, अनिरुद्ध अग्रवाल, घनश्याम हर्षवर्धन, रमेश, अनुराग अग्रवाल, रविकांत अग्रवाल, उषा अग्रवाल, गीता अग्रवाल, पूर्व पार्षद मनीषा अग्रवाल तृप्ति अग्रवाल स्वाति अग्रवाल आकांक्षा, पूजा, मंजुला, पुष्पा, अनीता, कुए कनक आदि की उपस्थिति रही।



## हिंदू उत्सव समिति की महिलाओं ने आयोजित की रामनवमी के पूर्व विभिन्न प्रतियोगिताएं





**कटनी (स्वतंत्रमत)।** हिंदू उत्सव समिति द्वारा 6 अप्रैल रामनवमी के अवसर पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन समस्त सामाजिक, धार्मिक, व्यावसायिक संगठनों के सहयोग से किया जा रहा है इस अवसर में समिति की महिलाओं द्वारा सरस्वती स्कूल में पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में 175 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया एवं भगवान राम के चरित्र पर सुंदर रंगोली बनाई गई इसी तरह पेंटिंग प्रतियोगिता में भगवान राम के विभिन्न चरित्रों पर 100 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी हिस्सेदारी दर्ज कराई। बच्चों द्वारा दोनों ही प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बड़े ही सुंदर रंगोली एवं पेंटिंग बनाई गई और भगवान राम के विभिन्न चरित्रों को पेंटिंग के माध्यम से सजीव किया। कार्यक्रम का समापन भारत माता एवं प्रभु श्री राम की महाआरती के साथ किया गया। कार्यक्रम आयोजन में प्रमुख रूप से प्रिया सोनी, नीतू गुप्ता, शिल्पी गुप्ता, दीपशिखा शिवहरे, प्रियंका गुप्ता, श्रीमती पूजा सोनी, शालिनी सोनी, मेधा गुप्ता, विनीता गुप्ता, शोभा राय, दीपाली गुप्ता, हेमा सोनी, माही तिवारी, रोशनी सोनी, श्रुति चौदह, श्वेता पाठक, अन्नू सराओगी, रीना कुचिया, वाणी गट्टानी, तनु गुप्ता, रतन, सोनिया आदि प्रमुख महिलाओं की उपस्थित रही।

## सिंधु नौजवान मंडल के तत्वावधान में मना भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव पर्व

**झूलेलाल जी की आरती कर निकाली गई भव्य शोभायात्रा**



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शोभायात्रा में अधोरीयों के साथ महाकाल झांकी को देखने के लिए लोग काफी उत्सुक थे। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण डमरू वादक गुर्प व गंगा आरती रहा इस साल जगह जगह प्रसाद वितरण आइसक्रीम, फ्रूटी दाल पकवान, फल-फ्रूट, भोजन शर्बत आदि की व्यवस्था भी धर्मप्रेमियों सामाजिक संस्थाओं के द्वारा की गई थी। सिंधुत्व दिवस चेट्रीचंड पर निकली शोभायात्रा में विविध झांकियों ने मन मोह लिया जगह जगह आकेस्ट्रा पार्टी तथा धमाल पार्टियों ने जमकर धमाल मचाया। सिंधु नौजवान मंडल, पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत, सिंधु सेवा समिति के पदाधिकारियों के अलावा वरूण संस्था, सिंधी भावरन गुर्प एवं सभी सिंधी सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ता पदाधिकारी इस पूरी शोभायात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए। युवाओं की टोली शैला नृत्य करते हुए चली रही थी तो सिंधी युवतियां उत्साह सिंधी गानों पर डांस करतीं हुई शोभायात्रा को चार चांद लगा रहीं थीं। उधर नन्हे बच्चों ने विविध रूप रख कर शोभयात्रा में सभी का मन मोह लिया। इस विशाल शोभायात्रा में पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत अध्यक्ष चंदूलाल जादवानी, सिंधु सेवा समिति अध्यक्ष राजकुमार नानकानी, चंद्रभान रोहरा, गोविंद सचदेवा, मनीष गेई, मोहन हीरानी, अशोक मोहनानी, नंदलाल बसरानी, संजय संगतानी, प्रेम बत्रा, देवेन्द्र नानकानी, सिंधु नौजवान मंडल से सुरेश चावला, विजय रोहरा, कन्हैया लाल सागर, ईश्वर वाधवानी, राजकुमार जीवनानी, मनोहर गलानी, जय रामसिंघानी, रवि प्रथ्यानी, चंदू जीवनानी, राजेश रोहरा, चंद तनवानी, मनीष जीवनानी, सुनील प्रथ्यानी, संजय जीवनानी, राजकुमार पोहानी, टेकचंद साहनी, दीपक भागवानी, राजकुमार गंगवानी, अशोक आहूजा, रामचंद तख्तानी, विपिन तनवानी, विजय हिंदूजा, विनय जादवानी, विक्की रावलानी आदि बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति रही। जनप्रतिनिधियों में शोभा यात्रा में मुख्य रूप से विधायक संदीप जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष दिपक टंडन सोनी, रामरतन पायल, पार्षद मौसूफ बिट्टू, पार्षद राजेश भास्कर, पार्षद ईश्वर वाधवानी, पूर्व पार्षद प्रकाश आहूजा निरंजन पंजवानी, पुर्व पार्षद राजू माखीजा, गोल बाजार व्यापारी संघ, वरुण संस्था, सिंधी भांवर ग्रुप की महिलाओं की उपस्थिति रही भगवान झूलेलाल जी का जगह जगह महिलाओं द्वारा पूजन आरती की गई। इस शोभायात्रा में सभी वर्ग के लोगों की सहभागिता रही कटनी के अलावा माधवनगर में भी शोभायात्रा साथ धार्मिक आयोजन किए गए।

## आधुनिक भारत की अनेक समस्याओं का समाधान आदिवासियों के पास

कटनी (स्वतंत्रमत)।

राजीव गाँधी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय रीठी एवं शासकीय महाविद्यालय रीठी के सयुंक्त तत्वाधान मे स्वतंत्रता-संग्राम आंदोलन मे आदिवासी जननायकों का योगदान के संदर्भ मे एक दिवसीय कार्यशाला/संगोष्ठी/ व्याख्यान माला कार्यक्रम, प्रदार्शनी अवलोकन, फिल्म प्रदर्शन, सामान्य-ज्ञान एवं कौतुक वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि- रिटायर्ड डीआईजी तिलक सिंह -आईपीएस, ग्राम उमरिया रीठी कार्यक्रम के मुख्य वक्ता- सोहन सिंह, प्रान्त-संयोजक, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग जबलपुर संभाग-म.प्र. कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अरविन्द कुमार वासनिक शासकीय महाविद्यालय रीठी विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेंद्र प्रताप सिंह राजीव गाँधी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय रीठी, गौरव शाह प्रतिष्टित समाजसेवी बड़गाव, देवी सिंह, पंचम सिंह रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन मे आज के परिवेश मे आदिवासियों की आधुनिक भारत की अनेक समस्याओं के समाधान मे योगदान पर प्रकाश डाला वही, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ने स्वतंत्रता-संग्राम मे आदिवासी जनजाति के जननायकों की वीरगाथाएं एवं आदिवासीयों के जीवन दर्शन, ऐतिहासिक जगहों, एवं उनकी वर्तमान मे आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक परिदृश्य आदि पर विस्तृत व्याख्यान प्रेषित किया, कार्यक्रम के अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन मे आदिवासियों के लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकार के उनके उठाये जाने वाले सुधारात्मक नीतियों प्रयासों के सन्दर्भ मे बताया इसी तरयातम मे कार्यक्रम विशिष्ट अतिथियों ने इस कार्यशाला/संगोष्ठी/ व्याख्यान माला के प्रथम सत्र मे अपने-अपने विचार प्रगट किये द्वितीय सत्र मे प्रदर्शनी का अवलोकन एवं आदिवासियों के योगदान पर फिल्म का प्रदर्शन, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं कौतुक वेशभूषा मे वीरांगना रानीदुर्गावती की जीवंत झांकी का प्रदर्शन किया गया, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर नंद कुमार लोधी बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर मनु लखेरा बीए प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान पर शिवांका पटेल बीए प्रथम वर्ष एवं कौतुक वेशभूषा जीवंत झांकी प्रदर्शन वीरांगना रानीदुर्गावती स्वरूप प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर आरती पटेल बीए प्रथम वर्ष ने अद्भुत अदम्मय रूप धारण एवं साहिसिक सौर्य प्रदर्शन किया, विशिष्ट अतिथियो व प्रतिष्ठित नागरिकों मे जूनी राजपूत, लक्ष्य प्रताप सिंह राजपूत, शुभम राय, विकास राय, नीरज सिंह, भूपत सिंह, कन्हैया, राजेश लहंगेर, सरदार राय, जगदीश सिंह, विनीत गुप्ता, मनोज पाटकर, सूर्यभान, संजीव देव, भानु प्रताप सिंह टेंगर, अंकित जैन, जय कुमार राय आदि की उपस्थिति रही कार्यक्रम में विशिष्ट योगदान शासकीय महाविद्यालय रीठी के शैक्षणिक स्टॉफ से सहायक प्राध्यापक गणों मे डॉ. उदय राज तिवारी, डॉ. धीरज कुमार मोदी, डॉ. बीरेंद्र पटेल, डॉ. राहुल परिहार, डॉ. शैल कुमारी, डॉ. प्रमिला बडोले, मानसी निगम, गरिमा सिंह, डॉ. श्रद्धा गर्ग, गायत्री कुशवाहा, ब्रजराज सिंह की कार्यक्रम मे गरिमा मय उपस्थिति रही, कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन महाविद्यालय के उप-प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार खरे ने किया, कला संकायध्यक्ष डॉ. ज्योति राजपूत ने आदिवासी महिलाओ की सामाजिक स्तिथि आकलन पर परिचर्चा पर विचार रखे, कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सतीश कुमार तिवारी ने किया, कार्यक्रम मे विशेष योगदान महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगणों एवं स्टॉफ से डॉ. बीरेंद्र प्रताप सिंह राजपूत, संतोष केवट, भानु प्रताप मिश्रा, भोलाराम पटेल, आर.के. निगम, श्रीविनय शंकर दुबे, भरतलाल लोधी, आशीष तिवारी, सुनील सेन, नरेंद्र सेन, रोहित पटेल, संजय गौतम, दीपक कुशवाहा एवं दोनों महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं का सहयोग व सहभागिता रही।



# बेंगलुरु, गुजरात के बीच मुकाबले में बड़ा स्कोर बनने की संभावना

बेंगलुरु (वार्ता)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटन्स (जीटी) के बीच बुधवार को बल्लेबाजों के अनुकूल रहने वाली एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच पर होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 14वें मैच बड़े स्कोर बनने की संभावना है। अपने शुरुआती मुकाबलों में लगातार जीत से उत्साहित आरसीबी घरेलू मैदान का फायदा उठाने का प्रयास करेगी। वहीं पिछली हार को भुलाकर गुजरात टाइटन्स अपनी लय को बरकरार रखना चाहेगी। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में विराट कोहली का शानदार रिकार्ड रहा है। यहां उन्होंने 89 मैचों में 40.53 की औसत से 3,040 रन बनाए हैं। कोहली ने आईपीएल में सबसे ज्यादा आठ शतक बनाए हैं। कोहली, फिलिप साल्ट और रजत पाटीदार के साथ मिलकर आरसीबी के लिए एक मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप बनाते हैं। जॉश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार की अगुआई वाली आरसीबी की गेंदबाजी इकाई ने भी पिछले मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें हेजलवुड ने दो मैचों में सिर्फ 5.37 की औसत से पांच विकेट लिए हैं। लियाम लिविंगस्टोन और करुणाल पांड्या स्पिन विभाग में गहराई प्रदान करते हैं।



### साई सुदर्शन प्रमुख बल्लेबाज के रूप में उभरे

गुजरात टाइटन्स के लिए, साई सुदर्शन प्रमुख बल्लेबाज के रूप में उभरे हैं। उन्होंने इस सत्र में लगातार अर्धशतक जड़े हैं और टीम के सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। कप्तान शुभमन गिल और जोस बटलर से पारी को संभालने और बड़ा स्कोर बनाने की उम्मीद है। गेंदबाजी आक्रमण की बात की जाये तो कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा आरसीबी की बल्लेबाजी को चुनौती देने की क्षमता रखते हैं। बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर ने भी टूर्नामेंट में अब तक अपने चार विकेट लेकर प्रभावित किया है।

आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ अपने दोनों मुकाबलों में आरसीबी ने जीत हासिल की है, इसलिए वे इस मैच में थोड़े पसंदीदा के रूप में उतरेंगे। हालांकि, जीटी का मजबूत बल्लेबाजी क्रम और संतुलित गेंदबाजी आक्रमण उन्हें एक दुर्जेय प्रतिद्वंद्वी बनाता है।

### कल होने वाले मैच के लिए इन खिलाड़ियों में से ही एकादश का चयन

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), स्वास्तिक चिकारा, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, फिलिप साल्ट, मनोज भंडागे, टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, लियाम लिविंगस्टोन, रोमारियो शेफर्ड, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, भुवनेश्वर कुमार, जॉश हेजलवुड, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, यश दयाल, रसिख दार सलाम, सुयश शर्मा, मोहित राठी, अभिनंदन सिंह।

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, ग्लेन फिलिप्स, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, जॉस बटलर, राशिद खान, राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, निशांत सिंधु, रविश्रीनिवासन साई किशोर, गेराल्ड कोएट्जी, जयंत यादव, अरशद खान, करीम जानत, शेरफेन रदरफोर्ड, महिपाल लोमरोर, वाशिंगटन सुंदर, मानव सुथार, गुरनूर बराड़, इशांत शर्मा, कगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलवंत खेजरोलिया, मोहम्मद सिराज।



## चोटिल चैपमैन पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच से हुये बाहर

हैमिल्टन, (वार्ता)। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज मार्क चैपमैन मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पाकिस्तान के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे एकदिवसीय मैच से बाहर हो गये हैं। उनकी जगह टिम सीफर्ट को टीम में शामिल किया गया है। चैपमैन ने नेपियर में सीरीज के पहले मैच में शानदार शतक बनाकर अपनी टीम को 73 रनो से जीत दिलाई थी। लेकिन क्षेत्ररक्षण के दौरान चैपमैन ने मांसपेशियों में खिंचाव की शिकायत की और बाद किये स्कैन में प्रभावित क्षेत्र में ग्रेड वन टियर का पता चला। चैपमैन अपने स्वास्थ्लाभ की शुरुआत करने के लिए ऑकलैंड लौटेंगे। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड का मानना है कि मार्क शनिवार को माउंट माउंगानुई में सीरीज के तीसरे मैच के लिए समय पर वापस लौट आयेंगे। स्टीड ने कहा, नेपियर में पहले एकदिवसीय में एक बहुत ही खास पारी खेलने के बाद यह मार्क के लिए निश्चित रूप से निराशाजनक खबर है।

## धामी ने बैटिंग कर शुरू किया इंटर क्रिकेट टूर्नामेंट



देहरादून (वार्ता)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को उत्तरांचल प्रेस क्लब द्वारा आयोजित इंटर क्रिकेट टूर्नामेंट में बल्लेबाजी कर खेल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तरांचल प्रेस क्लब में खेल सामग्री के लिए पांच लाख रुपये देने की घोषणा भी की। यह टूर्नामेंट महाराणा स्पोर्ट्स कॉलेज में सात दिन (एक से सात अप्रैल) तक चलेगा। श्री धामी ने कहा कि अमूमन पत्रकार साथी खेलों की रिपोर्टिंग कर खबर बनाते हैं। इस तरह के आयोजन से उन्हें खेल मैदान में जहां अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलेगा, वहीं खेलों से उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'फिट इंडिया मूवमेंट' की सराहना करते हुए आमजन को अपनी दिनचर्या में खेल गतिविधि को शामिल करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि आज भागदौड़ के जीवन में जरूरी है कि व्यक्ति खेलों से जुड़कर मानसिक तनाव से दूर रहे और स्वस्थ रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के हित में निरंतर प्रयासरत है। खिलाड़ियों को अधिकतम खेल सुविधाओं को देने की कोशिश जारी है। इससे आने वाले दिनों में राज्य के खिलाड़ी नेशनल गेम्स की तरह अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक लाकर राज्य का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा,गौरतलब है कि राष्ट्रीय गेम्स में राज्य के नाम 103 पदक रहे, यह सरकार की सफल खेल नीतियों का ही परिणाम है। क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान विधायक उमेश शर्मा काऊ, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिंह, महानिदेशक, सूचना, बंशीधर तिवारी, निदेशक, खेल, प्रशांत आर्य, खिलाड़ी, क्लब के मेंबर, सहित खेल कार्यकारणी के सदस्य और दर्शक भी मौजूद रहे।

## वंदना कटारिया ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी को कहा अलविदा



नयी दिल्ली (वार्ता)। भारतीय महिला हॉकी की दिग्गज खिलाड़ी वंदना कटारिया ने आधिकारिक रूप से अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लिया हैं। फरवरी 2025 में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग के दौरान भारत के लिए अपना आखिरी मैच खेलने वाली वंदना कटारिया ने संन्यास की घोषणा की है। इसके साथ उनके 15 साल से अधिक लंबे असाधारण करियर का अंत हो गया। वंदना ने कहा कि यह फैसला आसान नहीं था, लेकिन मुझे पता है कि यह सही समय है। हॉकी मेरी जिंदगी रही है और भारतीय जर्सी पहनना सबसे बड़ा सम्मान था। हर यात्रा का अंत होता है और मैं गर्व, आभार और खेल के लिए प्यार के साथ संन्यास ले रही हूं। भारतीय हॉकी अच्छे हाथों में है और मैं हमेशा इसकी सबसे बड़ी समर्थक रहूंगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा, मैं अपने कोचों, साथियों, सपोर्ट स्टाफ, हॉकी इंडिया, अपने परिवार और सभी फैंस का धन्यवाद करना चाहती हूं जिन्होंने मुझे वर्षों तक समर्थन दिया। हर उत्साहवर्धन, हर संदेश, हर प्रोत्साहन शब्द मेरे लिए बहुत मायने रखते थे। भारतीय महिला हॉकी के इतिहास में सबसे अधिक मैच खेलने वाली वंदना कटारिया ने अपने 320 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 158 गोल किये। 32 वर्षीय फारवर्ड वंदना ने 2009 में सीनियर टीम में पदार्पण किया था। वह टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत का ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रहने वाली टीम में शामिल थी। इस दौरान वह खेलों में हैट्रिक बनाने वाली पहली और एकमात्र भारतीय महिला बनीं।



## ब्रैथवेट ने टेस्ट कप्तानी छोड़ी

### शाई होप होंगे टी-20 टीम के कप्तान

एंटीगुआ (वार्ता)। क्रिकेट वेस्टइंडीज बोर्ड ने एकदिवसीय टीम के कप्तान के रूप में जहां शाई होप को टी-20 प्रारूप की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं टेस्ट कप्तान क्रैग ब्रैथवेट ने लंबे प्रारूप में कप्तानी छोड़ दी है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने सोमवार को टीम के कप्तान को लेकर बदलाव की पुष्टि करते हुए कहा कि अभी तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए ब्रैथवेट के उत्तराधिकारी की नियुक्ति नहीं की है। एकदिवसीय कप्तान शाई होप को टी-20 टीम की जिम्मेदारी दी गई है। वह रोवमैन पॉवेल की जगह लेंगे। ब्रैथवेट को 2021 में टेस्ट कप्तान बनाया गया था। उनके नेतृत्व में, वेस्टइंडीज ने 2024 में 27 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की। गाबा में एक यादगार जीत दर्ज की।

## ऑस्ट्रेलिया ने नयी अनुबंध सूची में तीन नये खिलाड़ियों को किया शामिल

सिडनी (वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया ने 2025-26 के लिए राष्ट्रीय अनुबंध की नयी सूची में तीन यूवा खिलाड़ी सैम कोन्स्टास, मैथ्यू कुहनेमैन और ब्यू वेबस्टर को जगह दी गई है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने केंद्रीय अनुबंध करने वाले 23 खिलाड़ियों की नई सूची जारी की है इनमें बल्लेबाज सैम कोन्स्टास, स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को शामिल है। वहीं ऑलराउंडर आरोन हार्डी, तेज गेंदबाज सीन एबॉट और स्पिनर टॉड मर्फी का अनुबंध आगामी 12 महीनों के लिए समाप्त कर दिया गया है। कूपर कोनोली और जेक फ्रेजर-मैकगर्क को भी इस सूची में जगह नहीं दी गयी। कोनस्टास ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत के खिलाफ अपने पदार्पण मैच में प्रभावशाली प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय अनुबंध में जगह बनाई। जबकि कुहनेमन को श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया की जीत में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।



सिडनी में वेबस्टर ने भारत के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान देकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया तथा श्रीलंका में दो और टेस्ट मैचों में भी अपना योगदान जारी रखा। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली का मानना है कि तीनों खिलाड़ी अनुबंध के हकदार हैं और अब वे जून में लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया टीम में शामिल होंगे। जुलाई से वेस्टइंडीज में होने वाली टेस्ट श्रृंखला और इस वर्ष आखिर में घरेलू धरती पर एशेज के लिए इंग्लैंड के साथ प्रतीक्षित दौरे से पहले कड़े मुकाबले की उम्मीद की जा रही है। बेली ने कहा, मैट ने श्रीलंका में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है और हमारा मानना ??है कि वह अगले 18 महीनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। ब्यू के मामले में उन्होंने टेस्ट स्तर पर बल्ले और गेंद से काफी सहजता दिखाई है साथ क्षेत्ररक्षण में और टीम के संतुलन में नया आयाम जोड़ा है।

### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया पुरुष अनुबंध सूची 2025-26 इस प्रकार है

जेवियर बार्टलेट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स केरी, पैट कमिंस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोन्स्टास, मैथ्यू कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मॉरिस, झाई रिचर्डसन, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर, एडम जम्पा।

## मार्च में जीएसटी संग्रह 196141 करोड़ रुपये रहा

नयी दिल्ली (वार्ता) वित्त वर्ष 2024 -25 के लिए मार्च 2025 में माल एवं सेवाकर (जीएसटी) राजस्व संग्रह 196141 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने के 178484 करोड़ रुपये के संग्रह की तुलना में 9.9 प्रतिशत अधिक है। जीएसटीएन पोर्टल पर जारी आंकड़ों के अनुसार मार्च 2025 में सीजीएसटी संग्रह 38145 करोड़ रुपये रहा है। एसजीएसटी 49891 करोड़ रुपये और आईजीएसटी 95853 करोड़ रुपये रहा है तथा क्षतिपूर्ति अधिभार संग्रह 12253 करोड़ रुपये रहा है। रिफंड के बाद मार्च 2025 में शुद्ध जीएसटी संग्रह 176526 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने में संग्रहित 164592 करोड़ रुपये के संग्रह की तुलना में 7.3 प्रतिशत अधिक है। मार्च 2025 में 19615 करोड़ रुपये का रिफंड किया गया है। आंकड़ों के अनुसार 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में कुल जीएसटी संग्रह 2208861 करोड़ रुपये रहा है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 2018249 करोड़ रुपये के संग्रह की तुलना में 9.4 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान सीजीएसटी संग्रह 413776 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 516448 करोड़ रुपये , आईजीएसटी 1125335 करोड़ रुपये और क्षतिपूर्ति अधिभार 153303 करोड़ रुपये रहा है।




## मारुति के यात्री वाहनों की बिक्री 0.5 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली (वार्ता)। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) की 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री इसके पिछले वित्त वर्ष में 17 लाख 59 हजार 881 के मुकाबले 0.5 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी के साथ 17 लाख 60 हजार 767 इकाई पर पहुंच गई। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में उसने घरेलू बाजार में कुल 17 लाख 60 हजार 767 यात्री वाहनों की बिक्री की, जो वित्त वर्ष 2023-24 की 17 लाख 59 हजार 881 के मुकाबले 0.5 प्रतिशत अधिक है। हालांकि आलोच्य अवधि में उसकी मिनी कारें अल्टो और एस-प्रेसो की घरेलू बिक्री एक लाख 42 हजार 94 इकाई के मुकाबले 11.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ एक लाख 25 हजार 770 इकाई रह गई।



कॉम्पैक्ट कारों बलेनो, सिलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट और वैगनआर की बिक्री 828,015 इकाई से घटकर 896,507 इकाई तथा मिडसाइज सेडान सियाज की बिक्री 10,337 से गिरकर 8,402 इकाई पर आ गई। इस तरह समाप्त वित्त वर्ष में उसकी कुल यात्री कारों की बिक्री नौ लाख 80 हजार 446 से 7.7 प्रतिशत कम होकर नौ लाख चार हजार 909 इकाई रह गई। वहीं, आलोच्य अवधि में कंपनी के यूटिलिटीज वाहनों ब्रेजा, एर्टिगा, फ्रॉन्क्स, ग्रैंड विटारा, इनविक्टो, जिमी और एक्सएल6 की बिक्री छह लाख 42 हजार 296 से 12.13 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ सात लाख 20 हजार 186 इकाई पर पहुंच गई जबकि वैन श्रेणी ईको की बिक्री 137,139 से घटकर 135,672 इकाई पर आ गई। हालांकि इस अवधि में उसके हल्के वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) सुपर कैरी की बिक्री 33,763 से बढ़कर 34,492 इकाई हो गई। इस तरह घरेलू बाजार में उसने कुल 17 लाख 95 हजार 259 एलसीवी और यात्री वाहन बेचे, जो वित्त वर्ष 2023-24 के 17 लाख 93 हजार 644 से 0.09 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में कंपनी के वाहनों के निर्यात में 17.5 प्रतिशत का उछाल आया और यह दो लाख 83 हजार 67 से बढ़कर तीन लाख 32 हजार 585 इकाई पर पहुंच गया। इस तरह से निर्यात सहित उसकी कुल बिक्री 21 लाख 35 हजार 323 के मुकाबले 4.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 22 लाख 34 हजार 266 इकाई हो गई।

इस तरह कंपनी ने लगातार दूसरे वर्ष कुल बिक्री में 20 लाख इकाई के लक्ष्य को पार कर लिया है। कंपनी ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी एवं अंतिम तिमाही में घरेलू बाजार में उसकी कुल कार बिक्री में 3.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई

## ओरा का दिल्ली एनसीआर में विस्तार

गुरुग्राम (वार्ता)। डायमंड ज्वेलरी ब्रांड ओरा फाइन ज्वैलरी ने दिल्ली एनसीआर में अपना विस्तार करते हुये गुरुग्राम में नया स्टोर शुरू किया है जो कंपनी का दिल्ली एनसीआर में 12वां स्टोर है। कंपनी ने यहां कहा कि गुड अर्थ सिक्सटी9, गुरुग्राम में अपने दूसरे और एनसीआर में 12वें स्टोर की शुरुआत की है। कंपनी के प्रबंध निदेशक दीपू मेहता ने कहा, ओरा में, हम अपने ग्राहकों से सिर्फ लेन-देन से आगे बढ़कर संबंध बनाने में विश्वास रखते हैं। यह इवेंट गुरुग्राम में हमारे दूसरे स्टोर के उद्घाटन का जश्न था, जो हमारे ग्राहकों के लिए खास और यादगार अनुभव देने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है।




उन्होंने कहा कि गुरुग्राम स्टोर खास रूप से सबसे महत्वपूर्ण अवसरों के लिए डिज़ाइन की गई डायमंड ज्वेलरी की बेहतरीन श्रृंखला पेश करेगा। ओरा के एकता - द वेडिंग कलेक्शन के साथ मिनिमलिस्टिक नेकलेस सेट के लिए एस्ट्रा कलेक्शन, रोज पहनने के लिए सोलिस कलेक्शन और पेटेंटेड क्राउन स्टार सॉलिटेयर कलेक्शन का यहाँ प्रदर्शन किया गया, जो आधुनिक ग्राहकों की उन्नत पसंद के अनुरूप बेहतरीन कलेक्शन पेश करते हैं। कंपनी ने कहा कि इसके शुभारंभ के मौके पर गुरुग्राम की डिजिटल क्रिएटर और इंफ्लुएंसर पायल गुप्ता आकर्षण में रहीं ।

## ऑडी ने 2025 की पहली तिमाही में बेचे 1223 वाहन

मुंबई (वार्ता)। जर्मनी की लग्ज़री कार निर्माता कंपनी ऑडी ने चालू वर्ष पहली तिमाही में भारत में 1223 लक्जरी वाहनों की बिक्री है जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उसके वाहनों की बिक्री आयी तेजी लग्ज़री कार बाजार में ब्रांड की बढ़ती मांग को दिखाता है। वर्ष 2025 की पहली तिमाही के ऑडी इंडिया के विभिन?न प्रोडक?टों और सप?लाई चेन की बेहतर स्थिरता का लाभ उठाने के सफल प्रयासों को उजागर करते हैं। इस वृद्धि में प्रमुख योगदानकर्ताओं में ऑडी क्यू7 और ऑडी क्यू8 जैसे मॉडलों की निरंतर लोकप्रियता शामिल है। यह अच्छा प्रदर्शन पिछले साल की तरह ही जारी है, जब ऑडी इंडिया ने भारत की सड़कों पर 100,000 गाड़ियाँ बेचने की बड़ी उपलब्धि हासिल की थी। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 2025 की शुरुआत हमारे लिए बहुत अच्छी रही है। हमारी बिक्री में जो वृद्धि हुई है, वह दिखाती है कि हमारे ग्राहकों



को ऑडी ब्रांड पर कितना भरोसा है और हमारे उत्पादों में कितनी ताकत है। 2024 में हमने सामान की आपूर्ति में आने वाली मुश्किलों का सामना किया, लेकिन अब हम भारत में लग्जरी गाड़ियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए तैयार हैं। हम आने वाले समय में भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं और हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को बेहतरीन उत्पाद और अनुभव प्रदान करना है। ब्रांड के प्री-ओन्ड कार व्यवसाय, ऑडी अप्रूव्ड प्लस ने 2024 की इसी अवधि की तुलना में 2025 की पहली तिमाही में 23 प्रतिशत की वृद्धि की है।

## नीति एनसीएईआर राज्य आर्थिक मंच पोर्टल शुरू

नयी दिल्ली (वार्ता)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीएईआर) के सहयोग से नीति आयोग द्वारा विकसित नीति एनसीएईआर राज्य आर्थिक मंच पोर्टल का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्रीमती सीतारमण ने कहा कि यह पोर्टल लगभग 30 वर्षों (अर्थात 1990-91 से 2022-23) की अवधि के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजकोषीय मापदंडों, शोध रिपोर्टों, पत्रों और राज्य वित्त पर विशेषज्ञ टिप्पणियों पर डेटा का एक व्यापक भंडार है। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल वृहद, राजकोषीय, जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक रुझानों को समझने में मदद करेगा; आसानी से सुलभ डेटा और उपयोगकर्ता के अनुकूल प्रारूप और एक ही स्थान पर समेकित क्षेत्रीय डेटा की चल रही आवश्यकता को भी संबोधित करेगा।

## ट्रंप के टैरिफ लागू करने की धमकी से बाजार में कोहराम

मुंबई (वार्ता)।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रंप के बुधवार से पारस्परिक टैरिफ लागू करने की धमकी से निवेशकों के निवेश के सुरक्षित गंतव्य स्वर्ण और बॉन्ड की ओर रुख करने से हुई भारी चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1390.41 अंक अर्थात 1.80 प्रतिशत का गोता लगाकर दो सप्ताह के निचले स्तर 76,024.51 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 353.65 अंक यानी 1.50 प्रतिशत की गिरावट लेकर 23165.70 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। मिडकैप 1.04 प्रतिशत लुढ़ककर



41,099.88 अंक पर पहुंच गया जबकि स्मॉलकैप 0.07 प्रतिशत की बढ़त लेकर 46,671.93 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4195 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2708 में लिवाली जबकि 1344 में बिकवाली हुई वहीं 143 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2994 कंपनियों के शेयर कारोबार के लिए रखे गए, जिनमें से 1955 में तेजी जबकि 960 में गिरावट रही वहीं 79 के भाव स्थिर रहे। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका द्वारा कल संभावित जवाबी टैरिफ की घोषणा से पहले बढ़ती वैश्विक अस्थिरता के बीच आज घरेलू बाजार में भारी बिकवाली देखी गई। निवेशक इन टैरिफ की विस्तृत जानकारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। साथ ही संभावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के लिए चल रही वार्ताओं पर भी नजर बनाए हुए हैं। अमेरिकी बाजार के प्रति संवेदनशील आईटी समूह आज की गिरावट में सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। वहीं, महाराष्ट्र सरकार की रेडी रेकनर दरों में वृद्धि के बाद रियल एस्टेट शेयरों में भी गिरावट दर्ज की गई क्योंकि इससे संपत्तियों के मूल्यांकन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इनके अलावा कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने भी बाजार की धारणा को और कमजोर किया। हालांकि, टैरिफ से संबंधित अल्पकालिक अस्थिरता के बावजूद घरेलू स्तर पर सकारात्मक कारक जैसे कि उम्मीद से बेहतर आय वृद्धि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा संभावित ब्याज दरों में कटौती और मूल्यांकन में सुधार निवेशकों के लिए स्थिरता और समर्थन प्रदान करने की संभावना रखते हैं। इससे बीएसई में तेल एवं गैस और दूरसंचार की 2.02 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 19 समूहों में गिरावट रही।

# सीएम राइज स्कूल अब सांदीपनि विद्यालय कहलाएंगे : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का माला पहनाकर किया अभिनंदन, उपहार भी दिए

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार विद्यार्थियों को गणवेश, लैपटॉप, ई–स्कूटी, साइकिल, कोचिंग के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवा कर सही अर्थ में रामराज की कल्पना को साकार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन में मध्यप्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में भी विकास कर रहा है। प्रदेश के समस्त निर्मित और निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूलों का नाम अब सांदीपनि विद्यालय होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज भोपाल की अरेरा कॉलोनी स्थित शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (ओल्ड कैम्पियन) में आयोजित स्कूल चलें हम राज्य स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम–2025 को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवीन विद्यालय परिसर पहुंचने ही विद्यार्थियों से संवाद किया और इस अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी देखी। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्रों का अवलोकन कर सराहना की।



### नव प्रवेशी बालिकाओं को उपहार दिए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में के.जी.–2 में प्रवेश लेने वाली नन्ही बालिकाओं को माला पहनाकर उनके विद्यालय में प्रवेश की औपचारिकता पूर्ण करवाई। उन्होंने नव प्रवेशी बालिकाओं को उपहार दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और अन्य अतिथियों ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मान प्रदान किया।

### भगवान श्रीकृष्ण ने ही स्कूल चलें हम अभियान प्रारंभ किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का दिन विशेष है। अद्भुत संयोग है, जो मध्यप्रदेश की धरती पर हम देख रहे हैं। हमें अतीत में जाकर देखना होगा और अतीत के घटनाक्रम का शोध भी करना होगा। इसके अनुरूप आवश्यक सुधार भी हम करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने कंस को मारा तो उस समय की परिस्थितियों में उन्होंने शिक्षा के महत्व को समझा। वह प्रथम स्कूल चलें हम अभियान था। भगवान श्रीकृष्ण ने ही यह अभियान प्रारंभ किया। भगवान श्रीकृष्ण ने कंस के कुशासन का अंत कर शिक्षा का महत्व प्रतिपादित किया। उस युग के ऋषि मुनियों ने निर्णय लिया कि श्रीकृष्ण को शिक्षा के लिए गोकुल भेजा जाए जो सांदीपनि आश्रम था। यहीं पर श्रीकृष्ण और सुदामा की अनुकरणीय मित्रता का उदाहरण भी पूरे विश्व ने देखा कि मित्रता का निर्वाह और आत्मीयता को किस तरह जीवन भर बनाए रखा जा सकता है।

### लगन और परिश्रम से भारत के राष्ट्रपति बने कलाम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे स्वयं शासकीय विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर यहां तक पहुंचे हैं। अनेक महान लोगों, जिनमें डॉ. एपीजे कलाम भी शामिल हैं, जिन्होंने अपनी लगन और परिश्रम से मिसाइल मैन और भारत के राष्ट्रपति बने। इसी तरह पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने भी अभाव और निर्धनता में रहकर कष्ट सहते हुए शिक्षा ग्रहण की, लेकिन अपने लक्ष्य को प्राप्त किया।

### उद्योगपतियों ने मध्यप्रदेश में उद्योगों की स्थापना में कदम बढ़ाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में संभाग स्तर पर सफलतापूर्वक इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हुए। उद्योगपतियों ने मध्यप्रदेश में उद्योगों की स्थापना में कदम बढ़ाए हैं। ऐसे उद्योगपतियों की संख्या 60प्रतिशत है।

राज्य शासन उद्योगों को समय–सीमा में भूमि के साथ अन्य सुविधाएं दे रहा है। लक्ष्य यही है कि विद्यार्थियों को और युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार दिलवाया जा सके।

### विद्यार्थियों के लिए पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में भी विशेष कार्य हो रहा है। जहां संभाग स्तर पर बच्चों को शिक्षण–सत्र शुरू होते ही अप्रैल महीने में पाठ्य–पुस्तकें उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की गई है। कक्षा–एक से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 5 करोड़ 60 लाख पुस्तकें, एक करोड़ से अधिक फाउंडेशन टिरेसी एण्ड न्यूमरेसी अभ्यास पुस्तिकाएं और 26 लाख से अधिक ब्रिज कोर्स की पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को दिए ये टिप्स

विद्यार्थी समय का पूर्ण सदुपयोग करें। विद्यार्थी खूब पढ़े भी और खेलें भी। विद्यार्थी मित्रता का भी सम्मान करें। श्रीकृष्ण और सुदामा की मैत्री से सीखें। विद्यार्थी शासन द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का लाभ लें। सभी विद्यार्थी अपनी बहुमुंखी प्रतिभा से राष्ट्र और प्रदेश का नाम रोशन करें।



# भोजपुर से 2 टाइगर्स को रेस्क्यू कर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व भेजा गया

**भोपाल।** मुख्य वन संरक्षक भोपाल वृत्त के मार्गदर्शन एवं वन मण्डल अधिकारी ओबेदुल्लागंज के नेतृत्व में परिक्षेत्र चिकलोद के स्टॉफ द्वारा सोमवार को ग्रामवासियों की माँग पर टाइगर्स को पकड़ने के लिये पिंजरे लगाये गये। वन विहार भोपाल एवं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू टीम, पशु चिकित्सकों एवं स्थानीय प्रशासन और पुलिस के सहयोग से दोनों टाइगर्स का सफल रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू के उपरांत दोनों टाइगर्स का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित ढंग से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व भेजा गया। भोजपुर से लगे हुए वन क्षेत्र बीट भोजपुर में भोजपुर–ईमलिया मार्ग पर दो टाइगर्स का लगातार विचरण विगत एक माह से बना हुआ था। इन टाइगर्स द्वारा 5 मवेशियों का शिकार किया गया था।

टाइगर के विचरण के कारण ग्रामीण असुरक्षित महसूस कर रहे थे। टाइगर्स का खेतों में विचरण होने से ग्रामीण फसलें नहीं काट पा रहे थे। खेतों एवं वन क्षेत्र के मध्य से जो रास्ता निकलता है, वह ग्रामीणों का मुख्य मार्ग है, जिससे ग्रामीणों का भोजपुर, मण्डीदीप और बंगरसिया आना–जाना लगा रहता है। कुछ ग्रामीण मण्डीदीप फैक्ट्रियों में नौकरी करने भी जाते हैं। वन विभाग से ग्रामवासी लगातार टाइगर्स के रेस्क्यू की माँग कर रहे थे। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर भी टाइगर के मूवमेंट के संबंध में लिखा था। ग्रामीणों की माँग को दृष्टिगत रखते हुए वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने दोनों टाइगर्स को रेस्क्यू करने का निर्णय लिया।

# जमीनी संघर्ष से लेकर लंबा राजनैतिक सफर रहा स्व. सुभाष यादव का : नायक

**भोपाल (वार्ता)।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी में आज सहकारिता के क्षेत्र में लंबे समय तक काम करने वाले स्वर्गीय सुभाष यादव की जन्म जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्मरण किया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय सुभाष यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने स्वर्गीय यादव के संबंध में कहा कि किसानों के लिए जमीनी संघर्ष से लेकर उनका राजनैतिक सफर काफी लंबा रहा। उन्होंने छोटे से कस्बे से लेकर जिला, प्रदेश और दिल्ली तक का लंबा राजनैतिक सफर तय किया। उन्होंने विधायक, सांसद, मंत्री, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से लेकर उपमुख्यमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुये किसानों और प्रदेश की जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। पुष्पांजलि कार्यक्रम में कांग्रेस नेता भूपेन्द्र गुप्ता, अभिनव बरोलिया समेत अन्य पार्टी नेता उपस्थित थे।

# वृद्ध महिला की पत्थर पटक कर हत्या

**दमोह।** जिले के तारादेही थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती शाम पड़ोस में ही रहने वाले एक युवक ने वृद्ध महिला के गले से सोने के जेवर ताबीज एवं नथ लूट ने की कोशिश की। विरोध करने पर महिला की हत्या कर दी। पड़ोस में ही रहने वाले दो भाइयों ने जब उसको पकड़ने का प्रयास किया तो उन पर भी उसने तलवार से हमला कर दिया। हालांकि घटना की खबर लगते ही कुछ देर बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। तारादेही थाना क्षेत्र के बांसनी गांव में आरोपी मुकेश यादव ३५ वर्ष ने मूलाबाई अहिरवाल 55 वर्ष के घर में घुसकर उनके जेवर लूटने की कोशिश की। विरोध करने पर पत्थर पटक कर महिला की हत्या कर दी।

इस घटना की खबर लगते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने बताया है कि मूलाबाई अकेली रहती थीं। उनके पति का कई साल पहले निधन हो चुका है। उनके बेटे घर से करीब 2 किलोमीटर दूर रहते हैं। आरोपी पड़ोस का ही रहने वाला है। गांव के दो सगे भाई बृजेश बैन और पप्पू बेन आरोपी को पकड़ने दौड़े लेकिन आरोपी ने दोनों भाइयों पर भी तलवार से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। इसके बाद वह एक घर की छत पर चढ़ गया और काफी देर तक हंगामा करता रहा। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी तलवार का डर दिखाकर फरार हो गया। तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। मृतका के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए तेंदूखेड़ा भेजा गया है। घायल दोनों भाइयों का स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है।

# पुस्तक एवं गणवेश मेला संपन्न



**दमोह।** दमोह के एमएलबी ग्राउंड में प्रथम बार आयोजित पुस्तक मेले का समापन हुआ। समापन दिवस पर लोगों की भीड़ उमर पड़ी। लगभग 1500 से अधिक अभिभावकों ने पुस्तक एवं अन्य सामग्री की खरीदी की। समापन अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने मेले में पहुंचकर अभिभावकों दुकानदारों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा 15 से 20 अप्रैल को एक बार फिर मेले का आयोजन किया जाएगा। बहुत से अभिभावक एसे हैं जो या तो मेले में नहीं पहुंच सके अथवा पुस्तकों के अभाव से वह पूरी पुस्तक नहीं खरीद सके। इस 15 दिन के गैप में दुकानदार भी सामग्री की कमी हैए तो उसे पूर्ण कर लेंगे, व्यवस्थित कर लेंगे तथा एक बार फिर पूरी ऊर्जा के साथ मेले में उतरेंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इसके अलावा 13 अप्रैल रविवार को एक अनोखा मेला लगाने वाले हैं और यह मेला अभिभावक लगाएंगे जो अभिभावक अपने बच्चों की पुस्तकों को दान करना चाहते हैं। जिन्हें पुरानी पुस्तकों की आवश्यकता है, ऐसे विद्यार्थी और अभिभावकों को हम एमएलबी स्कूल दमोह के इसी परिसर में पूरी सुविधा उपलब्ध कराएंगे ताकि पालक आपस में अपनी विद्यार्थियों की पुस्तकों को निःशुल्क दे सकें अथवा ले सकें। इस एक्सचेंज मेले में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने ज्यादा से ज्यादा अभिभावकों को भाग लेने हेतु अनुरोध किया है।

# कांग्रेसजनों ने ईद की मुबारकबाद दी



**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेसजनों के साथ फुटेरा वार्ड स्थित ईदगाह मैदान पहुंचकर मुस्लिम भाईयो को ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि इस महापर्व पर मुस्लिम भाईयों को जो अपना त्यौहार बड़ी ही सादगी से एवं मर्यादित होकर मनाते है उन्हें बहुत ही प्रसन्नता होती है उनके गले लगकर मुबारक बाद दी। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि हमारे समाज में सबके त्यौहार अलग–अलग हैं लेकिन सबकी इंसानियत एक है, सब का मजहब एक है, वह है एक दूसरे के काम आना लेकिन कुछ फिरकापरस्त पार्टियां हमें आपस में लड़ाने का प्रयास करती है। इसके बाद पठानी मुहल्ला, गढ़ी मुहल्ला पहुंचकर भी मुस्लिम भाईयो को ईद की मुबारक बाद दी। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा, आशीष पटेल, राजा रौतेला, रोशन नायक सहित कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

## बर्धा और मड़ियादो में जनसुनवाई आयोजित की गई

दमोह।

कलेक्टर सुधीर कोचर के निर्देश और जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे के निर्देशन में मंगलवार को हटा ब्लाक की ग्राम पंचायत बर्धा और ग्राम पंचायत मड़ियादो में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। दोनों ही ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी, राजस्व, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य खाद्य आदि विभाग के कर्मचारियों की मौजूदगी में सुबह 11 बजे से ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। विभिन्न योजनाओं के लिए लोगों ने आवेदन भी प्रस्तुत किए।




# शास. उमा विद्यालय लकलका में प्रवेशोत्सव

**दमोह।** प्रवेश उत्सव के प्रारंभ में हायर सेकंडरी विद्यालय लकलका में नव प्रवेशी प्रवेशित बच्चों का तिलक रोली लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर के स्वागत किया गया। समस्त उपस्थित विद्यालय परिवार के शिक्षकों द्वारा एवं प्राचार्य राजकुमार जैन एवं पूर्व प्रचारक भगवान सिंह ठाकुर एसएमडीसी अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह एवं अन्य सदस्यों द्वारा उपस्थित मे समस्त छात्र–छात्राओं को निःशुल्क पाठ पुस्तकों का वितरण किया गया एवं समस्त ग्राम के प्रवासी बच्चों के लिए उपस्थित जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि कक्षा छठवीं से 12वीं तक के जितने भी अप्रवेषी छात्र हैं ग्राम में उनका विद्यालय में प्रवेश दिलाएं क्योंकि नया सत्र प्रारंभ हो चुका है। कक्षाओं का संचालन विभाग प्रारंभ हो चुका है। शासन के निर्देशानुसार ग्रीष्मकालीन गर्मी के कारण साला समय परिवर्तन हो चुका है। जिसमें 7:30 बजे से 12:30 बजे तक विद्यालय का संचालन किया जाएगा।

## एमएलबी स्कूल में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम

**हटा।** स्कूल चले अभियान के अंतर्गत एवं नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम हटा एमएलबी कन्या शाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्यातिथि क्षेत्रीय विधायक उमादेवी लालचंद खटीक, विशिष्ट अतिथि सौरभ नेमा अध्यक्षए भाजपा नगर मंडल हटा, सहायक संचालक शिक्षा विभाग डॉ आशुतोष गोस्वामी द्वारा सरस्वती पूजन एवं कन्या पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को पुस्तकों का वितरण किया गया।

सहायक संचालक डॉ आशुतोष गोस्वामी ने इस अवसर पर कहा कि हम एक ओर महाशक्ति की पूजा कर रहे है। दूसरी ओर कन्याओं को शिक्षा प्राप्त करने पुस्तकें सौंप रहे ताकि वह पढ़ लिखकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग कर सकें।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर
### लोककर्म विभाग
### प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नालिखित्त कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | pro-01 1/04/2025 2025_UAD_412775_1 | चेरीताल वार्ड अंतर्गत सरस्वती कॉलोनी में श्री आर. के. सोनी जी से लोकेश व्यास जी से डॉ. देवानी जी के निवास स्थान तक सडक निर्माण कार्य। | 04 माह 30.74 लाख | 5000/- 23058/- | 1/05/2025 |
| 2 | pro-01 1/04/2025 2025_UAD_412775_2 | चेरीताल वार्ड अंतर्गत राजीव नगर बस्ती हनुमान मंदिर के सामने मरी सोनी के घर होते हुए अंजु ठाकुर के मकान से होते हुए आशीष बारी तक सडक निर्माण कार्य। | 03 माह 13.12 लाख | 2000/- 9841/- | 1/05/2025 |
| 3 | pro-01 1/04/2025 2025_UAD_412775_3 | डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड अंतर्गत उर्दू कन्या शाला से फैययाज के मकान तक रोड, नाली, कर्वड, चेम्बर निर्माण कार्य। | 03 माह 6.53 लाख | 2000/- 6540/- | 15/04/2025 |
| 4 | pro-01 1/04/2025 2025_UAD_412775_4 | डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड अंतर्गत नोनेलाल की गली मुन्ना बर्तन से मदिना मस्जिद एवं समद होटल से जिलानी शहनाई के सामने रोड, नाली एवं चेम्बर। | 03 माह 14.03 लाख | 2000/- 10524/- | 1/05/2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट http://mptender.gov.in में पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
संभाग क्र.14 नगर निगम जबलपुर


# उत्साह के साथ मनाया गया प्रवेश उत्सव

## छात्रों का तिलक लगाकर फूल मालाओं से स्वागत कर कराया शाला में प्रवेश




**जबेरा।** मध्य प्रदेश शासन एवं शिक्षा विभाग के निर्देशन में स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत जबेरा जनपद के विद्यालयों में मंगलवार को प्रवेश उत्सव उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। जिसके तहत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा में राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के पिताश्री भावसिंह लोधी द्वारा जनप्रतिनिधियों शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में छात्र–छात्राओं को तिलक लगाकर एवं फूल मालाओं से स्वागत करते हुए विद्यालय में प्रवेश कराया गया। इस दौरान भाव सिंह लोधी ने कहा कि आज मध्य प्रदेश सरकार की पहल पर सभी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है और यह बहुत ही सुखद एवं आनंद दायक क्षण है। आज के परिवेश में शिक्षा और शिक्षित होना बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि शिक्षित व्यक्ति हर जगह सम्मान पाता है आज मुझे यहां जो इतना सम्मान मिल रहा है तो वह शिक्षा की ही वजह से मिल रहा है क्योंकि माता–पिता शिक्षा का महत्व जानते थे, इसलिए उन्होंने मुझे पढ़ाया और मैं प्राइमरी स्कूल में शिक्षक हुआ और आप भी अपने बच्चों को पढ़ाये चाहे परस्थिति कैसी भी रहे। उन्होंने कहा कि एक समय था जब अपने बच्चों को पढ़ना इतना आसान नहीं था सरकार से कुछ नहीं मिलता था और हमारे लिए बच्चों को कॉपी पेन किताबें जुटाना भी आसान नहीं था। मैंने भी अपने बच्चों को विषम परिस्थितियों में पढ़ाया है।


**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भूखण्ड हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति महिमा चौधरी पति श्री सोनू कुमार चमार (चौधरी) के द्वारा सुभाष नगर महाराजपुर कालोनी जबलपुर में भूखण्ड क्रमांक 23 के हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में उक्त भूखण्ड श्री नितिन सिंह ठाकुर पित्ता श्री सुरेन्द्र प्रत्ताप सिंह के नाम आवंटित है। श्री नितिन सिंह ठाकुर पिता श्री सुरेन्द्र प्रताप सिंह के प्राप्त आवेदन एवं निर्धारित दस्तावेज के आधार पर उक्त भूखण्ड श्रीमति महिमा चौधरी पति श्री सोनू कुमार चमार (चौधरी) के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जाना है। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भूखण्ड के हस्तांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर सुभाष नगर महाराजपुर कालोनी जबलपुर स्थित भूखण्ड क्र.-23 श्रीमती महिमा चौधरी पति श्री सोनू कुमार चमार (चौधरी) के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/ दावा मान्य नही होगा।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/24-25
दिनांक 01/4/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शारदा रजक पति श्री रुपचंद रजक ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद बैनर्जी के भवन क्रमांक 447/21-447/ए के भाग सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000400170 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 750 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 750 व.फु. आरसीसी द्वितीय तल 650 व.फु. आरसीसी विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री मदन सिंह धुर्वे पिता स्व. श्री के.धुर्वे श्रीमती शशिप्रभा धुर्वे पति एम.एस. धुर्वे का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/24-25
दिनांक 01/4/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अंकुर कन्हैया लाल पिता कन्हैयालाल चिमनानी (2) श्रीमती सुनीता कन्हैयालाल पति कन्हैयालाल ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अबंती बाई के फ्लेट नं. 307 ब्लाक ए कटारिया थीम पार्क मण्डला रोड सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000382388 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित थर्ड फ्लोर 1200 व.फु. आरसीसी विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती सुनीता फव्वानी पति सुनील कुमार फव्वानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/24-25
दिनांक 01/4/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अनुराधा कुमारी पति श्री राजीव रंजन कुमार ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अबंती बाई के भवन क्रमांक ब्लाक 6-506 दत्त टाउनशिप तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1003064965 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित 5th floor 1300 व.फु. आरसीसी विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री दीपक कुमार गुप्ता पिता श्री रमेश चन्द्र गुप्ता श्रीमती शालिनी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

### नर्सिंग मामले में हाईकोर्ट ने दिये अहम निर्देश

# अपात्र कॉलेजों के छात्रों को सूटेबल कॉलेजों में 30 दिनों में ट्रांसफर करो



## याचिकाकर्ता फाइलों का अवलोकन कर रिपोर्ट पेश करें

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

नर्सिंग फ़र्ज़ीवाडे मामले में लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की जनहित याचिका में हाईकोर्ट की स्पेशल बेंच के जस्टिस संजय द्विवेदी और जस्टिस अचल कुमार पालीवाल ने मामले की सुनवाई कर महत्वपूर्ण आदेश दिये हैं। हाईकोर्ट के पूर्व आदेश के पालन में मंगलवार को अपात्र संस्थाओं की मान्यता और संबद्धता की ओरिजनल फ़ाइलें सरकार की ओर से पेश की गईं, जिस पर हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को आदेश दिए हैं कि सभी फाइलों का अवलोकन कर अपनी रिपोर्ट सौंपे, जिसमें तुलनात्मक रूप से यह बताना होगा कि जो कॉलेज सीबीआई जांच में अपात्र पाए गए उन्हें आखिर किन परिस्थितियों में और किन- किन कमियों के होते हुए भी निरीक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा अनुमतियां दी गईं। हाईकोर्ट के निर्देश पर अब पीआईएल के याचिकाकर्ता को हजारों दस्तावेजों सहित फाइलों का महाधिवक्ता कार्यालय में अवलोकन कर अपात्र कॉलेजों को मान्यता देने वाले जिम्मेदारों के नामो सहित तथ्यात्मक रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश करनी होगी। उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट ने पूर्व में भी संपूर्ण प्रदेश के कॉलेजों की मान्यता की फाइलें तलब कर याचिकाकर्ता को अवलोकन करने के निर्देश दिए थे जिसके बाद याचिकाकर्ता द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट में प्रदेश में कागजों में चल रहे कॉलेजों और फैकल्टी फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ था।

### जांच में जिनके एडमिशन, वे परीक्षा के पात्र

हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सीबीआई जांच में जिन कॉलेजों में कोई छात्र प्रवेशित होना नहीं पाए गए हैं, उन कॉलेजों के छात्रों को एनरोलमेंट और परीक्षा में बैठने की पात्रता नहीं होगी। दरअसल याचिकाकर्ता ने आवेदन पेश कर हाईकोर्ट को बताया कि कई कॉलेजों द्वारा सीबीआई जांच के समय सीबीआई को बताया गया था कि उनके कॉलेजों में कोई भी छात्र प्रवेशित नहीं और कई कॉलेजों ने सीबीआई को एडमिशन के रिकॉर्ड दिखाने से इंकार कर दिया था। इसी आधार पर सीबीआई ने भी हाईकोर्ट में सौंपी। सीबीआई रिपोर्ट में इन कॉलेजों में छात्रों का एडमिशन नहीं होना बताया है, लेकिन बाद में जब हाईकोर्ट ने छात्रहित में सभी श्रेणी पात्र, अपात्र और डिफिशिएंट कॉलेजो के छात्रों को नामांकन कर परीक्षा में बैठाने के निर्देश दिए। वे सभी कॉलेज छात्रों के बैक डेट पर एडमिशन दर्शा कर एनरोलमेंट और परीक्षा में बैठाने के आवेदन कर रहे हैं साथ ही वे कॉलेज भी छात्रों का एनरोलमेंट कराना चाहतें हैं जो सीबीआई जांच में अस्तित्व में होना नहीं पाये गये हैं, हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता के तर्कों को सुनने के बाद अपने पूर्व आदेश में संशोधन करते हुए नए निर्देश दिए हैं, जिस कारण से अब कॉलेजों और छात्रों के एनरोलमेंट सीबीआई जांच रिपोर्ट के आधार पर ही किए जाएंगे।

### एक माह में पूरी होगी प्रक्रिया

याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट के समक्ष एक अन्य आवेदन पेश कर बताया कि नर्सिंग कौंसिल द्वारा अपात्र लाए गए कॉलेजों के छात्रों को सूटेबल कॉलेजों में ट्रांसफर नहीं किया जा रहा है जिससे हजारों छात्रों के भविष्य का संकट उत्पन हो गया है और अनसुटेबल कॉलेजों के पास उन्हें पढ़ाने और प्रशिक्षण देने हेतु आवश्यक संसाधन मौजूद नहीं है। हाईकोर्ट ने इस मामले में आदेश दिए है कि सीबीआई जांच में अपात्र पाए गए कॉलेजों में नामांकित छात्रों को 1 माह के भीतर सूटेबल कॉलेजों में ट्रांसफर किया जाए।



## हितकारिणी लॉ कॉलेज में कॉमन असेसमेंट टेस्ट का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

स्टुडेंट्स के विधिक ज्ञान और समझ को परखने के उद्देश्य से हितकारिणी विधि महाविद्यालय द्वारा कॉमन असेसमेंट टेस्ट का आयोजन किया गया, जिसे छात्रों ने सराहा और कहा कि इस मूल्यांकन परीक्षा से वे उत्साहित हैं और भविष्य में भी ऐसे टेस्ट के आयोजन की आकांक्षा रखते हैं। इस संबंध में महाविद्यालय के शासी निकाय अध्यक्ष और विधिवेत्ता एड अशोक गुप्ता ने कहा कि कॉमन असेसमेंट टेस्ट के आयोजन से न केवल छात्रों को अपनी कमियों को पहचानने का मौका मिलता है बल्कि उन्हें भविष्य में विधि विशेषज्ञ बनने के अवसर भी प्रदान करता है। इस टेस्ट में महाविद्यालय के समस्त छात्रों ने हिस्सा लेते हुए बेहतर प्रदर्शन किया। परीक्षा के सफल संचालन में प्राचार्य डॉ विकाश सिंह, उप प्राचार्य डॉ. भावना वर्मा, मानिका सिंह, जॉली जैन, यामिनी मिश्रा, अभिषेक नेमा, प्रशांत वर्मा, स्वाति यादव, शिवांगी गोलछा, अश्विनी दोशी, राजेश सेन, लोकेंद्र सिंह और पूनम ताम्रकार का सहयोग रहा।

### ननि की जनसुनवाई में पहुंचे 13 पीड़ित

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने जनसुनवाई कक्ष में पीड़ितों की समस्याएँ सुनीं। इस दौरान भवन शाखा की 2, अतिक्रमण की 4, जलप्रदाय की 1, स्वास्थ्य की 1, स्थापना की 1, भवन/कॉलोनी सेल की 2 एवं 2 लोककर्म विभाग से संबंधित कुल 13 जनसमस्याएँ प्राप्त हुई, जिसका निराकरण सुनवाई के दौरान ही किया गया। अपर अयुक्त आरपी मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने बताया कि सभी प्राप्त शिकायतें संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण हेतु प्रेषित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के संभाग क्रमांक 1 से 16 में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया तथा नागरिकों की समस्याएँ सुनी गई और उनका निराकरण भी कराया गया।

## 18 लाख गबन का आरोपी खुद को बता रहा बेकसूर

### फरार कम्प्यूटर ऑपरेटर ने जारी किया वीडियो

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



18 लाख रुपए के घोटाला मामले में फरार चल रहे पाटन नगर परिषद के कम्प्यूटर ऑपरेटर सोमेश गुप्ता का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें सोमेश खुद को निर्दोष बता रहा हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में सोमेश कह रहा है कि 18 लाख के गबन की मुझे कोई जानकारी नहीं है। बल्कि मेरे सेंट्रल बैंक के खाते से 1 लाख 54 हजार रुपए यूनियन बैंक में ट्रांसफर किए गए हैं। यह पीएफ की राशि है, जिससे मैं अपने बेटे का इलाज कराना चाहता हूं।

***ये है पूरा मामला***- दरअसल सोमेश गुप्ता परिषद के राजस्व विभाग में कार्यरत है। उसका काम टैक्स वसूल करना और रसीद काटना था। सोमेश ने साल 2018 से 2024 तक काटी गई रसीदों में से कुछ रसीद की राशि अपने बैंक खाते में जमा कर दी, जो लगभग 18 लाख रुपए है। प्रदेश के ई-नगर पालिका पोर्टल में साल 2023 में तकनीकी खराबी आई थी, जिससे टैक्स वसूली का काम ऑनलाइन की बजाय ऑफलाइन किया जाने लगा। 2024 में जब सर्वर ने फिर से काम शुरू किया, तो डेटा रि-स्टोर किया गया। तब पता चला कि सोमेश ने 2023-24 में टैक्स वसूली की कई फर्जी रसीदें काटी हैं। इसके बाद गड़बड़ी की विस्तार से जांच की गई, तब पता चला कि गड़बड़ी साल 2018 से की जा रही थी। परिषद के सीएमओ जयश्री चौहान और राजस्व अधिकारी दीपेश बबेले ने 4 दिन पहले सोमेश के खिलाफ पाटन थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी तभी पुलिस सोमेश की तलाश में है।

## जबलपुर-बेंगलुरु के लिए उड़ेगी नियमित फ्लाइट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहर के हवाई यात्रियों के लिए एक अच्छी खबर है। जबलपुर से बेंगलुरु के लिए सीधे नियमित फ्लाइट का शुभारंभ हो चुका है। बेंगलुरु के लिए इस नियमित फ्लाइट के शुरु होने से उड़ान से व्यापारियों को बड़ा फायदा होगा। गौरतलब है कि लंबे समय से बेंगलुरु के यात्री इस फ्लाइट की मांग कर रहे थे। अब इस फ्लाइट के शुरू होने से दक्षिण भारत से संस्कारधानी जबलपुर की एयर कनेक्टिविटी जुड़ जाएगी। इंडिगो एयरलाइंस ने उड़ान सेवा शुरू की है, जबलपुर से बेंगलुरु का सफर 1 घंटे 50 मिनट में पूरा हो जाएगा। इसके पहले जबलपुर से बेंगलुरु के लिए सप्ताह में केवल तीन दिन उड़ान थी। नौकरी और व्यापार के लिए बड़ी संख्या में में लोग जबलपुर से बेंगलुरु जाते हैं। ऐसे में उनके लिए यह एक बहुत ही अच्छी खबर है। बेंगलुरु जाने वाले यात्रियों के समय की भी बजट होगी।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री सुभाष यादव को किया याद



### कांग्रेसजनों ने वृद्धाश्रम में वितरित किये फल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सहकारिता के पुरोधा एवं मप्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. सुभाष यादव की जन्म-जयंती पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अभिषेक यादव एवं कांग्रेस नेता विवेक यादव ने कांग्रेस जनों के साथ वृद्धाश्रम में लगभग 100 वृद्धजनों को फल वितरित कर उनका हाल जाना एवं उनके मध्यप्रदेश के लिए उनके किए गए कार्यों को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर अभिषेक यादव ने कहा कि निमाड़ की धरती को नर्मदा जल से किसानों समृद्ध बनाने के लिए उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। कांग्रेस नेता रीतेश अग्रवाल ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने प्रदेश की जनता उनको हमेशा याद करेगी। पुष्पांजलि के दौरान युवा कांग्रेस नेता रविंद्र गौतम ने कहा कि एपेक्स बैंक के माध्यम से आम जनता को सहयोग ऋण उपलब्ध कराकर उनकी समृद्धि के लिए बहुत कार्य किए। इस अवसर पर पार्षद संतोष दुबे, रीतेश अग्रवाल, रविन्द्र गौतम, बबुआ शुक्ला, अभिनव बाजपेई अंशू, दीपेश मिश्रा, वीरू यादव, अमन अग्रवाल, सागर भरद्वाज, अंशित सोनी, दीपक नन्होरिया, अर्पित साहू, दीपक यादव, संजू आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## 8300 से अधिक ओवर हॉलिंग कर पमरे ने बनाया रिकॉर्ड

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेल के भोपाल एवं कोटा स्थित रेल कारखानों में कोचों/वैगनों का पीरीयोडिक ओवर हालिंग का कार्य किया जाता है। पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के सतत निगरानी एवं मार्गदर्शन में* पश्चिम मध्य रेल के दोनों कारखानों में वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य को पार करते हुए सर्वाधिक कोचों/वैगनों का अनुरक्षण करके बेहतर प्रदर्शन किया गया है। पश्चिम मध्य रेल ने अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक कुल 8307 कोचों/वैगनों का पिरियोडीक ओवर हॉलिंग (आउटटर्न) किया गया, जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## सीएम राइज में 9वीं कक्षा में अंग्रेजी माध्यम शुरू हो



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शन मंच व आम आदमी पार्टी सिहोरा द्वारा एसडीएम सिहोरा को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें यह मांग की गई है कि सीएम राइज स्कूल सिहोरा,जिला जबलपुर में वर्तमान में कक्षा केजी 1 से 8वीं तक अंग्रेजी माध्यम की कक्षा संचालित हो रही है इस सत्र कक्षा 8वीं में उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं के लिये स्कूल प्रशासन कक्षा 9वीं में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा प्रदान करने में असमर्थता व्यक्त कर रहा है स्कूल द्वारा छात्र/छात्राओं के साथ भविष्य खिलवाड किया जा रहा है। गरीब पालकों द्वारा निजी स्कूलों की अधिक फीस लेने के कारण वहां से निकाल कर अपने बच्चों का प्रवेश बडी उम्मीद से सीएम राईज अंग्रेजी माध्यम में कराया था। बच्चों का माध्यम बदलने से बच्चों के शैक्षणिक स्तर में गिरावट होगी। कई बच्चे ऐसे है जिन्होन क्लास नर्सरी से 8 वी तक अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा ग्रहण है की माध्यम बदलने से बच्चों को समझने की परेशानी होगी। यदि 9वीं अंग्रेजी माध्यम की कक्षा प्रारंभ नहीं की जाती 50-60 बच्चों का भविष्य संकट में आ जायेगा।

## दिव्यांग खिलाड़ियों ने दिल्ली में लहराया जीत का परचम

### लॉन बॉल प्रतिस्पर्धा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



राष्ट्रीय यमुना स्पोर्ट्स काम्पलेक्स नई दिल्ली में आयोजित प्रथम राष्ट्रस्तरीय लॉन बॉल दिव्यांगजन स्पर्धा में संपूर्ण भारत के लगभग 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपने हुनर का कुशल प्रदर्शन किया। इसी श्रृंखला में अंडर 15 एकल बालक जो कि ऑटिज्म बच्चे वर्ग के अंतर्गत मप्र लॉन बॉल एसोसिएशन का प्रतिनिधित्व करते हुए जबलपुर महानगर क्रीड़ा भारती के बलदेव बाग क्रीड़ा केंद्र के खिलाड़ी राघव वर्मा एवं ईशान गुप्ता ने भी शानदार प्रदर्शन किया।

***राघव ने रजक, ईशान ने जीता कांस्य***- लॉन बॉल एसोसिएशन मप्र के महासचिव राम किशोर सोनी के अनुसार इस प्रतियोगिता के परिणामों में राघव वर्मा ने रजत पदक और ईशान गुप्ता ने कांस्य पदक जीतकर न केवल संस्कारधानी को ही अपितु संपूर्ण प्रदेश के नाम को गौरवान्वित किया। कार्यक्रम में अनंत डीके (क्रीड़ा भारती मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़) क्षेत्र संयोजक, प्रकाश विश्पुते (क्रीडा भारती विभाग संयोजक,) लॉन बाल एसोसिएशन मध्य प्रदेश के चेयरपर्सन विलियम डायस, तथा लॉन बॉल एसोसिएशन मप्र की अध्यक्ष डॉ. मधुलिका एम त्रिपाठी एवं लॉन वॉल संगठन के महासचिव रामकिशोर सोनी व उनके टीचर्स बुशरा खान और अमर कदंब ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं हैं।

## महिला आरक्षण विधेयक लागू करने महिला कांग्रेस आज सौंपेगी ज्ञापन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



महिला कांग्रेस कमेटी जबलपुर द्वारा आज 2 अप्रैल महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसमें महिला आरक्षण विधेयक को शीघ्र लागू करने की माँग की जाएगी। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल और जबलपुर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कमलेश यादव के नेतृत्व में यह ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता और कांग्रेस पदाधिकारी शामिल होंगे। महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बताया कि महिला आरक्षण विधेयक वर्षों से लंबित है, जबकि यह राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है। महिला कांग्रेस ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि विधेयक जल्द लागू नहीं किया गया तो आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

### स्थगित विशेष बजट बैठक अब 16 को

जबलपुर। अपर आयुक्त विद्यानंद बाजपेयी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिक निगम, जबलपुर की स्थगित विशेष (बजट) बैठक अब 16 अप्रैल बुधवार समय प्रातः 11 बजे से निगम परिसर स्थित पं. भवानी प्रसाद तिवारी सभा कक्ष में आयोजित की गयी है।

## 4 अप्रैल से बहाल होगी रीवा-इतवारी एक्सप्रेस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



रेल प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मण्डल पर ब्रिजों के अनुरक्षण कार्य के चलते रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा एक्सप्रेस की सेवाओं को पहले निरस्त करने का निर्णय लिया गया था। अब निरस्त रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा एक्सप्रेस की सेवाएं आगामी 4 अप्रैल से बहाल रहेगी। यानि अपने नियमित समय-सारणी के अनुसार गंतव्य तक चलती रहेंगी। गाड़ी संख्या 11756 रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस दिनांक 04 अप्रैल से बहाल कर दिया गया है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11755 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवा एक्सप्रेस दिनांक 05 अप्रैल से बहाल कर दिया गया है।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**